सूर्योदय प्रात: 5:18 | सूर्यास्त संध्या 6:33 | पखवाड़ा: श्रावण कृ. प्रतिपदा, संवत 2083 | तापमान: अधिकतम 27° न्यूनतम 23°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 30 जुलाई 2026, वर्ष : 17, अंक : 166, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions





## एक झलक

### विशेष पूजा-पाठ, रुद्राभिषेक, महाआरती व प्रसाद का हुआ वितरण



**बुढ़मू :** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ठाकुरगांव स्थित साईं मंदिर में बुधवार को विशेष पूजा-पाठ, रुद्राभिषेक, महाआरती एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना कर साईं बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में आयोजित सभी धार्मिक अनुष्ठान आचार्य पंडित विनोद पाठक एवं आचार्य पंडित जटाशंकर तिवारी के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुए। कार्यक्रम में बतौर यजमान दर्शा शिवम शामिल हुईं। इस अवसर पर साईं मंदिर के सचिव डॉ. शिव कुमार तिवारी, जयंत आशुतोष तिवारी, जयकुमार पांडेय, निर्मल जयसवाल, नील लोहित, माधव जी, वैद्यनाथ ठाकुर, सुरेश ठाकुर, पवन जी सहित दर्जनों साईं भक्त उपस्थित रहे।

### बेड़ो से 21 कांवरियों का जत्था रवाना



**बेड़ो :** कांवरियां संघ बेड़ो के बैनर तले 21 कांवरियों का जत्था बुधवार को रवाना हुए।इसके पूर्व कांवरियों ने महादानी बाबा की पूजा अर्चना व आराधना कर उनके दरबार में मत्था टेका। साथ ही क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना किया। जहां विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष शशि गोप ने सभी श्रद्धालुओं को मंगलमय यात्रा शुभकामनाएं दीं। जत्था का नेतृव कर रहे सुशील भगत ने बताया कि यह जत्था मल्लिकार्जुन, तिरुपति बालाजी,रामेश्वरम, धनुषकोडी, मदुरई मीनाक्षी मंदिर, विष्णुपल्ली मंदिर, कन्याकुमारी, पद्यनाभ स्वामी मंदिर, आदियोगी मंदिर, जगन्नाथ मंदिर सुल्तान गंज, देवघर, बासुकीनाथ जाएंगे। यात्रा में दिलीप भगत, प्रदीप भगत, विजय भगत, सुखराम उरांव, रौशन उरांव, विष्णु प्रसाद गुप्ता, अजय कुमार, सुरेंद्र राम, विक्रमादित्य नाग, अनिल प्रसाद, गुड्डू गोप, विजय महतो, सुभाष महतो, दिनेश महतो, आनंद गोप, देवेंद्र महतो, प्रकाश गोप, अनुज महतो, बिहारी महतो व दिलेश्वर लोहरा शामिल है।

### गुरु पूर्णिमा पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री सत्यनारायण पूजा रुद्राभिषेक व भंडारा आयोजित



**गोला (रामगढ़) :** चित्तरंजन सेवा सदन परिसर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में बुधवार को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के साथ श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा, श्री साईं बाबा का 108 नामों से स्नान एवं नाम-जप, रुद्राभिषेक तथा भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में सुबह से ही धार्मिक वातावरण बना रहा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री सत्यनारायण भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही श्री साईं बाबा का 108 नामों से पवित्र स्नान एवं नाम-जप कराया गया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भगवान शिव का रुद्राभिषेक भी श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद एवं भंडारे का वितरण किया गया। चित्तरंजन सेवा सदन की संचालिका एवं पूजा की यजमान वंदना अम्बष्ठ ने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में प्रत्येक पूर्णिमा को नियमित रूप से श्री सत्यनारायण पूजा एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु के प्रति श्रद्धा, आस्था और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है तथा इस दिन किए गए धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष आध्यात्मिक महत्व माना जाता है।

# डीसी ने बालिका उच्च विद्यालय भुरकुंडा का किया औचक निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त ऋतुराज ने बुधवार को रिवर साइड स्थित बालिका उच्च विद्यालयभुरकुंडा का औचक निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं, शौचालयों, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति को देखते हुए उपायुक्त ने विद्यालय प्रबंधन को नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना विद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने रेल परियोजना के तहत विद्यालय में प्रतिमाह आयोजित होने वाली परीक्षाओं की समीक्षा की। साथ ही प्रोजेक्ट इंपैक्ट के अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं शैक्षणिक कार्यों का भी अवलोकन किया। समीक्षा के क्रम में कई स्तरों पर असंतोषजनक स्थिति एवं विभिन्न कमियां पाई गईं। इस पर गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने विद्यालय की प्राचार्य से स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही प्राचार्य सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं अन्य कर्मियों के वेतन पर अगले आदेश तक रोक लगाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने विद्यालय में एचडीएफसी एवं ओएनजीसी के सहयोग से स्थापित स्मार्ट क्लास का भी निरीक्षण किया। स्मार्ट क्लास का संचालन बंद पाए जाने पर उन्होंने संबंधित एजेंसियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र स्मार्ट क्लास का संचालन पुनः प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण व्यवस्था का लाभ विद्यार्थियों तक हर हाल में पहुंचना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्राओं से सीधे संवाद किया। उन्होंने छात्राओं से उनकी पढ़ाई, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, शिक्षण व्यवस्था, नियमित कक्षाओं, परीक्षा, स्मार्ट क्लास एवं अन्य विषयों की जानकारी ली। उपायुक्त ने छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और विद्यार्थियों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय में पाई गई सभी कमियों का 10 दिनों में निराकरण सुनिश्चित किया जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के हितों की अनदेखी करने वाले किसी भी स्तर के पदाधिकारी या कर्मी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## गुरु पूर्णिमा पर महर्षि वेदव्यास को किया नमन



- सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में श्रद्धाभाव से मना उत्सव, शिक्षकों का हुआ सम्मान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वेदव्यास जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष भवानी शरण सिंह, सचिव बानी कुमार राय सह सचिव यमुना प्रसाद, समिति सदस्य रविंद्र वर्मा एवं प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार ने महर्षि वेदव्यास के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर वाणी कुमार राय ने कहा कि भारत ऋषि-मुनियों की तपोभूमि है और उनके ज्ञान व आदर्शों के कारण ही देश को विश्वगुरु का सम्मान मिला। वहीं प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार ने कहा कि महर्षि वेदव्यास ने वेदों का विभाजन कर ज्ञान को जनसुलभ बनाया तथा महाभारत और 18 पुराणों की रचना कर मानवता को अमूल्य धरोहर दी। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण और कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से सभी शिक्षकों को उपहार स्वरूप विद्यालय की वेशभूषा भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रबंध समिति के पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## जनकल्याण समर्पण संस्थान ने किसानों के बीच 350 फलदार पौधों का किया वितरण



### अगस्त तक चलेगा पौधरोपण अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से गैर सरकारी संगठन जनकल्याण समर्पण संस्थान द्वारा बुधवार को सिकिदिरी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के बीच 350 फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान सिकिदिरी, दुबलाबेड़ा, हेसातु, हरातू तथा सारुबेडा के किसानों को आम, लीची, नींबू समेत विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संस्थान प्रत्येक वर्ष बड़े पैमाने पर पौधारोपण एवं फलदार पौधों का वितरण करता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पौधों का नियमित संरक्षण करें, ताकि आने वाले वर्षों में इनका लाभ परिवार और समाज दोनों को मिल सके।सुजीत कुमार ने बताया कि संस्थान का पौधारोपण अभियान पूरे अगस्त माह तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत विभिन्न गांवों में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा तथा अधिक से अधिक किसानों और ग्रामीणों को फलदार एवं छायादार पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन के दौर में पौधारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को इसमें अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के कोषाध्यक्ष रमन कुमार ने किया। उन्होंने संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक एवं पर्यावरणीय गतिविधियों की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से इस अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की अपील की।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत होगा आज नि:शुल्क पौधा वितरण

**गोला (रामगढ़) :** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से गोला के प्रतिष्ठित व्यावसायिक संस्थान कैलाश इंटरप्राइजेज, मेन रोड गोला द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत 30 जुलाई को निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्थान परिसर में होने वाले इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रतिष्ठान के प्रबंधक जयप्रकाश बुधिया एवं पंकज बुधिया ने बताया कि जिस प्रकार माँ जीवनभर अपने बच्चों का पालन-पोषण और संरक्षण करती है, उसी भावना से प्रत्येक व्यक्ति अपनी माँ के नाम एक पौधा अवश्य लगाए। आज लगाया गया पौधा भविष्य में विशाल वृक्ष बनकर माँ की तरह छाया, शुद्ध वायु और जीवनदायिनी प्रकृति का उपहार देगी। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाओ, धरती बचाओ, हरियाली ही खुशहाली है और एक पेड़, एक जीवन जैसे संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

## जर्जर विद्यालय भवन बना चिंता का विषय, बरामदे में पढ़ने को मजबूर छात्र-छात्राएं

- दो कमरे पूरी तरह क्षतिग्रस्त, बारिश में टपकती है छत
- वर्षों से मरम्मत की मांग के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई
- विभाग ने अलॉटमेंट मिलते ही कार्य शुरू कराने का दिया भरोसा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के बड़ा चागडू स्थित राजकीय मध्य विद्यालय का जर्जर भवन बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा, दोनों के लिए चिंता का विषय बन गया है। विद्यालय के दो कमरे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और उनमें कक्षाएं संचालित करना जोखिम भरा हो गया है। बरसात के दिनों में छत से लगातार पानी टपकने के कारण कक्षाओं के अंदर पढ़ाई संभव नहीं हो पाती। ऐसे में छात्र-छात्राओं को मजबूरन बरामदे में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। विद्यालय भवन की छत और दीवारों में जगह-जगह दरारें पड़ चुकी हैं। कई स्थानों पर प्लास्टर टूटकर गिर रहा है। ऐसी स्थिति में शिक्षक और बच्चे हर दिन दुर्घटना की आशंका के बीच पढ़ाई और शिक्षण कार्य करने को विवश हैं। बरामदे में कक्षाएं चलने से पढ़ाई का माहौल भी प्रभावित हो रहा है और बारिश या तेज हवा के दौरान शिक्षण कार्य बाधित हो जाता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश्वर महतो ने बताया कि वर्ष 2023 से विद्यालय भवन की मरम्मत के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को लगातार आवेदन भेजा जा रहा है, लेकिन अब तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते भवन की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए विभाग को इस दिशा में तत्काल कदम उठाना चाहिए। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा विभाग के मनोज कुमार ने बताया कि विद्यालय भवन की तस्वीरें और उसकी वर्तमान स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट जिला कार्यालय को भेज दी गई है। विद्यालय की जर्जर स्थिति से उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही भवन मरम्मत के लिए स्वीकृति एवं आवंटन प्राप्त होते ही, मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा।

## नियमित विद्यालय पहुंचेंगे विद्यार्थी, शिक्षा के प्रति बढ़ेगा उत्साह : सुधीर मंगलेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़) :** दुलमी प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दुलमी प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश एवं प्रखंड प्रसार शिक्षा मिथलेशकुमार ने छात्र-छात्राओं के बीच सरकार की योजना के तहत निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया। इस अवसर पर सुधीर मंगलेश ने कहा कि छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल उपलब्ध कराना उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे दूर-दराज के गाँवों से आने वाले विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय पहुँचने में सुविधा होगी, समय की बचत होगी तथा पढ़ाई के प्रति उनका उत्साह और बढ़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने माता-पिता, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे मजबूत आधार है और सरकार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार कार्य कर रही है। मौक पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी पंकज कुमार, प्रधानाध्यापक अश्दुला अंसारी एवं महेंद्र गंझू आदि मौजूद थे।

## भुरकुंडा के बुढ़वा महादेव मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर हुई विशेष पूजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** बुढ़वा महादेव मंदिर भुरकुंडा में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बुधवार को बाबा नरसिंह महाराज के प्रतिमा पर विशेष पुजा अर्चना कीया गया। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बाबा नरसिंह महाराज जी के गुरु चरणों में नये अंगवस्त्र देकर पुजा पाठ किया गया, साथ ही बुढ़वा महादेव सेवा एवं विकास समिति की बैठक भी किया गया।इस बैठक में सर्वसहमति से यहनिर्णय हुआ की पुरानी समिति यथावत बनी रहेंगी और पूरे एक महीने चलने वाला सावन महोत्सव धूम-धाम से मनाया जाएगा। साथ ही प्रत्येक सोमवारी पर विशेष पूजा और प्रसाद किया जाएगा। सावन माह के अंतिम में सावन पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन और विशाल भंडार का आयोजन किया जाएगा।

## 77वें वन महोत्सव में गूंजा हरित झारखंड का संकल्प



### विधायक ममता देवी ने किया पौधरोपण, हाथी पीड़ितों को बांटी मुआवजा राशि

**गोला (रामगढ़) :** रामगढ़ वन प्रमंडल द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में गोला प्रखंड के घाघरा (कोराम्बे) गांव में आयोजित 77वें वन महोत्सव का आयोजन उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने पौधारोपण कर किया और उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि स्वृक्ष केवल जीवन का आधार ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी हैं। हर व्यक्ति को एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने हरित झारखंड के निर्माण में जनसहभागिता को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण का आह्वान किया। वन महोत्सव के दौरान मानवता का संवेदनशील पक्ष भी देखने को मिला। हाथी के हमले में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को विधायक ममता देवी के हाथों मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया गया।

## सोसो कलां में सड़क की स्थिति बदहाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड क्षेत्र के गोला बोकारो मार्ग के एनएच 23 स्थित सोसो कलां गांव में कई मोहल्लों को जोड़ते हुए सरला से पतरातु जाने वाली मार्ग की जर्जर स्थिति से ग्रामीणों के लिए लगातार परेशानी का सबब बनते जा रही है। आए दिन बरसात के मौसम में यहाँ जलमग्न हो जाती है। सड़क के कई जगहों पर छोटे बड़े गड्ढे हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की निकासी जिस कलभट पुल से होता है उसमें मिट्टी और कचड़ा भर गया है जिससे लोगों के मन में हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। समय रहते अगर इसका समाधान नहीं किया गया तो स्थिति भयावह हो सकती है और लोग हादसे का शिकार हो सकते हैं। इधर आजाद मोहल्ला में पिंटू चौधरी के घर के पास लगे ट्रांसफार्मर में ग्यारह हजार का तार पहुंचा है लेकिन अभी तक बिजली का केबल घरों तक नहीं पहुंच पाया है जिसके कारण आसपास के लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं। जबकि इस संबंध में मुहल्ले के लोगों ने बताया कि बिजली विभाग के एसडीओ को एक पत्र दिया था लेकिन उसपर कोई कारवाई नहीं हुई। इन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक ममता देवी को आवेदन सौंपते हुए सड़क मरम्मती कार्य और बिजली केबल की व्यवस्था जल्द कराने की मांग की है ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## आज से सावन भक्तों के लिए सज गया महादानी बाबा का दरबार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** 30 जुलाई गुरुवार से शुरू हो रहे पवित्र सावन माह को लेकर पूरे प्रखंड में भक्ति और आस्था का माहौल है। भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक महादानी मंदिर में एक माह तक चलने वाले सावन महोत्सव की तैयारियां महादानी सत्संग कमेटी द्वारा पूरी कर ली गई हैं। मान्यता है कि यहां सच्चे दिल से मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है। इसी वजह से सावन महीने में मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। दूर-दूर से शिवभक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। शिव भक्तों की भीड़ को देखते हुए कमेटी ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग पंक्ति की व्यवस्था की गई है, ताकि जलाभिषेक में किसी को परेशानी न हो। महादानी बाबा का मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। मंदिर का द्वार पश्चिम दिशा की ओर है। यहां श्रद्धालु मन्नत मांगते हैं और उनकी मन्नतें अवश्य पूरी होती हैं। इसी कारण यह मंदिर महादानी के नाम से प्रसिद्ध है। सावन महीने में प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना होगी। मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा, मां पार्वती, मां संतोषी, राधा-कृष्ण, नंदी व बजरंगबली की भी विशेष पूजा की जाएगी।

## एकल अभियान का 05 दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग, तीसरे दिन पाठ नियोजन व भाषा ज्ञान पर सत्र



**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित विवाह मंडप में एकल अभियान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय वार्षिक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का तीसरा दिन बुधवार को संपन्न हुआ। सुबह शारीरिक सत्र में योग, आसन और वंदना गीत के बाद प्रशिक्षण शुरू हुआ। धनंजय कुमार यादव ने पाठ नियोजन विषय पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं सुषमा देवी ने भाषा ज्ञान के बारे में आचार्यों को बताया। मौके पर संच अध्यक्ष डा रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि एकल अभियान देश के सुदूरवर्ती गांवों तक शिक्षा की अलख जगाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने आचार्यों से बच्चों में राष्ट्रभक्ति, नैतिक मूल्यों और सामाजिक संस्कारों का विकास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, शिक्षित और संस्कारित समाज ही विकसित भारत की मजबूत नींव रख सकता है।

## गुरु पूर्णिमा पर गायत्री प्रज्ञापीठ में अखंड गायत्री महामंत्र जाप और दीपयज्ञ का आयोजन

**खूंटी :** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को नेताजी चौक स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ परिसर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहा। गायत्री परिवार, खूंटी शाखा के तत्वावधान में प्रातः पांच बजे से सायं पांच बजे तक अखंड गायत्री महामंत्र जाप तथा सायंकाल दीपयज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपने सद्गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरूआत संकल्प एवं गायत्री महायज्ञ से हुई। गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी बालमुकुंद कश्यप ने गुरु महिमा पर आधारित भजन प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

## वाईबीएन विश्वविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 26 यूनिट रक्त संग्रहित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** वाई.बी.एन. विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ एवं माँ कालावती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में सदर अस्पताल, रांची के सहयोग से मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में 26 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जबकि कुल 46 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान और शिविर संचालन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. पोद्दार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. दीप्ती भार्गव, उप कुलसचिव संजय तिवारी, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. आशीष सरकार, मां कालावती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रभारी प्राचार्य डॉ. भास्कर कुमार, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. आरती गुप्ता तथा एनएसएस समन्वयक डॉ. कौशल किशोर सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. पोद्दार ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकती है। युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए सदैव आगे आना चाहिए और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेवा, समर्पण और मानवता के सच्चे दूत हैं तथा ऐसे आयोजन समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारियों को और मजबूत बनाते हैं। विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रामजी यादव एवं मुख्य प्रबंध निदेशक डॉ. अंकिता यादव ने रक्तदाताओं और स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान मानवता की सर्वोत्तम सेवा है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन की रक्षा में सहभागी बनने का आह्वान किया।

## कलकत्ता पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जाना अखबार बनने का सफर, प्रिंटिंग प्रेस का किया शैक्षणिक भ्रमण

- समाचार कैसे बनता है और कैसे छपता है... छात्रों ने प्रेस में सीखीं पत्रकारिता की बारीकियां



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** समाचार कैसे तैयार होता है, उसकी सत्यता की जांच किस तरह की जाती है और फिर वह अखबार के पन्नों तक कैसे पहुंचता है—इन सभी प्रक्रियाओं को करीब से समझने के लिए कलकत्ता पब्लिक स्कूल, ओरमांझी के छात्र-छात्राओं ने झारखंड के एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचार-पत्र के कार्यालय एवं अत्याधुनिक प्रिंटिंग प्रेस का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पत्रकारिता, संपादन और अखबार छपाई की पूरी प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा। विद्यालय के निदेशक मिथिलेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में पहुंचे छात्र-छात्राओं का प्रेस प्रबंधन ने स्वागत किया। सम्मेलन कक्ष में आयोजित परिचय सत्र के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में समाचार-पत्र की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि संवाददाताओं और समाचार एजेंसियों से प्राप्त सूचनाओं की गहन जांच, तथ्य सत्यापन और संपादकीय विश्लेषण के बाद ही समाचार प्रकाशित किए जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जनसरोकार, शासन-प्रशासन, विधायिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्राथमिकता के आधार पर अखबार में स्थान दिया जाता है। इस अवसर पर छात्रों ने समाचार संकलन, संपादन, पृष्ठ सज्जा, कॉलम निर्धारण और प्रकाशन प्रक्रिया से जुड़े कई सवाल पूछे। प्रशंसा झा, अपर्णा, लक्ष्मी, जिकरा, अदिति, वंशिका, रागिनी सहित 25 से अधिक विद्यार्थियों ने पत्रकारिता से जुड़े प्रश्न रखे, जिनका अधिकारियों ने विस्तार से उत्तर दिया। विद्यालय के निदेशक मिथिलेश कुमार मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाचार-पत्र समूह द्वारा पर्यावरण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय, विकास, जनजागरूकता और नवाचार जैसे विषयों पर किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाचार-पत्र पढ़ने की आदत विद्यार्थियों के शब्द भंडार, लेखन शैली, विश्लेषण क्षमता और समसामयिक ज्ञान को समृद्ध करती है, जो भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं और व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। प्रिंटिंग प्रेस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आधुनिक मशीनों के माध्यम से अखबार छपाई की प्रक्रिया को भी देखा।

## डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर आयोजित हुआ 'गुरु वंदन' कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा-लारी, रामगढ़ के बहुउद्देशीय सभागार में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा महर्षि वेदव्यास के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । अंग वस्त्र, प्रतीक चिह्न एवं पौधा देकर मुख्य अतिथि का स्वागत-सत्कार किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय के द्वारा तथा पूनम एवं उनके समूह द्वारा प्रस्तुत मनमोहक स्वागत गीत से हुआ। इसके पश्चात प्रशिक्षुओं एवं प्रशिक्षकों द्वारा गुरु वंदन, गुरुवाणी, अमृतवाणी तथा गीत-संगीत की विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के प्राचार्य डॉ. विमल कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा भारत की प्राचीन और गौरवशाली परंपरा है, जो आदिकाल से चली आ रही है और सदैव आगे भी चलती रहेगी।

## एसआईआर-2026 का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन मांडर विधानसभा ने हासिल की उपलब्धि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 अभियान के तहत मांडर विधानसभा ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 29 जुलाई, बुधवार को मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण कार्य पूरा कर लिया गया। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित सभी चरणों का समयबद्ध तरीके से सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। इस उपलब्धि पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बीएलओ और बूथ स्तरीय अभिकताओं समेत अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मियों योगदान रहा। निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और शुचिता बनाए रखने में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बेहतर समन्वय, सतत निगरानी और समर्पित प्रयासों के कारण तय समय से लक्ष्य हासिल किया जा सका। एसआईआर-2026 के अगले चरण के अनुसार 5 अगस्त 2026 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 5 अगस्त से 4 सितंबर 2026 दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी 3 अक्टूबर 2026 तक दावे आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण 7 अक्टूबर 2026 अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।



सूर्योदय प्रातः 5:18 | सूर्यास्त संध्या 6:33 | पखवाड़ा श्रावण कृ. प्रतिपदा, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 27° न्यूनतम 23°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, गुरुवार, 30 जुलाई 2026, वर्ष : 17, अंक : 166, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,654.60 | 888.68 (1.16%) |
| निफ्टी | 24,250.20 | 264.85 (1.10%) |

**सर्राफा बाजार** प्रति 10 ग्राम

| | | |
|---|---|---|
| 24 carat सोना | 1,40,330.00 | |
| चांदी | 2350.00 | |

## एक झलक

### संयुक्त तलाशी अभियान में हथियार व गोला-बारूद बरामद

**कुलगाम** : सुरक्षा बलों ने बुधवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम ज़िले के तंत्रिपोरा-सुरसनू बाग इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद बरामद किये। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली खास जानकारी के आधार पर कुलगाम पुलिस, 34 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ की 18वीं बटालियन ने तंत्रिपोरा-सुरसनू बागों में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान संयुक्त टीम ने इलाके से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। बरामद सामान को जब्त कर लिया गया है और आगे की जांच शुरू कर दी गयी है।

### इंडिगो विमान 44 मिनट तक हवा में मंडराता रहा

- **तेज बारिश और तेज हवा के चलते पहली लैंडिंग टली**
- **दूसरी कोशिश में 120 यात्रियों के साथ सुरक्षित उतरा विमान**

**जयपुर** : हैदराबाद से जयपुर आ रही इंडिगो की एक उड़ान को बुधवार को खराब मौसम के कारण करीब 44 मिनट तक जयपुर के आसमान में चक्कर लगाने पड़े। तेज बारिश और तेज हवाओं के कारण विमान रनवे के करीब पहुंचने के बावजूद सुरक्षित लैंडिंग नहीं कर सका। पायलट ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गो-अराउंड प्रक्रिया अपनाई और विमान को दोबारा ऊंचाई पर ले गए। बाद में मौसम में सुधार होने पर विमान को सुरक्षित उतार लिया गया। विमान में लगभग 120 यात्री सवार थे। इंडिगो की फ्लाइट 6ई-913 दोपहर करीब 1:45 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर उतरने वाली थी। पायलट ने निर्धारित समय पर लैंडिंग की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन एयरपोर्ट के आसपास अचानक मौसम खराब हो गया। तेज बारिश और तेज क्रॉस विंड के कारण लैंडिंग के लिए अनुकूल परिस्थितियां नहीं बनने पर विमान को दोबारा उड़ान भरनी पड़ी। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के निर्देश पर विमान को जयपुर के आसपास होल्डिंग पैटर्न में रखा गया, जहां वह लगभग 44 मिनट तक चक्कर लगाता रहा।

### पत्नी की हत्या करनेवाले पति को आजीवन कारावास

**दुमका** : द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश कुमार सिन्हा की अदालत ने बुधवार को चार साल पहले तीन बच्चों की मां की हत्या कर शव को खेत में फेंक देने वाले विनोद दास को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने अभियुक्त पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

## कार्टून कोना




## लोकसभा में फिर हुआ शोर-शराबा

# पेपर लीक रोकथाम के निमित्त संशोधन विधेयक पारित

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : लोकसभा में पेपर लीक से जुड़े मामलों में मौजूदा कानून को अधिक कठोर किया जानेवाला संशोधन विधेयक शोर-शराबे के बीच बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि उन्हें आशा थी कि सकारात्मक सुझाव प्राप्त होंगे, लेकिन इस विषय पर राजनीति करने का प्रयास किया गया।

डॉ. सिंह ने लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक-2026 पर कल से शुरू हुई चर्चा पर आज जवाब दिया। विधेयक के पारित होने के बाद लोकसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गयी। डॉ सिंह ने बताया कि सदन में इस विधेयक पर अनेक सदस्यों ने अपने सुझाव दिये। लगभग 40 से 45 वक्ताओं ने चर्चा में भाग लिया और विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। हालांकि, उन्हें नेता प्रतिपक्ष के व्यवहार पर हैरानी हुई। उन्होंने कहा, 'हमें नेता प्रतिपक्ष के व्यवहार पर हैरानी है। उन्होंने जिन अपशब्दों का इस्तेमाल किया, वे न केवल संसदीय मयार्दा के विरुद्ध हैं, ● शेष पृष्ठ 11 पर




### लोकसभा में पेश हुआ जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन विधेयक, रिकॉर्ड होंगे डिजिटल

**लोकसभा** में बुधवार को जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया गया। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विपक्ष के हंगामे के बीच यह बिल सदन में रखा। इस विधेयक का उद्देश्य देशभर में जन्म और मृत्यु के रिकॉर्ड को डिजिटल करना और फर्जी दस्तावेजों पर रोक लगाना है। नये प्रावधानों के तहत जन्म और मृत्यु के पंजीकरण में देरी पर सख्त नियम लागू होंगे। यदि रजिस्ट्रेशन कराने में एक से दो साल की देरी होती है, तो जिला मजिस्ट्रेट, उप-मंडल मजिस्ट्रेट या कार्यकारी मजिस्ट्रेट की लिखित मंजूरी अनिवार्य होगी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

**राहुल गांधी के भाषण पर दो बार हंगामा**

### अमित शाह पर आरोप से सत्ता पक्ष भड़का

**लोकसभा** में एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाषण पर दो बार हंगामा हुआ। पहली बार तब जब उन्होंने 'इडियट' और 'अंधभक्त' शब्द का इस्तेमाल किया और दूसरी बार तब जब उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर छात्रों पर पैलेट गन इस्तेमाल करने की अनुमति देने का आरोप लगाया। दोनों ही मौकों पर सत्ता पक्ष ने कड़ा विरोध जताया और सदन में शोर-शराबा हुआ। राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरूआत ● शेष पृष्ठ 11 पर

### कांग्रेस शासनकाल में लगातार संकट में रहा छात्रों का भविष्य : अनुराग



**पूर्व** केन्द्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर छात्रों के मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में छात्रों का भविष्य लगातार संकट में रहा है। यहां तक कि कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान छात्रों को जेल भेजा और उन पर लाठियां भी चलवायीं। अनुराग ठाकुर ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस छात्रों के मुद्दे पर केवल राजनीति कर रही है। उन्होंने राजस्थान में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल का उल्लेख कर कहा कि पांच वर्षों में 19 में से 17 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए, लेकिन ● शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग के अद्यतन कार्यों एवं योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की

# रांची में बनेंगे तीन नये स्मार्ट ग्रिड, विद्युत व्यवस्था होगी और अधिक सुदृढ़ : हेमन्त



- मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सभी पात्र उपभोक्ताओं को 200 यूनिट नि:शुल्क बिजली का लाभ सुनिश्चित किया जाये
- मुख्यमंत्री ने 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिये निर्देश, ऊर्जा क्षेत्र को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा फैसला

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में ऊर्जा विभाग के अद्यतन कार्यों एवं योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ बिजली उपलब्ध करायें। यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र राज्य के आर्थिक, औद्योगिक एवं सामाजिक विकास का महत्त्वपूर्ण आधार है, इसलिए बिजली उत्पादन, संचरण एवं वितरण व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, सुदृढ़ एवं जनोन्मुखी बनाया जाये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये तथा बिजली कटौती एवं अन्य समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रभावी व्यवस्था विकसित की जाये। उन्होंने कहा कि बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को देखते हुए विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि, ट्रांसमिशन नेटवर्क के विस्तार तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण एवं दूरस्थ इलाकों तक भी निर्बाध बिजली पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने ऊर्जा विभाग को जनहित को सर्वोपरि रखते हुए सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बिजली कटौती से सम्बन्धित शिकायतों का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाये तथा उपभोक्ताओं को उनकी आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर जलने की स्थिति में 24 घंटे के भीतर नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाना चाहिए, ● शेष पृष्ठ 11 पर

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- झारखंड में जलविद्युत, फ्लोटिंग सोलर एवं रूफटॉप सोलर परियोजनाओं को मिलेगी रफ्तार, ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में होगा कार्य
- ऊर्जा विभाग में रिक्त पदों पर जल्द होगी नियुक्ति
- हर घर तक निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता

### अमेरिका में भारतीय एच-1बी वीजा धारकों के लिए राहत की उम्मीद

एजेंसी

**वॉशिंगटन** : अमेरिका में लंबे समय से ग्रीन कार्ड का इंतजार कर रहे हजारों भारतीय पेशेवरों के लिए राहत भरी खबर सामने आयी है। अमेरिकी सीनेट में एक नया विधेयक पेश किया गया है, जिसके कानून बनने पर एच-1बी वीजा धारकों सहित लंबे समय से अमेरिका में रह रहे योग्य प्रवासियों के लिए ग्रीन कार्ड हासिल करने का रास्ता आसान हो सकता है। यह प्रस्ताव विशेष रूप से उन भारतीय पेशेवरों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो वर्षों से रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड की लंबी प्रतीक्षा सूची में हैं। यह विधेयक कैलिफोर्निया से सीनेटर एलेक्स पडिला ने पेश किया है। प्रस्ताव के अनुसार, जो विदेशी नागरिक कम से कम सात वर्षों से लगातार अमेरिका में रह रहे हैं, उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और वे अन्य पात्रता शर्तें पूरी करते हैं, उन्हें स्थायी निवास यानी ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने का अवसर मिल सकता है। इससे भारतीय मूल के लाखों कुशल पेशेवरों को सबसे अधिक लाभ मिलने की संभावना जतायी जा रही है।

### पूर्व पीएम मनमोहन कोयला आवंटन केस में बरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह को कोयला ब्लॉक आवंटन मामले में औपचारिक रूप से बरी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने 2015 के उस ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद्द किया, जिसमें उन्हें एक आरोपी के तौर पर तलब किया था, जबकि केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दो बार क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर उन पर मुकदमा चलाने का कोई ठोस कारण नहीं बताया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी मोहना की बेंच का आदेश पूर्व पीएम सिंह को मरणोपरांत कानूनी रूप से सही ठहराता है। दिसंबर 2024 में उनके निधन के बावजूद, समन जारी करने के आदेश के खिलाफ उनकी अपील एक दशक से अधिक समय से सुप्रीम कोर्ट में लंबित थी। सुप्रीम कोर्ट बेंच ने माना कि हालांकि सिंह के निधन के कारण अपील तकनीकी रूप से बेअसर हुई थी, फिर भी ट्रायल कोर्ट के फैसले की कानूनी वैधता की जांच करना जरूरी था। विशेषकर इसलिए, क्योंकि जांच एजेंसी के दो बार यह निष्कर्ष निकालने के बावजूद कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला नहीं बनता है, पूर्व प्रधानमंत्री को समन जारी किया गया था। पीठ ने कहा कि जांच एजेंसी की रिपोर्ट स्वीकार करने के मामलों में लगातार स्थापित मानदंडों को देखते हुए, अदालत संतुष्ट है कि विशेष न्यायाधीश के पास सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को खारिज करने और मामले का संज्ञान लेने का कोई ठोस कारण नहीं था।



ट्रायल कोर्ट का समन निरस्त

### रेत माफिया पर बड़ी कार्रवाई, 5.5 करोड़ नकद व 15 किलो सोना बरामद

एजेंसी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल में अवैध रेत खनन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित रेत माफिया टुल्लू मंडल उर्फ मोहम्मद नजीबुद्दीन के ठिकाने पर छापेमारी की। यह कार्रवाई बीरभूम जिले के मोहम्मद बाजार थाना क्षेत्र में खुफिया सूचना के आधार पर की गयी। छापे के दौरान अब तक 5.5 करोड़ रुपये नकद और 15 किलोग्राम सोना बरामद किया गया है। नकदी की गिनती अभी भी जारी है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई अवैध रेत खनन और उससे जुड़े आर्थिक नेटवर्क पर शिकंजा कसने के अभियान का हिस्सा है। जांच एजेंसियां बरामद नकदी और सोने के स्रोत का पता लगाने में जुटी हैं। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि अवैध खनन से जुड़े इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। मुख्यमंत्री सुवेन्दु अधिकारी ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए सामाजिक मंच एक्स पर पश्चिम बंगाल पुलिस, पुलिस महानिदेशक, बीरभूम के पुलिस अधीक्षक और पूरी जिला पुलिस टीम की प्रशंसा की।

# झारखंड शराब प्रकरण में एसीबी की जांच तेज

- **टेंडर, बैंक गारंटी और सरकारी राजस्व तक ; हर कड़ी की पड़ताल**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), झारखंड द्वारा राज्य की उत्पाद नीति, शराब आपूर्ति व्यवस्था, खरइउछ से संबंधित प्रक्रियाओं तथा उनसे जुड़ी कथित वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की जांच जारी है। जांच को आगे बढ़ाते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के मुताबिक महत्वपूर्ण अधिकारियों एवं सम्बन्धित व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है।

ब्यूरो के अनुसार जांच के दौरान पूर्व में दर्ज बयानों, उपलब्ध साक्ष्यों का आपस में मिलान किया जा रहा है। आवश्यकता के अनुसार संबंधित व्यक्तियों को पुनः बुलाकर स्पष्टीकरण लिया जा रहा है।

जांच के क्रम में निम्नलिखित अधिकारियों को 04 अगस्त 2026 को अउइ के समक्ष उपस्थित होने हेतु समन जारी किया गया है।

- गजेन्द्र सिंह, तत्कालीन संयुक्त आयुक्त, उत्पाद विभाग
- सुधीर कुमार दास, तत्कालीन महाप्रबंधक (वित्त), JSBCL
- अमित प्रकाश, तत्कालीन उत्पाद आयुक्त

इन अधिकारियों से पूर्व में दर्ज बयानों एवं उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर आवश्यक स्पष्टीकरण लिया जायेगा। एसीबी टेंडर प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रहा है। ● शेष पृष्ठ 11 पर



### मीनाक्षी मंदिर की 60 करोड़ की जमीन पर धोखाधड़ी

**सीसीबी ने दर्ज की एफआईआर**

**मदुरै** : अरुलमिगु मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर ट्रस्ट से जुड़ी करीब 60 करोड़ रुपये की 1.79 एकड़ जमीन पर कथित फजीवाड़े के मामले में सिटी सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने एफआईआर दर्ज की है। यह मामला जमीन के गैर-कानूनी रजिस्ट्रेशन, ट्रांसफर और गिरवी रखने से जुड़ा है। मंदिर के संयुक्त आयुक्त सेल्लाथुरई और अराप्पोर इयक्कम ने शिकायत दर्ज करायी है। शिकायत के अनुसार, 1930 में पंजीकृत एक वसीयत में स्पष्ट कहा गया था कि सैदापेट में अशोक विलास बंगला और उसका बगीचा मंदिर और अलागार मंदिर की सेवा के लिए बनाये गये चैरिटेबल ट्रस्ट की संपत्ति है।

### आइशी घोष को हिरासत में लेने के प्रयास पर राज्यसभा में हंगामा

- विपक्ष ने लोकतंत्र पर हमला बताया, नड्डा बोले : सामान्य कार्रवाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की छात्र नेता और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ (जेएनयूएसयू) की पूर्व अध्यक्ष आइशी घोष को हिरासत में लेने के दिल्ली पुलिस के कथित प्रयास को लेकर बुधवार को राज्यसभा में विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। विपक्ष ने इसे लोकतंत्र पर हमला करार दिया, जबकि सरकार ने इसे सामान्य कानून-व्यवस्था से जुड़ी कार्रवाई बताते हुए विपक्ष पर मामले के राजनीतिकरण का आरोप लगाया। माकपा सांसद जॉन ब्रिटास ने सदन में यह मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि मंगलवार को दिल्ली पुलिस के कुछ कर्मी पार्टी मुख्यालय एकेजी भवन में आइशी घोष को गिरफ्तार करने के उद्देश्य से पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने बताया कि वह वर्ष 2021 में जेएनयू परिसर में हुए एक प्रदर्शन से जुड़े मामले में कार्रवाई कर रही है। ब्रिटास ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी बिना वर्दी के पार्टी कार्यालय में दाखिल हुए और इसका उद्देश्य भय का माहौल बनाना था। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने ब्रिटास का समर्थन करते हुए कहा कि यदि किसी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दल के कार्यालय में पुलिस और केन्द्रीय एजेंसियों के अधिकारी बिना उचित वारंट के किसी को गिरफ्तार करने के लिए प्रवेश करते हैं, तो यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक स्थिति है।



# 'ऑपरेशन दौरा पहाड़' के तहत हुई 2.20 करोड़ के इनामी सहित पांच नक्सलियों की गिरफ्तारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : झारखंड पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों ने नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए भाकपा (माओवादी) के एकमात्र सक्रिय पोलित ब्यूरो सदस्य तथा 2.20 करोड़ रुपये के इनामी शीर्ष नक्सली मिसिर बेसरा उर्फ सागर उर्फ भास्कर उर्फ सुर्निमल को गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथ संगठन के चार अन्य सक्रिय सदस्यों को भी पकड़ा गया है। संयुक्त अभियान के दौरान उनके कब्जे से तीन एके-47 राइफल, आठ मैगजीन और 288 जिंदा कारतूस बरामद किये गये हैं।

यह कार्रवाई 28 जुलाई की देर शाम धनबाद जिले के बरवड्डा थाना क्षेत्र के जंगलों में चलाये गएये संयुक्त अभियान 'ऑपरेशन दौरा पहाड़' के तहत की गयी। अभियान में धनबाद और गिरिडीह जिला पुलिस के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 209 कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे। मिसिर बेसरा पर झारखंड सरकार ने एक करोड़ रुपये और ओडिशा सरकार ने 1.20 करोड़ रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

पुलिस मुख्यालय में बुधवार को आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा, महानिरीक्षक (आईजी) अभियान नरेन्द्र सिंह, आईजी साकेत सिंह, आईजी अनूप बिरथरे, उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) इंद्रजीत महथा, धनबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभात रंजन और पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी।

### तीन एके-47 समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद



अधिकारियों ने बताया कि मिसिर बेसरा के साथ संगठन के रीजनल कमेटी सदस्य (आरसीएम) तथा 15 लाख रुपये के इनामी मेहनत उर्फ मोछू उर्फ विभीषण, एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) गौरव उर्फ बिरेंद्र हांसदा उर्फ सौरभ और संगठन के दो अन्य सदस्य मंगल मुर्मू तथा दिनेश राय को भी गिरफ्तार किया गया है। सभी के कब्जे से तीन एके-47 राइफल, आठ मैगजीन और 288 जिंदा कारतूस बरामद किये गये हैं।

पुलिस के अनुसार, मिसिर बेसरा पिछले तीन दशक से अधिक समय से झारखंड, ओडिशा, बिहार तथा अन्य राज्यों में माओवादी गतिविधियों का संचालन कर रहा था। उसके खिलाफ विभिन्न राज्यों में 175 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह संगठन की रणनीति तैयार करने, शीर्ष नेतृत्व का संचालन करने और कई बड़े नक्सली हमलों की साजिश रचने में प्रमुख भूमिका निभाता रहा है।

पुलिस ने बताया कि मिसिर बेसरा पर वर्ष 2001 में हजारीबाग के चुरचू में सीआरपीएफ के 12 जवानों की हत्या, धनबाद के तोपचांची में 13 पुलिसकर्मियों की हत्या, पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर में पुलिस बल पर हमला, बोकारो के चंद्रपुरा रेल थाना पर हमला, गिरिडीह होमगार्ड शस्त्रागार से 186 रायफल की लूट, जहानाबाद जेल ब्रेक, वर्ष 2018 की कुचाई मुठभेड़, वर्ष 2022 में पूर्व विधायक गुरुचरण नायक के अंगरक्षकों की हत्या, वर्ष 2023 में विस्फोटक भंडार की लूट, चाईबासा और गोइलकेरा क्षेत्र की कई मुठभेड़ों तथा वर्ष 2025 में आईईडी विस्फोट सहित अनेक बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

पुलिस का मानना है कि बरामद हथियारों का इस्तेमाल भविष्य में बड़ी नक्सली घटनाओं को अंजाम देने की तैयारी में किया जा रहा था। इन हथियारों ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### रोजगार नहीं तो धरना, आन्दोलन को देंगे समर्थन : कुंज बिहारी साव

**बड़कागांव :** बड़कागांव और केरेडारी क्षेत्र में संचालित बड़ी कंपनियों द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं दिए जाने का मुद्दा फिर गरमा गया है। लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी कुंज बिहारी साव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सीसीएल, चंद्रगुप्त परियोजना, एनटीपीसी और एनएमडीसी जैसी कंपनियां वर्षों से क्षेत्र के संसाधनों का उपयोग कर रही हैं, लेकिन स्थानीय युवाओं को रोजगार देने में गंभीरता नहीं दिखा रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि अगले 10 दिनों के भीतर कंपनियां स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस पहल नहीं करती हैं तो वे युवाओं के प्रस्तावित धरना-आंदोलन का खुलकर समर्थन करेंगे और स्वयं भी उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। ऐसा नहीं होने पर व्यापक जनआंदोलन छेड़ा जायेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित कंपनियों की होगी।

### सरयू साव ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा, उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के विभिन्न उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर विष्णुगढ़ के उपप्रमुख सरयु साव ने उपायुक्त हजारीबाग को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि प्रखंड के कई विद्यालय पूरी तरह शिक्षकविहीन हैं, जिससे सैकड़ों छात्र-छात्राओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उपायुक्त को दिए गए आवेदन में बताया गया है कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय भेलवारा, उच्चाघाना, मड़मो एवं गाल्होबार में एक भी शिक्षक पदस्थापित नहीं है। वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय खरना में 198 छात्रों के लिए मात्र एक शिक्षक तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोविंदपुर में 478 छात्रों पर केवल तीन शिक्षक कार्यरत हैं। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना संभव नहीं हो पा रहा है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालय शिक्षकविहीन हैं, वहीं जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर की परिधि में स्थित सरकारी विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात के अनुरूप पर्याप्त संख्या में शिक्षक कार्यरत हैं। उदाहरण देते हुए कहा गया है कि जिला स्कूल हजारीबाग में लगभग 500 छात्रों पर 45 शिक्षक कार्यरत हैं। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच दोहरी नीति बताते हुए तत्काल सुधार की मांग की गई है। उपप्रमुख सरयु साव ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि विद्यार्थियों के पठन-पाठन को सुव्यवस्थित करने तथा उनके भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए उक्त सभी उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में जल्द से जल्द शिक्षकों की बहाली एवं पदस्थापन सुनिश्चित किया जाये। इस आवेदन का विष्णुगढ़ पश्चिमी जिला परिषद सदस्य तथा गोविंदपुर पंचायत की मुखिया ने भी शिक्षकों की कमी दूर करने की मांग का समर्थन किया है।

### 90 आवेदकों को ऑन-द-स्पॉट मिला लर्निंग लाइसेंस

**दारू (हजारीबाग) :** दारू प्रखंड परिसर में बुधवार को हजारीबाग जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) संतोष कुमार चौधरी के नेतृत्व में ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को उनके क्षेत्र में ही लर्निंग लाइसेंस की सुविधा उपलब्ध कराना था। पूर्व निर्धारित निर्देश के अनुसार जिन आवेदकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था, उन्होंने प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से आधार कार्ड, पैन कार्ड, ब्लड ग्रुप सहित आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन किया। इसके बाद शिविर में उनकी प्रक्रिया पूरी कर ऑन-द-स्पॉट लर्निंग लाइसेंस जारी किया गया। डीटीओ संतोष कुमार चौधरी ने लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को जिला मुख्यालय जाने की परेशानी से राहत मिलती है। उन्होंने बताया कि शिविर में कुल 110 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 90 आवेदकों को मौके पर ही लर्निंग लाइसेंस वितरित किया गया। शेष 20 आवेदकों का लर्निंग लाइसेंस गुरुवार को प्रखंड कार्यालय से प्रदान किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि लर्निंग लाइसेंस जारी होने के लगभग एक माह बाद आवेदकों के मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त होगा। इसके बाद उन्हें हजारीबाग जिला परिवहन कार्यालय जाकर स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। दोपहिया एवं चारपहिया दोनों श्रेणी के लाइसेंस के लिए 1,000 तथा केवल एक श्रेणी के वाहन के लिए 700 का चालान जमा करना होगा। इसके बाद निर्धारित ड्राइविंग टेस्ट एवं अन्य औपचारिकताएं पूरी की जायेंगी।

## उपायुक्त ने बीज, यूरिया एवं डीएपी बिक्री केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

# अधिक मूल्य पर बिक्री व गुणवत्ता में अनियमितता पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमंत सती ने बुधवार को कालीबाड़ी मार्ग स्थित विभिन्न बीज, यूरिया एवं डीएपी बिक्री केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के आलोक में यह कार्रवाई की गई, जिनमें यूरिया, डीएपी एवं पोटाश की कालाबाजारी तथा सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री की सूचना मिली थी। खरीफ फसली मौसम को देखते हुए किसानों को उर्वरक एवं बीज की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने ट/र उर्वरा, जगदम्बा ट्रेडर्स एवं पूजा ट्रेडर्स सहित कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित प्रतिष्ठानों के लाइसेंस, स्टॉक एवं बिक्री पंजी, यूरिया की ओपनिंग स्टॉक, उपलब्ध यूरिया बैगों की संख्या, बिक्री रजिस्टर तथा सरकार द्वारा निर्धारित दर पर उर्वरकों की बिक्री की विस्तार से जांच की। साथ ही उर्वरकों की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने स्थानीय खुदरा विक्रेताओं एवं संबंधित लोगों से बातचीत की। जांच में यह जानकारी सामने आई कि सरकार द्वारा निर्धारित 266 रुपये प्रति बोरा की दर वाला यूरिया 360 रुपये प्रति बोरा तक बेचा जा रहा है तथा डीएपी भी निर्धारित मूल्य से अधिक दर, लगभग 1,850 रुपये प्रति बोरा, पर बेचे जाने की शिकायत मिली। इस पर उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को जिले के सभी गोदामों एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं की व्यापक जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरकों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान ट/र उर्वरा प्रतिष्ठान में अधिक दर पर यूरिया एवं डीएपी की बिक्री की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित प्रतिष्ठान को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया तथा दोष सिद्ध होने पर लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से उर्वरकों पर सब्सिडी देती है, इसलिए किसी भी स्तर पर कालाबाजारी या मुनाफाखोरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जांच के दौरान उपायुक्त ने स्वयं निरीक्षण में पाया कि उपलब्ध यूरिया नीम-कोटेड प्रतीत नहीं हो रहा था। इस पर उन्होंने तत्काल उर्वरक का नमूना संग्रहित कर प्रयोगशाला में गुणवत्ता परीक्षण कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित प्रतिष्ठानों से पीओएस मशीन के माध्यम से की गई बिक्री का विस्तृत विवरण तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि वास्तविक बिक्री एवं स्टॉक का मिलान कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराना अनिवार्य है। यदि कोई भी विक्रेता कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

## डीएवी स्कूल की नौवीं के छात्र की डूबने से मौत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जगदीशपुर स्थित भेलवाटांड़ जंगल (भोलुआ पोखर, सिंघानी) में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में डीएवी पब्लिक स्कूल, हजारीबाग के नौवीं कक्षा के छात्र हिमांशु राज (15 वर्ष) की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे परिवार, विद्यालय तथा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं, इस मामले को लेकर परिजनों ने निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। मृतक हिमांशु राज, धर्मेंद्र कुमार का पुत्र था। धर्मेंद्र कुमार झारखंड पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं और वर्तमान में कोडरमा में पदस्थापित हैं। परिवार हजारीबाग के नूतन नगर में रहता है, जबकि उनका मूल निवास कटकमदाग प्रखंड के ग्राम पसई में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिमांशु बुधवार सुबह घर से स्कूल वैन पकड़कर डीएवी पब्लिक स्कूल जाने के लिए निकला था। इसी बीच परिजनों को सूचना मिली कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भोलुआ पोखर, सिंघानी में उसका शव मिला है। बताया जा रहा है कि वह अपने कुछ मित्रों के साथ वहां गया था। आशंका है कि तालाब में नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद उसके साथ गए कुछ मित्र वहां से चले गए। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी मुकेश कुमार

## ट्रैक्टर व बोलेरो की टक्कर में नौ लोग घायल, चार की हालत गम्भीर

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के कोनार डैम में मंगलवार रात ट्रैक्टर एवं बोलेरो की आमने-सामने हुई टक्कर में बोलेरो में नौ लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए । इस हादसे में घायल सभी प्रेमचंद महतो, चुरामन महतो, धनेश्वर महतो, मुकेश महतो, दीपक महतो, विशेश्वर महतो, चिंतामणी महतो तथा महेंद्र महतो एवं सैनाथ महतो बोलेरो में सवार थे। जिनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। विष्णुगढ़ सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद सभी घायलों बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। बताते है कि बोलेरो चालक प्रेमचंद महतो सहित उसमें सवार सभी लोग बगोदर के सोना पहाड़ी से पूजा कर अपने घर गांव चिलगो के तिलैया लौट रहे थे। इसी दौरान कोनार डैम में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर से बोलेरो का टक्कर हो गया। इस जोरदार टक्कर से बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## हजारीबाग को हवाई उड़ान से जोड़ने को लेकर संवेदनशील हैं सांसद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** उत्तर झारखंड को विकास की नई उड़ान देने की दिशा में हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से मुलाकात कर हजारीबाग में आधुनिक एयरपोर्ट निर्माण की मांग को जोरदार ढंग से उठाया और उन्हें इस क्षेत्र के लोगों को जनभावना से अवगत कराया। सांसद मनीष जायसवाल ने मंत्री को विस्तृत पत्र सौंपते हुए कहा कि हजारीबाग जैसे तेजी से विकसित हो रहे जिले का अब तक हवाई संपर्क से वंचित रहना क्षेत्र के विकास में बड़ी बाधा है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, व्यापार और पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन चुका है। राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़े इस क्षेत्र में बड़े औद्योगिक निवेश की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन एयरपोर्ट नहीं होने के कारण निवेशकों, उद्योगपतियों, व्यवसायियों, छात्रों, मरीजों और आम नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से आग्रह किया कि केंद्र सरकार झारखंड सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर हजारीबाग एयरपोर्ट निर्माण की दिशा में जल्द सकारात्मक पहल करे, ताकि वर्षों से लंबित यह महत्वपूर्ण परियोजना शीघ्र धरातल पर उतर सके। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू को झारखंड आने का विशेष निमंत्रण भी दिया। उन्होंने कहा कि आप झारखंड आइए, हम साथ चलकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे और हजारीबाग में वर्षों से लंबित एयरपोर्ट निर्माण की मांग को मिलकर धरातल पर उतारने का प्रयास करेंगे। सांसद मनीष जायसवाल ने विश्वास जताया कि यदि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर समन्वय के साथ कार्य करें तो हजारीबाग को जल्द ही हवाई सेवा की सौगात मिल सकती है। हजारीबाग में एयरपोर्ट बनने से हजारीबाग के साथ ही रामगढ़, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह एवं उत्तर झारखंड के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, नए उद्योग स्थापित होंगे, निवेश के अवसर बढ़ेंगे और युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। ज्ञात हो कि हजारीबाग की जनता लंबे समय से एयरपोर्ट निर्माण की मांग कर रही है। सांसद मनीष जायसवाल की इस पहल से लोगों की उम्मीदें एक बार फिर बढ़ गई हैं। अब सबकी निगाहें केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों पर टिकी हैं कि आखिर कब हजारीबाग को हवाई उड़ान का सपना साकार होता है।

## मनीष जायसवाल की अनुशंसा पर बीएसएनएल दूरसंचार सलाहकार समिति में पांच सदस्यों का नामांकन स्वीकृत

**हजारीबाग :** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा अनुशंसित नामों में से पांच व्यक्तियों को बीएसएनएल दूरसंचार सलाहकार समिति (टेलीकॉम एडवाइजरी कमिटी-टीएसी) का सदस्य नामित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में मंत्रालय की ओर से 27 जुलाई 2026 को आधिकारिक पत्र जारी किया गया। मंत्रालय के पत्र के अनुसार सांसद मनीष जायसवाल ने अपने लोकसभा क्षेत्र से योग्य व्यक्तियों के नाम समिति के लिए भेजे थे। विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप उनकी अनुशंसा पर पांच सदस्यों का चयन कर उन्हें टीएसी सदस्य के रूप में नामित किया गया है। नामित सदस्यों में रामगढ़ जिले के भुरकुंडा मंडल निवासी योगेश कुमार दांगी, घाटो मंडल के निवासी रणधीर कुमार सिंह और हजारीबाग जिले के चौपारण मंडल निवासी राजेंद्र कुमार चंद्रवंशी (सिंह), पदमा मंडल निवासी सुरेंद्र प्रसाद करौंच और केरेडारी मंडल निवासी महेंद्र कुमार सिंह शामिल हैं।

## अदाणी फाउंडेशन का कौशल विकास अभियान बना युवाओं की सफलता की नयी पहचान

# 53 युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग) :** अदाणी फाउंडेशन की ओर से गोंदुलपारा खनन परियोजना के अंतर्गत परियोजना प्रभावित गांवों के युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार सार्थक पहल की जा रही है। फाउंडेशन का उद्देश्य स्थानीय युवाओं और महिलाओं को रोजगार योग्य बनाकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना तथा क्षेत्र में सतत सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में कौशल विकास, रोजगार सृजन और आजीविका संवर्धन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं। अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर के माध्यम से संचालित डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत अब तक 510 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें से 53 युवाओं को विभिन्न निजी कंपनियों में रोजगार प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि स्थानीय युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने की दिशा में फाउंडेशन के निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। वहीं, बेल्टफोर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित 40 युवाओं में से 7 युवाओं ने सरकारी नौकरियों में सफलता हासिल की है। यह कार्यक्रम युवाओं को रक्षा एवं अन्य सरकारी सेवाओं में करियर बनाने के लिए तैयार करने में प्रभावी साबित हो रहा है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। तीन महिला अभ्यर्थियों ने फायर फाइटिंग प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया, जिससे उनके तकनीकी कौशल और रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त परियोजना प्रभावित परिवारों के 6 युवाओं को सिंगरौली में सुरक्षा गार्ड के रूप में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। वहीं 02 युवाओं को राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला, जिससे उनके पेशेवर कौशल में और अधिक निखार आया।

## दक्षिण कोरिया में प्रदर्शित हुई हजारीबाग जिला के कलाकार माणिकचंद महतो की सोहराय पेंटिंग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही :** हजारीबाग जिले के जोराकाठ गांव के युवा लोक कलाकार माणिकचंद महतो की पारंपरिक सोहराय पेंटिंग का चयन दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी "Treasure Island of Color: Indian Folk Paintings from the Sacred Wall to the Canvas" में हुआ है। यह प्रदर्शनी 20 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक आयोजित की जा रही है। इस प्रदर्शनी में भारत के विभिन्न राज्यों के चुनिंदा लोक कलाकारों की कृतियों के साथ माणिकचंद महतो की सोहराय कला भी प्रदर्शित की गई है। यह उपलब्धि न केवल माणिकचंद महतो, बल्कि हजारीबाग, झारखंड और भारत की पारंपरिक सोहराय कला के लिए भी गर्व का विषय है। माणिकचंद महतो ने कहा कि उनका उद्देश्य सोहराय कला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना तथा आने वाली पीढ़ियों तक इस विरासत को पहुंचाना है।

## एसडीओ के नेतृत्व में टोल प्लाजा पर चला अतिक्रमण मुक्त अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से लगातार मिल रही शिकायत के बाद बरही एसडीओ जोहन टुडू ने बुधवार को रसोईया धमना टोल प्लाजा के समीप किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाया। टोल प्लाजा के आस-पास अवैध रूप से दुकानें, ठेला- खोमचा और अस्थायी निर्माण कराए जाने की शिकायत काफी दिनों से मिल रही थी। वहीं, अतिक्रमण से वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। साथ ही टोल पर अनावश्यक भीड़ जुट जाती थी। एसडीओ ने बताया कि हाइवे की पटरियों पर अतिक्रमण यातायात के लिए खतरा है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी। अतिक्रमण हटने के बाद टोल के आस-पास वाहनों की रफ्तार पहले की तुलना में काफी सहज दिखी। बता दें कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क को चौड़ा करना, दुर्घटनाओं की आशंका को कम करना और वाहनों की आवाजाही को सुचारू बनाना था।

### रोड किनारे लग रही मछली, मीट व मुर्गा दुकान को लेकर वैकल्पिक व्यवस्था की शुरू हुई तैयारी

**बरही :** चौक पर मछली दुकान तथा हजारीबाग रोड़ के सर्विस रोड के बगल मुर्गा मीट दुकान को वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर तैयारी शुरू कर दिया गया है। हजारीबाग उपायुक्त हेमंत कुमार सती के निर्देश पर बुधवार को बरही एसडीओ जोहन टुडू के निर्देश में हजारीबाग रोड़ स्थित पीएचडी विभाग के खाली जमीन को जेसीबी के द्वारा साफ सफाई कराया गया।इस सम्बंध में एसडीओ जोहन टुडू ने बताया कि बरही चौक पर लगने वाले मछली दुकान एवं हजारीबाग रोड़ स्थित सर्विस रोड पर लगने वाले मीट एवं मुर्गा दुकान के कारण काफी दुर्गंध आता है जिसके कारण राहगीरों को काफी परेशानी होती है वहीं मछली दुकान लगने के कारण दुर्गंध के साथ साथ आए दिन बरही चौक पर गाड़ीयों का जाम लग जाता है जिसके कारण यातायात प्रभावित होता है तथा कई बार दुर्घटनाएं होती रहती है। इसे निजात पाने के लिए पीएचडी विभाग के खाली जमीन को वैकल्पिक व्यवस्था होने तक मुर्गा मीट एवं मछली दुकान को स्थानांतरित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जेसीबी मशीन से परिसर की साफ-सफाई कराई गई ताकि आगे की प्रक्रिया जल्द शुरू की जा सके। उन्होंने बताया कि प्रशासन का उद्देश्य है कि सड़क किनारे लगने वाली दुकानों से होने वाले जाम 1, दुर्गंध और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाकर यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाना है।

## अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता बने : आचार्य पुरेंद्र पाण्डेय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ प्रदेश कार्य समिति की बैठक हजारीबाग महामाया फार्मा में आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सुनील पांडेय ने की। सुनील पाण्डेय के नेतृत्व में बैठक में सर्वसम्मति से बनासो निवासी आचार्य पुरेंद्र पांडेय को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेवारी सौंपी गई। पदभार ग्रहण करते हुए आचार्य पुरेंद्र पांडेय ने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ मुझे यह दायित्व दिया है, मैं उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूँगा। संगठन को आगे ले जाने एवं ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए हर जरूरी कार्य करने के लिए तत्पर रहूँगा। साथ हीं कहा कि आज हमारा ब्राह्मण समाज अपने नैतिक धर्म से पीछे चला जा रहा है। हम सभी लोग पहले अपने स्वकर्म का ध्यान दें अच्छा संस्कार और संस्कृति पर ध्यान दें तभी हम ब्राह्मण संपूर्ण रूप से आगे बढ़ा पाएंगे। आज तक हम लोग एक दूसरे पर दोषारोपण करते आ रहे हैं या सरासर गलत है। हम सहयोग करके हर वह व्यक्ति को सहयोग करें जो ब्राह्मण आगे बढ़ना तो चाहते हैं पर अपनी आर्थिक स्थिति की कमजोरी के कारण आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। हम उनके आर्थिक स्थिति को मजबूत करेंगे और उन्हें आगे बढ़ाएंगे इन्हीं संकल्प के साथ हम आज अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के उद्देश्यों का हमेशा पालन करूंगा।

# विधायक ने 75 विद्यार्थियों को बांटी साइकिल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण :** पडरिया पंचायत के उच्च विद्यालय ईगुनिया में बुधवार को साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई 75 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलें वितरित किया। इससे पूर्व विद्यालय परिसर पहुंचने पर स्कूली बच्चों, शिक्षकों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक का फूल-माला पहना कर स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने विद्यार्थियों से नियमित रूप से स्कूल आने की अपील की। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से बच्चों को दूर-दराज से स्कूल आने-जाने में सहूलियत होगी। कहा पढ़ाई ही एकमात्र ऐसा जरिया है, जिससे विद्यार्थी अपना और अपने परिवार का भविष्य संवार सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों और ग्रामीणों ने स्कूल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से विधायक को अवगत कराया, जिस पर विधायक ने सभी जायज मांगों और समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन भाजपा महामंत्री अरविंद सिंह ने किया।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन में शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सतेन्द्र कु.शर्मा व महासचिव बने मिथलेश कु. सिंह



**बरही :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने संगठन विस्तार को लेकर दो महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। सतेन्द्र कुमार शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष, शिक्षा प्रकोष्ठ एवं मिथलेश कुमार सिंह को प्रदेश महासचिव, शिक्षा प्रकोष्ठ के पद पर मनोनीत किया गया है। मनोनयन कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन के राष्ट्रीय कल्याण सचिव बिपिन बिहारी पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रदेश संयोजक भरत यादव, प्रदेश सचिव हीरामन साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष रवि शंकर कुमार, प्रदेश कल्याण सचिव दिलीप गुप्ता एवं बरही अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित की उपस्थिति में दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन का पट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया और नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कल्याण सचिव बिपिन बिहारी पाण्डेय ने कहा कि सतेन्द्र कुमार शर्मा और मिथलेश कुमार सिंह लंबे समय से शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से इडली विक्रेता की मौत, परिवार पर टूटा आर्थिक संकट

**बाघमारा (धनबाद):** मधुबन थाना क्षेत्र के महुदा-राजगंज फोरलेन (एनएच-32) पर सिनीडीह पंचायत स्थित मां नर्सिंग होम के समीप मंगलवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से 60 वर्षीय इडली विक्रेता दिलीप सेन की मौत हो गई। वह वर्षों से इडली बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। हादसे के बाद उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, क्योंकि वह घर के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। परिजनों के अनुसार दिलीप सेन मंगलवार रात करीब नौ बजे किसी निजी कार्य से दुकान जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल दिलीप सेन को स्थानीय लोगों ने पहले कतरास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें धनबाद रेफर किया गया। हालांकि रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी।

## विभावि में स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की वार्षिक बैठक आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** खेलकूद को गम्भीरता से लें। इससे कुछ दिनों के इवेंट में परिणत नहीं होने दे। इस पर साल भर काम करें। कला संस्कृति की भांति खेल में भी पूर्वी क्षेत्र में विश्वविद्यालय को नई पहचान दिलाएं। उक्त बातें विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने बुधवार को कही। वह आर्यभट्ट सभागार में आयोजित विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की वार्षिक सभा में बतौर अध्यक्ष अपना अभिभाषण प्रस्तुत कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि प्रत्येक संस्थान अपने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से एवं प्रतिष्ठित संस्थानों से अपने खेल कार्यक्रम तथा संरचना निर्माण को प्रायोजित करवाने की दिशा में पहल करें। बैठक में सर्वप्रथम छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ विकास कुमार ने सबका स्वागत करते हुए बैठक के कार्यवृत्त को प्रस्तुत किया। खेल निदेशक डॉ जॉनी रूफीना तिर्की ने पिछले एक वर्ष के खेल गतिविधियों तथा उस पर हुए खर्च से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया। सर्वाधिक खेलों में भाग लेने के लिए तथा उम्दा प्रदर्शन के लिए संत कोलंबा महाविद्यालय एवं अन्नदा महाविद्यालय की खूब प्रशंसा हुई। वर्ष 2026-27 में आयोजित होने वाले विभिन्न अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु मेजबान संस्थान का चयन किया गया। अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व प्राप्त संस्थान को ही विश्वविद्यालय दल के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन तथा अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय दल का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने संबंधी दायित्व दिया गया। खेल अनुदेशकों की नियुक्ति पर सहमति बनी तथा जल्द से जल्द इससे संबंधित प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया गया। आवश्यकता अनुसार खिलाड़ियों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय दल के साथ एक फिजियोथेरेपिस्ट के जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। बढ़ती महंगाई को देखते हुए खिलाड़ी तथा खेल से जुड़े अधिकारी एवं प्रशिक्षकों के दैनिक भत्ता (DA) को आंशिक रूप से बढ़ाने की सहमति को स्वीकृत करते हुए इसे विश्वविद्यालय की वित्त समिति के कार्यवृत्त में सम्मिलित करने का प्रस्ताव लिया गया। वर्ष 2026-27 के खेल संबंधी गतिविधियों के लिए 1 करोड़ 9 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गयी।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव, महर्षि वेदव्यास जयंती व आचार्य सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में गुरु पूर्णिमा उत्सव, महर्षि वेदव्यास जयंती व आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. अमिता कुमारी, सचिव डॉ. जयप्रकाश आनंद, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह व प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने दीप प्रज्वलन कर महर्षि वेदव्यास के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया एवं गुरु पूर्णिमा की बधाई एवं शुभकामनाएं आचार्य बंधु-भगिनी एवं कर्मचारियों को दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा- गुरु अंधकार को दूर कर प्रकाश की ओर ले जाते हैं अर्थात अज्ञानता को दूर करके ज्ञान का बोध कराते हैं। गुरु पूर्ण ज्ञान के प्रकाशक होते हैं।आप सभी भैया-बहन गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं समर्पण का भाव रखें। विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहनों ने गुरु पूर्णिमा उत्सव पर गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय में आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने कहा गुरु परंपरा को आदर एवं सम्मान देने का उत्सव है गुरु पूर्णिमा। उन्होंने कहा बालकों के कैरियर के साथ-साथ देश एवं समाज हित करने वाले बालकों का निर्माण करना अति आवश्यक है शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में कार्य करने हेतु संकल्प लेने का आज का दिन है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य, आचार्य एवं कर्मचारीगण को समिति के अधिकारियों के द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने गुरु को पूर्ण ज्ञान का प्रकाशक बताते हुए कहा- गुरु ब्रह्मा विष्णु एवं महेश से ऊपर हैं क्योंकि गुरु के बिना ज्ञान नहीं होता। आप सभी भैया- बहन अपने गुरु के बताये गये पथ पर चलकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। गुरु ही आपका सर्वांगीण विकास करायेंगे।

## केडी चिल्ड्रेन अकादमी/हाई स्कूल में गुरु पूर्णिमा उत्सव मना



**हजारीबाग :** बुधवार को के०डी० चिल्ड्रेन अकादमी/हाई स्कूल, डॉ० भाभा मार्ग मुनका बगीचा, हजारीबाग में विद्यालय प्राचार्या मीनू गुप्ता एवं उप प्राचार्या हेमलता मिश्रा की उपस्थिति में गुरु-पूर्णिमा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्राचार्या मीनू गुप्ता, उप प्राचार्या हेमलता मिश्रा, जयनाथ महतो, सुरेन्द्र प्रसाद द्वारा महर्षि वेदव्यास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सहायक शिक्षक सुखदेव यादव द्वारा मंत्र उच्चारण तथा गुरु गीत भी गाया गया। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विद्यालय के सचिव डॉ० सत्येन्द्र कुमार गुप्ता ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्राचार्या ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु एवं माता-पिता की महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों को उन्हें सम्मान देने तथा अनुशासन में रहने की बात कही, ताकि वे भविष्य में एक अच्छे नागरिक बन सकें। मंच संचालन सुखदेव यादव द्वारा किया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों को भेंट भी दिए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाल संसद प्रमुख सुधांशु शर्मा और नूपुर कुमारी का सहयोग रहा। इस पावन अवसर पर सहायक शिक्षक उपेंद्र पांडेय, जयनाथ महतो, विजय सिन्हा, मुकेश कुमार, राहुल कुमार सिन्हा, पीयूष कुमार, अमन कुमार सिन्हा, रोनित, राजू राणा, विद्यालय शिक्षिका नीलम, कमला, अमिता प्रसाद, पूनम सिन्हा, पूनम तिवारी, मीनाक्षी सिन्हा, कुमारी, राफिया खातून, श्वेता, पूनम, जूली सिन्हा, नैंसी, माही, मंजू, कुमारी लीलावती, सानिया मिश्रा, संस्कृति, पूजा आदि शिक्षक/शिक्षिकाएं तथा आशा, तारा, सरिता, आरती, यशोदा, मीना, रूबी आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर गुरु शिष्य परम्परा संगोष्ठी का आयोजन



**हजारीबाग :** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जी.एम. इंटर महाविद्यालय, इचाक में गुरु शिष्य परंपरा पर एक दिवसीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति में गुरु के महत्व, उनके आदर्शों तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनकी अमूल्य भूमिका पर प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु केवल ज्ञान के प्रदाता ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों के विकास तथा जीवन को सही दिशा प्रदान करने वाले मार्गदर्शक होते हैं। भारतीय परंपरा में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है और गुरु पूर्णिमा हमें अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करती है। विद्यार्थियों ने गुरु के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए जिसमें प्रथम स्थान साक्षी कुमारी, द्वितीय स्थान मासूम कुमारी, और तृतीय स्थान संगम कुमारी ने प्राप्त किया। मंच संचालन शिक्षक रत्नेश कुमार राणा ने किया। इस संगोष्ठी को सफल बनाने में शिक्षक अजीत हांसदा, रवि कुमार महतो, संजीत कुमार यादव, संगम कुमारी, पार्वती कुमारी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रांची जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 को मिली बड़ी सफलता

# सभी विधानसभा क्षेत्रों में एन्यूमरेशन फॉर्म वितरण-संग्रहण व डिजिटाइजेशन लगभग पूर्ण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)-2026 के तहत रांची जिले में मतदाता सूची के अद्यतन का कार्य तेजी से अंतिम चरण में पहुंच गया है। जिले के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य लगभग शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार 29 जुलाई 2026 की शाम 6:00 बजे तक अधिकांश विधानसभा क्षेत्रों में 100 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है। प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार तमाड़, हटिया, कांके और मांडर विधानसभा क्षेत्रों में एन्यूमरेशन फॉर्म का 100 प्रतिशत वितरण एवं संग्रहण पूरा हो चुका है। वहीं सिल्ली, खिजरी और रांची विधानसभा क्षेत्रों में भी यह कार्य 99.98 से 99.99 प्रतिशत तक पूर्ण हो गया है। डिजिटाइजेशन के मामले में तमाड़, सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया, कांके एवं मांडर सभी विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 100 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। विधानसभावार आंकड़ों के अनुसार 58-तमाड़ में 2,19,083 मतदाताओं के विरुद्ध 100 प्रतिशत एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण और डिजिटाइजेशन पूरा किया गया। 61-सिल्ली में 99.99 प्रतिशत वितरण तथा 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन, 62-खिजरी में 99.98 प्रतिशत वितरण और 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन, 63-रांची, 64-हटिया, 65-कांके एवं 66-मांडर में भी लगभग पूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जिले में विधानसभावार ASDD (Absent, Shifted, Dead, Duplicate) मतदाताओं की सूची भी तैयार कर ली गई है। आंकड़ों के अनुसार रांची विधानसभा में सर्वाधिक 1,52,913 (38.73 प्रतिशत) मतदाता अरउक्रश्रेणी में चिन्हित किए गए हैं। इसके बाद हटिया में 1,84,726 (33.59 प्रतिशत), कांके में 1,42,667 (28.38 प्रतिशत), खिजरी में 89,256 (23.04 प्रतिशत), मांडर में 63,743 (16.24 प्रतिशत), तमाड़ में 32,071 (14.64 प्रतिशत) तथा सिल्ली में 32,560 (14.26 प्रतिशत) मतदाता इस श्रेणी में शामिल पाए गए हैं। विधानसभावार श्रेणियों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि अधिकांश मामलों में अनुपस्थित एवं स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं की संख्या अधिक है। इसके अलावा मृत, पूर्व से पंजीकृत तथा अन्य श्रेणियों के मतदाताओं का भी पृथक सत्यापन किया गया है। जिला प्रशासन का कहना है कि इन आंकड़ों के आधार पर मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने की दिशा में आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना तथा अपात्र या दोहराव वाले नामों को चिन्हित कर निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाना है। अभियान के अंतिम चरण में शेष औपचारिकताओं को भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

## युवाओं के भविष्य को मोदी सरकार ने दिया मजबूत सुरक्षा कवच : संजय सेठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लोकसभा में सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पारित होने पर इसे देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य की रक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम बताया है। श्री सेठ ने कहा कि पेपर लीक और संगठित परीक्षा घोटाले लंबे समय से देश के मेहनती एवं प्रतिभाशाली युवाओं के सपनों पर चोट पहुंचाते रहे हैं। इन अपराधों से न केवल अभ्यर्थियों का मनोबल प्रभावित होता है, बल्कि भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगते हैं। ऐसे में इस संशोधन विधेयक का पारित होना यह स्पष्ट संदेश देता है कि अब युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की प्राथमिकता पारदर्शी, निष्पक्ष और भ्रष्टाचार-मुक्त भर्ती व्यवस्था सुनिश्चित करना है। यह संशोधन कानून पेपर लीक माफिया, संगठित परीक्षा घोटालों और युवाओं के सपनों का सौदा करने वाले गिरोहों के विरुद्ध और अधिक कठोर कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त करेगा। रक्षा राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार की नीति स्पष्ट है, योग्यता का सम्मान, भ्रष्टाचार पर प्रहार और युवाओं के भविष्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं।

## किडनी और यूरोलॉजी रोगों पर पारस एचइसी हॉस्पिटल का जागरूकता सेमिनार सम्पन्न

# किडनी रोगों की समय पर पहचान से बच सकती है जान : डॉ. अशोक कुमार बैद्य



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** पारस एचईसी हॉस्पिटल, रांची के रीनल साइंसेज विभाग की ओर से बुधवार को होटल रामाडा, रांची में ₹एशेन्शल्ज ऑफ रीनल केयर₹ विषय पर जन-जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, किडनी रोगों की समय पर पहचान के महत्व को समझाना तथा विशेषज्ञों से सीधे संवाद का अवसर उपलब्ध कराना था। नेफ्रोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ अशोक कुमार बैद्य ने कहा कि आज बदलती जीवनशैली, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और दर्द निवारक दवाओं का बिना चिकित्सकीय सलाह के लंबे समय तक सेवन किडनी रोगों के प्रमुख कारण बनते जा रहे हैं। किडनी की अधिकांश बीमारियां शुरूआती चरण में बिना किसी स्पष्ट लक्षण के विकसित होती हैं, इसलिए नियमित स्वास्थ्य जांच, विशेषकर ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, यूरिन और किडनी फंक्शन टेस्ट कराना बेहद जरूरी है। समय रहते बीमारी की पहचान होने पर दवाओं, संतुलित आहार और जीवनशैली में सुधार के माध्यम से किडनी को गंभीर क्षति से बचाया जा सकता है और डायलिसिस या प्रत्यारोपण जैसी स्थिति को काफी हद तक टाला जा सकता है। डॉ बैद्य ने लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, धूम्रपान एवं तंबाकू से दूर रहने, नमक का सीमित सेवन करने तथा किसी भी प्रकार की दवा चिकित्सकीय परामर्श के बिना नहीं लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जागरूकता और समय पर उपचार ही किडनी रोगों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने समरसता दीप महोत्सव कर समरसता संकल्प अभियान की शुरुआत की



**रांची :** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गोंदा मंडल, रांची महानगर कार्यालय स्थित काली मंदिर प्रांगण में भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, रांची जिला महानगर जिला महामंत्री बलराम सिंह सहित अन्य जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने समरसता दीप महोत्सव कर समरसता संकल्प अभियान की शुरूवात की। आज के दीप महोत्सव में गोंदा मंडल के कार्यकताओं ने 650 दीपक जलाया। वही मौके पर प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती के अवसर पर पूरे देश मे समरसता संकल्प अभियान 20 फरवरी 2027 तक चलेगा।

# डीएवी चैतन्य स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा पर बच्चों ने जाना भगवान बुद्ध का जीवन दर्शन

- बुद्ध के शांति, करुणा और अहिंसा के संदेश को अपनाने का लिया संकल्प



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** डीएवी चैतन्य स्कूल, मुन्ना पतरा, ओरमांझी में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भगवान गौतम बुद्ध के जीवन, उनके उपदेशों एवं मानवता के प्रति उनके संदेशों को जाना। इस अवसर पर विद्यालय की सचिव सह प्राचार्या पूनम दुबे ने विद्यार्थियों को भगवान बुद्ध के जीवन, उनके त्याग, करुणा, अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए कहा कि बुद्ध के विचार आज भी समाज को शांति, सद्भाव और मानवता का संदेश देते हैं। उन्होंने बच्चों से उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बुद्ध पूर्णिमा के महत्व पर अपने विचार भी प्रस्तुत किए। विद्यालय परिसर में आध्यात्मिक और प्रेरणादायक वातावरण बना रहा तथा बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भागीदारी निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## थानों में साप्ताहिक जन शिकायत समाधान शिविर, एसएसपी समेत अधिकारियों ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची पुलिस द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जिले के सभी थाना एवं ओपी में साप्ताहिक जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) राकेश रंजन के निर्देश पर आयोजित इस अभियान में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों का दौरा कर लोगों की शिकायतें सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कराया। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी स्वयं कई थानों में पहुंचे और फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान भी किया गया, जिससे लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास और सहयोग की भावना मजबूत हुई। बुधवार को जिले का पूरा पुलिस प्रशासन सक्रिय नजर आया। सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में उपस्थित रहकर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते रहे।

## ओरमांझी में गुरु पूर्णिमा पर आर्ट ऑफ लिविंग का भव्य सत्संग, गुरु महिमा का हुआ गुणगान

# विश्व शांति का लिया संकल्प



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ओरमांझी पंचायत भवन के सभागार में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा भव्य सत्संग एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं, युवाओं एवं गणमान्य लोगों ने भाग लेकर गुरु परंपरा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं गुरु वंदना से हुआ। इसके बाद भजन-कीर्तन, ध्यान, प्राणायाम एवं सत्संग का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही व्यक्ति को सही मार्ग दिखाकर जीवन को सार्थक बनाते हैं। सामूहिक ध्यान एवं प्रार्थना के माध्यम से विश्व शांति, मानव कल्याण और तनावमुक्त समाज की कामना की गई। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के एससीएम झारखंड सोनाराम महतो, प्रोजेक्ट भारत के स्टेट कोऑर्डिनेटर निखिल राज, महेश्वर मेहता, मुखिया दीपक बड़ाइक उप मुखिया संतोष गुप्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष शंकर महतो, प्रशांत साहू, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुंडा, पूर्व मुखिया मीना देवी सहित कई सामाजिक एवं धार्मिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## बिलकिस बानो के बलात्कारी का स्वागत करनेवाले को देश का शिक्षा मंत्री बना कर, छात्रों के नाम पर मगरमच्छ के आंसू बहा रही भाजपा : राकेश सिन्हा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान को झूठ, पाखंड और राजनीतिक नौटंकी का पुलिंदा बताते हुए कहा कि छात्रों और युवाओं के भविष्य की सबसे बड़ी दुश्मन यदि कोई पार्टी है तो वह भारतीय जनता पार्टी है। जिस भाजपा के शासनकाल में देशभर में दर्जनों प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए, लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद हुआ और शिक्षा व्यवस्था पर से विश्वास उठ गया, उसी भाजपा को आज नैतिकता का उपदेश देने का कोई अधिकार नहीं है। सिन्हा ने कहा कि भाजपा यह बताए कि नीट, यूजीसी-नेट, रेलवे, एसएससी, सेना भर्ती और अन्य कई राष्ट्रीय परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है? क्या इन सबकी जिम्मेदारी हेमंत सोरेन सरकार की थी? भाजपा की केंद्र सरकार ने वर्षों तक पेपर लीक माफिया को संरक्षण दिया और जब देशभर के छात्र सड़कों पर उतरे तब मजबूरी में कानून बनाने का दिखावा किया। आज भाजपा उसी पाप को छिपाने के लिए झारखंड की ओर उंगली उठा रही है। उन्होंने कहा कि आदित्य साहू पहले यह जवाब दें कि जब भाजपा की सरकार झारखंड में थी तब जेपीएससी परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं, नियुक्ति घोटालों और पेपर लीक के खिलाफ उन्होंने कितनी बार आवाज उठाई थी? भाजपा के शासनकाल में युवाओं का भविष्य किस तरह बर्बाद किया गया, यह झारखंड का हर छात्र जानता है।

## श्रद्धा, भक्ति और कृतज्ञता के भाव के साथ सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मनी गुरु पूर्णिमा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** गुरु-शिष्य परंपरा के शाश्वत मूल्यों को आत्मसात करते हुए सरला बिरला पब्लिक स्कूल, राँची में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों के जीवन-निर्माण, व्यक्तित्व-विकास एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में शिक्षकों की अमूल्य भूमिका को नमन करते हुए विद्यालय परिसर में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या, ज्ञान एवं विवेक की अधिष्ठात्री माँ सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के पूजनीय प्रेरणास्त्रोत श्री बी. के. बिरला एवं डॉ. सरला देवी बिरला को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिक्षा के क्षेत्र में उनके दूरदर्शी चिंतन, उच्च आदर्शों तथा समर्पण की भावना को स्मरण करते हुए उनके प्रेरणादायी योगदान का अभिनंदन किया गया, जो आज भी असंख्य विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा की गौरवशाली विरासत को साकार करती विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की। विद्यार्थियों ने गुरु के प्रति श्रद्धा और समर्पण का भाव व्यक्त करती मधुर गुरु-वंदना प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात गुरु और शिष्य के पवित्र, आत्मीय एवं अटूट संबंध को अभिव्यक्त करती मनोहारी नृत्य-प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। गुरु पूर्णिमा के महत्व पर आधारित प्रेरक भाषण में इस बात पर विशेष प्रकाश डाला गया कि शिक्षक केवल ज्ञान के प्रदाता ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन में संस्कार, नैतिक मूल्यों और चरित्र निर्माण के सच्चे पथ-प्रदर्शक होते हैं। शिक्षकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और स्नेह से ओत-प्रोत एक भावपूर्ण कविता ने कार्यक्रम में भावनात्मक ऊष्मा का संचार किया।

## गुरु पूर्णिमा पर प्रणामी मंदिर में उमड़ी श्रद्धा गुरु चरणों में भक्तों ने अर्पित की आस्था



**रांची :** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित रांची के पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। गुरुजी संत शिरोमणि परमहंस डॉ. सदानंद जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति, आध्यात्मिकता और गुरु भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुजी श्री मंगल दासजी महाराज, श्री श्री 108 संत गुरु राधिका दासजी महाराज एवं परमहंस डॉ. संत सदानंद जी महाराज का विधिवत पूजन एवं वंदन किया गया।

## सेल सुरक्षा संगठन, रांची ने 'सुरक्षा मंथन' का किया आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सेल सुरक्षा संगठन (एस एस ओ), रांची ने 28-29 जुलाई को एम टी आई, रांची में सेल के सभी प्लांट और यूनिट के सेफ्टी और फायर सर्विस प्रमुखों की एक बैठक 'सुरक्षा मंथन' आयोजित की। उद्घाटन सत्र में, रअक्छ के डायरेक्टर (पर्सनेल) के.के. सिंह ने सभी को मार्गदर्शन दिया। श्री सिंह ने कहा कि सेल में सुरक्षा सबसे जरूरी है और यह कंपनी के काम करने के तरीके का एक अहम हिस्सा है। सेफ्टी प्रमुखों की यह ज़िम्मेदारी है कि वे लगातार अपनी जानकारी बढ़ाएं और सुरक्षा का माहौल बनाने के लिए नई टेक्नोलॉजी और टूल्स का इस्तेमाल करें। इस बैठक की अध्यक्षता के. रामा कृष्णा, कार्यपालक निदेशक (एस एस ओ) ने की। सेल के अलग-अलग प्लांट और यूनिट में लागू सुरक्षा उपायों की समीक्षा करते हुए, उन्होंने हर प्लांट/यूनिट में ज्यादा जोखिम वाले कामों के लिए सही वर्क प्रोटोकॉल और प्रक्रियाओं को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर दुर्घटना का गंभीरता से विश्लेषण किया जाना चाहिए ताकि उसका स्थायी समाधान निकाला जा सके। संजय धर, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (एच आर-एल & डी) ने भी प्रतिभागियों से बातचीत की और सुरक्षा से जुड़ी ट्रेनिंग को बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए। सभी प्लांट और यूनिट के सुरक्षा प्रमुखों ने अपने-अपने प्लांट या यूनिट में सुरक्षित काम की संस्कृति बनाने के लिए उठाए गए नए कदमों और उपायों की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने कार्यपालक निदेशक (एस एस ओ) के साथ अपने क्षेत्र की चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम में पूरी ररड टीम शामिल हुई। बैठक की शुरूआत जनरल मैनेजर प्रभारी (एस एस ओ)) श्री सुरेश कुमार के स्वागत भाषण से हुई और समापन राउरकेला स्टील प्लांट के चीफ जनरल मैनेजर (सेफ्टी एंड फायर सर्विसेज) हीरालाल महापात्रा के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

## नालसा योजना, 2024 और प्रत्येक जिले में बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई (एलएसयूसी) की सुदृढ़ीकरण पर डालसा का विधिक जागरूकता कार्यक्रम

# बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा व त्वरित न्याय पर जागरूक करना ही लक्ष्य : डालसा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** निरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल, रांची में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा नालसा (बच्चों के लिए बाल-अनुकूल कानूनी सेवाएं) योजना, 2024 और प्रत्येक जिले में बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई (एलएसयूसी) का सुदृढ़ीकरण पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि उक्त जागरूकता कार्यक्रम न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं माननीय सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव ईंचार्ज की मौजुदगी में होना सुनिश्चित हुआ है। विधिक जागरूकता कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए अपने संबोधन में एलएडीसी सहायक सौरभ पांडे ने कहा कि यह योजना भारत में बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और उन्हें त्वरित व मुफ्त न्याय दिलाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इस योजना के तहत 18 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को मुफ्त कानूनी सहायता पाने का अधिकार है। उन्होंने बच्चों के खिलाफ हो रहे अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी और कानुन संबंधित जानकारी प्रदान किये तथा पॉक्सो एक्ट के तहत बहुत कठोर सजा की व्यवस्था के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। डिप्टी एलएडीसी राजेष कुमार सिन्हा ने उक्त योजनो के उद्देश्यों के बार में जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य बच्चों के लिए न्याय प्रणाली को सरल, सुलभ और तनावमुक्त बनाना है। इसके मुख्य लक्ष्य दीवानी), आपराधिक और प्रशासनिक मामलों के हर स्तर पर बच्चों को पूरी तरह से मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना। अदालतों और कानूनी प्रक्रियाओं में एक ऐसा संवेदनशील वातावरण तैयार करना, जहाँ बच्चे बिना डरे अपनी बात रख सकें। बच्चों के अधिकारों के बारे में तथा उससे संबंधित विधिक सहायता दिये जाने के प्रावधानों को बतलाया साथ ही साथ बाल विवाह, बाल श्रम, शिक्षा का अधिकार तथा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत बौद्धिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के अधिकार और हक के बारे में भी जानकारी दिये। उन्होंने मानव तस्करी, किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 पर प्रकाश डाले। डालसा के पीएलवी ने आगमी 12 सितम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। मौके पर नालसा टॉल फ्री नम्बर 15100 पर भी फोकस की गयी। अंत में विधिक सेवा से संबंधित लिफलेट और पम्पलेट तथा पॉकेट कार्ड का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, सहायक एलएडीसी सौरभ पांडे, विद्यालय के प्रधानाध्यापिका, छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक-शिक्षिकाए समेत पीएलवी भुप्रताप महतो, भानू देवी, देवंती कुमारी, बबिता कुमारी, सरिता कुमारी, मालती देवी, फुलेश्वरी देवी, मशीरा खातून, संगीता देवी, संध्या कुमारी मौके पर मौजूद थे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के छह वर्ष पूर्ण : IIIT रांची व IASE रांची का संयुक्त आउटरीच कार्यक्रम आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (IIIT), रांची तथा इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन (IASE), राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, कांके, रांची के संयुक्त तत्वावधान में 'NEP 2020: Educationfor Viksit Bharat @2047' विषय पर एक भव्य आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य डॉ. रमण कुमार झा ने किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा, नवाचार, अनुसंधान और कौशल विकास को बढ़ावा देकर विकसित भारत-2047 के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में क्क्क्ळ रांची के डॉ. गौरव सुंदरम, डॉ. राजेश द्विवेदी, डॉ. अंकिता कुमारी, डॉ. नूपुर तथा डॉ. एन. किशोर बाबू ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल शिक्षा, बहुविषयक शिक्षण, अनुसंधान एवं नवाचार जैसे समकालीन विषयों पर व्याख्यान दिए। उन्होंने विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षु शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों और भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर राजकीय प्लस-2 उच्च विद्यालय, कांके के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों तथा विभिन्न बी.एड. महाविद्यालयों के प्रशिक्षु शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. वासुदेव प्रसाद, नीरज कुमार सिंह, डॉ. एन. के. पाठक एवं डॉ. मनोज अगरिया की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## एक झलक

### भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया श्रीगुरु पूर्णिमा का पर्व



**रांची :** पहाड़ी मंदिर के सन्निकट स्थित दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में 29 जुलाई बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और श्रीवैष्णव परंपरा के अनुसार श्रीगुरु–पूर्णिमा के अवसर पर भव्य अनुष्ठान का आयोजन हुआ। साथ ही साथ स्नान, दान, व्रत की पूर्णिमा तिथि को ले अखिलविश्व के स्वामी श्रीतिरुपति बालाजी का ऊषः काल के वेला में विभिन्न प्रकार से धार्मिक-वैदिक उपचार-प्रत्युपचार पूर्वक दिग्वन्धन क्रिया के बाद अग्नि मुद्रा, चक्रमुद्रा के द्वारा विन्यास आदि करके फिर तिरूवाराधना संपादन हुआ। इसके बाद भगवान दम्पति को सूजी हलवा, फल और मेवे का बाल भोग नैवेद्य हुआ। फिर नक्षत्र,कुंभ और कर्पूर से महाआरती हुई तथा श्रुति, स्मृति, उपनिषद और देशिक स्तोत्राणि के उत्कृष्ट ऋचाएँ और मंत्रों द्वारा महास्तुति- प्रार्थना की गयी। इसके उपरान्त भगवद्-भागवत परंपरा का निर्वहन करते हुए श्री सद्गुरुदेव भगवान वैकुण्ठवासी परहंस जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी भगवानदासाचार्य जी महाराज के श्रीमूर्ति विग्रह का एवं उनके कृपापात्र जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज के चित्रपट की पूजा की गयी।

### दीपिका पांडेय सिंह ने दिल्ली के जंतर-मंतर आंदोलन के दौरान घायल नूतन कुमारी से रांची में की मुलाकात



**रांची :** राज्य की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने दिल्ली के जंतर-मंतर आंदोलन के दौरान घायल नूतन कुमारी से रांची में मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। नूतन कुमारी दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान ना सिर्फ पुलिस की बर्बरता की शिकार हुई, बल्कि वो पैलेट गन का भी निशाना बनीं। पेपर लीक मामले में देश भर के युवाओं की एकजुटता की बदौलत एक बड़ी जीत मिली है, पर अभी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने नूतन कुमारी की जुबानी प्रदर्शन के क्रम में पुलिस के द्वारा लड़कियों के साथ हुए अभद्र व्यवहार की जानकारी ली। मंत्री ने कहा है कि केंद्र में बैठी नरेंद्र मोदी सरकार ने युवाओं की पीड़ा और सालों की मेहनत को गंभीरता से नहीं लिया। 152 पेपर लीक इस सरकार की नाकामी का सबसे बड़ा सबूत है। युवाओ के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली सरकार आगे भी मुंह तोड़ जवाब देने के लिए सजग रहना होगा । देश के छात्र-नौजवानों की इस लड़ाई में कांग्रेस हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। इस मौके पर कांग्रेस रांची महानगर अध्यक्ष कुमार राजा और पार्टी के दूसरे साथी मौजूद थे।

### आज से मारवाड़ी भवन में चार दिवसीय 'परम्परा' का भव्य आयोजन


**रांची :** मारवाड़ी सहायक समिति द्वारा 30 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक स्थानीय मारवाड़ी भवन, हरमू रोड, रांची में चार दिवसीय सांस्कृतिक एवं पारंपरिक समाज की महिलाओं द्वारा आयोजित 'परंपरा' महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्घाटन सत्र 30 जुलाई को प्रात: 11:00 बजे मारवाड़ी भवन में आयोजित होगा। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष पवन शर्मा ने बताया कि उद्घाटन समारोह में झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री सुश्री शिल्पी नेहा तिर्की को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया है। उन्होंने सहर्ष इस आमंत्रण को स्वीकार करते हुए अपनी गरिमामयी उपस्थिति की स्वीकृति प्रदान की है। इस अवसर पर रांची नगर निगम की महापौर रोशनी खलखो एवं उपमहापौर नीरज कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने शहरवासियों से इस चार दिवसीय आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। सचिव विनोद जैन ने कहा कि इस चार दिवसीय आयोजन में संस्कृति, परंपरा, कला, हस्तशिल्प, खान-पान तथा समाज की विविध प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान किया जाएगा।

सम्पादकीय.....

# मुख्यधारा की ओर लौटते कदम

**झारखंड** में नक्सलवाद के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई और सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का असर अब स्पष्ट रूप से दिखायी देने लगा है। मंगलवार को भाकपा (माओवादी) के 16 सक्रिय नक्सलियों ने हथियारों और 1,562 गोलियों के साथ झारखंड पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें संगठन के कई महत्वपूर्ण कमांडर और दस्ता सदस्य शामिल हैं। यह केवल 16 लोगों का आत्मसमर्पण नहीं है, बल्कि माओवादी संगठन की कमजोर होती पकड़ और मुख्यधारा की ओर बढ़ते विश्वास का संकेत भी है। आत्मसमर्पण करनेवालों में एक रीजनल कमेटी सदस्य, दो सब-जोनल कमेटी सदस्य, तीन एरिया कमेटी सदस्य, छह पार्टी सदस्य तथा चार दस्ता सदस्य शामिल हैं। इन सभी ने पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के समक्ष हथियार डालकर हिंसा का रास्ता छोड़ने की घोषणा की। पुलिस के अनुसार अधिकांश नक्सली पश्चिमी सिंहभूम के कोल्हान और सारंडा क्षेत्र में सक्रिय थे जबकि दो सदस्य लातेहार क्षेत्र में सक्रिय रहे। यह सभी माओवादी संगठन के शीर्ष नेताओं मिसिर बेसरा उर्फ सागर तथा केन्द्रीय कमेटी सदस्य असीम मंडल के नेटवर्क से जुड़े हुए थे। झारखंड पुलिस का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में नक्सल विरोधी अभियानों ने संगठन की कमर तोड़ दी है। लगातार हो रही मुठभेड़ों, गिरफ्तारी और विकास कार्यों के कारण संगठन का जनाधार कमजोर हुआ है। दूसरी ओर संगठन के भीतर शोषण, संसाधनों की कमी, सुरक्षा बलों का बढ़ता दबाव और भविष्य की अनिश्चितता ने भी कई नक्सलियों को हथियार छोड़ने के लिए प्रेरित किया है। सरकार की पुनर्वास नीति उन्हें सम्मानजनक जीवन और रोजगार का अवसर उपलब्ध करा रही है, जिससे उनका भरोसा बढ़ा है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को राज्य सरकार की नीति के तहत आर्थिक सहायता, आवास, कौशल विकास प्रशिक्षण, रोजगार के अवसर तथा समाज की मुख्यधारा में पुनर्वास की सुविधा दी जायेगी। गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों को छोड़कर अन्य मामलों में कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप राहत भी दी जाती है। यही कारण है कि अब कई नक्सली संगठन छोड़ कर सामान्य जीवन अपनाने का निर्णय ले रहे हैं। झारखंड पुलिस के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 में अब तक 93 नक्सलियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी अवधि में 45 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जबकि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में 22 नक्सली मारे गये हैं। ताजा आत्मसमर्पण के बाद इस वर्ष मुख्यधारा में लौटने वाले नक्सलियों की संख्या बढ़ कर 61 हो गयी है। यह दर्शाता है कि सरकार की रणनीति केवल सैन्य कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि पुनर्वास के माध्यम से स्थायी समाधान की दिशा में भी आगे बढ़ रही है। यदि पिछले दो वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो तस्वीर और भी स्पष्ट होती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय तथा विभिन्न राज्यों की रिपोर्टों के अनुसार वर्ष 2025 और वर्ष 2026 के दौरान देशभर में लगभग 1,100 से अधिक माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा का रास्ता चुना है। इनमें सबसे अधिक आत्मसमर्पण छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा और तेलंगाना में हुए हैं। अकेले झारखंड में भी पिछले दो वर्षों के दौरान सौ से अधिक नक्सली हथियार छोड़ चुके हैं। यह संख्या बताती है कि माओवादी संगठन के भीतर लगातार असंतोष बढ़ रहा है और उसकी भर्ती तथा संचालन क्षमता पहले की तुलना में काफी कमजोर हुई है।

## ● किसने क्या कहा



युद्धक्षेत्र की चुनौतियों से निपटना होगा आसान

**राजनाथ सिंह**
रक्षामंत्री



कांग्रेस शासनकाल में लगातार संकट में रहा छात्रों का भविष्य

**अनुराग ठाकुर**
भाजपा सांसद

# सावन : आस्था, प्रकृति व शिव भक्ति का पावन संगम

विशेष | उदय कुमार सिंह

> सावन को 'पावस ऋतु' का प्रमुख महीना भी कहा जाता है। इस दौरान वर्षा से धरती हरी-भरी हो जाती है, खेत-खलिहानों में नई जान आ जाती है और प्रकृति अपने सबसे सुंदर स्वरूप में दिखाई देती है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति और अध्यात्म का गहरा संबंध माना गया है। इसलिए श्रावण मास को प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और ईश्वर के प्रति समर्पण का पर्व भी कहा जाता है। 30 जुलाई से प्रारंभ होगा श्रावण मासहिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 जुलाई की रात 8 बजकर 5 मिनट से प्रारंभ होकर 30 जुलाई की रात 9 बजकर 30 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार श्रावण मास का आरंभ 30 जुलाई 2026 से होगा और इसका समापन 28 अगस्त 2026 को श्रावणी पूर्णिमा के साथ होगा।

**भारतीय** सनातन संस्कृति में श्रावण मास, जिसे सामान्य रूप से सावन कहा जाता है, धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से वर्ष का सबसे पवित्र महीना माना जाता है। वर्षा ऋतु के मध्य आने वाला यह महीना केवल प्राकृतिक सौंदर्य और हरियाली का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि भक्ति, तप, संयम, लोकजीवन और सामाजिक समरसता का भी संदेश देता है। हिंदू धर्म में मान्यता है कि सावन का प्रत्येक दिन भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष फलदायी होता है। यही कारण है कि पूरे महीने देशभर के शिवालयों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, कांवड़ यात्रा, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रहती है। सावन को 'पावस ऋतु' का प्रमुख महीना भी कहा जाता है। इस दौरान वर्षा से धरती हरी-भरी हो जाती है, खेत-खलिहानों में नई जान आ जाती है और प्रकृति अपने सबसे सुंदर स्वरूप में दिखाई देती है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति और अध्यात्म का गहरा संबंध माना गया है। इसलिए श्रावण मास को प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और ईश्वर के प्रति समर्पण का पर्व भी कहा जाता है। 30 जुलाई से प्रारंभ होगा श्रावण मासहिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 जुलाई की रात 8 बजकर 5 मिनट से प्रारंभ होकर 30 जुलाई की रात 9 बजकर 30 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार श्रावण मास का आरंभ 30 जुलाई 2026 से होगा और इसका समापन 28 अगस्त 2026 को श्रावणी पूर्णिमा के साथ होगा। इस वर्ष सावन 31 दिनों का रहेगा। श्रावण मास में कुल चार सावन सोमवार पड़ेंगे। पहला सावन सोमवार 3 अगस्त, दूसरा 10 अगस्त, तीसरा 17 अगस्त और चौथा 24 अगस्त को होगा। इन दिनों भगवान शिव के जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और व्रत-पूजन का विशेष महत्व माना गया है। देशभर के प्रमुख शिवालयों में लाखों श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचेंगे।

**शास्त्रों में वर्णित है सावन का महत्व**

शास्त्रों में कहा गया है– श्रावणे मासि यो भक्त्या शिवलिंगं प्रपूजयेत्। सर्वपापविनिर्मुक्तः शिवलोकं स गच्छति।।

अर्थात जो श्रद्धापूर्वक श्रावण मास में शिवलिंग की पूजा करता है, वह समस्त पापों से मुक्त होकर अंततः शिवलोक को प्राप्त करता है।

शिव पुराण, स्कंद पुराण तथा लिंग पुराण में श्रावण मास को भगवान शिव की आराधना के लिए सर्वोत्तम समय बताया गया है। धार्मिक मान्यता है कि इस महीने में किए गए जप, तप, व्रत, दान और ध्यान का फल कई गुना बढ़ जाता है। शिव पुराण के अनुसार श्रावण मास में शिवलिंग पर जल, गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, बेलपत्र, धतूरा और भांग अर्पित करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं तथा साधक को विशेष पुण्यफल की प्राप्ति होती है। भगवान शिव का सर्वाधिक प्रिय माहपौराणिक कथाओं के अनुसार, श्रावण मास भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना माना जाता है। मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए अनेक वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने श्रावण मास में उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया। तभी से यह महीना शिव-पार्वती के दिव्य मिलन और अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। एक अन्य मान्यता के अनुसार भगवान शिव श्रावण मास में पृथ्वी लोक पर अपनी ससुराल आते हैं। उनके स्वागत में जलाभिषेक और विशेष पूजा की परंपरा प्रारंभ हुई, जो आज भी श्रद्धापूर्वक निभाई जाती है। समुद्र मंथन और नीलकंठ की कथाश्रावण मास का संबंध समुद्र मंथन की कथा से भी जोड़ा जाता है। पुराणों के अनुसार समुद्र मंथन के समय निकले कालकूट विष से संपूर्ण सृष्टि संकट में पड़ गई थी। संसार की रक्षा के लिए भगवान शिव ने उस विष का पान कर उसे अपने कंठ में धारण कर लिया। विष के प्रभाव से उनका कंठ नीला हो गया और तभी से वे 'नीलकंठ' कहलाए। मान्यता है कि विष की उष्णता को शांत करने के लिए देवी-देवताओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। तभी से श्रावण मास में शिवलिंग पर जल अर्पित करने की परंपरा विशेष रूप से प्रचलित हुई।

सावन सोमवार का विशेष महत्वश्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को 'सावन सोमवार' कहा जाता है। इन दिनों भगवान शिव के व्रत और पूजा का विशेष विधान है। विवाहित महिलाएं पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं, जबकि अविवाहित युवतियां मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा करती हैं। श्रद्धालु प्रातःकाल स्नान के बाद शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं, रुद्राभिषेक कराते हैं तथा 'ॐ नमः शिवाय' और महामृत्युंजय मंत्र का जप करते हैं। मान्यता है कि सावन सोमवार का व्रत करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। रुद्राभिषेक और पूजन सामग्री का महत्वश्रावण मास में रुद्राभिषेक का भी विशेष महत्व बताया गया है। श्रद्धालु शिवलिंग का अभिषेक जल, गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद, शक्कर तथा गन्ने के रस से करते हैं। इसके बाद बेलपत्र, शमीपत्र, दूर्वा, कुश, धतूरा, भांग, आक के पुष्प तथा श्रीफल अर्पित किए जाते हैं।

# मित्रता है मानवता का सबसे मजबूत सेतु

गौरतलब | ललित गर्ग



> 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिवस को मान्यता देते हुए स्पष्ट किया था कि यदि दुनिया में स्थायी शांति स्थापित करनी है तो उसके लिए हथियारों से अधिक प्रभावी माध्यम मित्रता, संवाद और पारस्परिक सम्मान है। नयी सभ्यता और उपभोक्तावाद के इस दौर में हर रिश्ता लाभ और हानि की तुला पर तौला जाता है।

**आज** का विश्व अभूतपूर्व वैज्ञानिक प्रगति, तकनीकी विकास और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उत्कर्ष का साक्षी है, लेकिन इसके समानांतर एक कठोर सच्चाई भी हमारे सामने है-मनुष्य पहले से अधिक अकेला, तनावग्रस्त और संबंधों से विहीन होता जा रहा है। परिवार छोटे हुए हैं, संवाद सीमित हुआ है, विश्वास कमजोर पड़ा है और संवेदनाएं लगातार क्षीण हो रही हैं। ऐसे समय में अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता को बचाने का एक सांस्कृतिक और नैतिक अभियान है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रत्येक वर्ष 30 जुलाई को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस इस विश्वास को मजबूत करता है कि मित्रता केवल दो व्यक्तियों के बीच का संबंध नहीं, बल्कि देशों, संस्कृतियों, समुदायों और सम्पूर्ण मानवता के बीच शांति का सेतु है। 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिवस को मान्यता देते हुए स्पष्ट किया था कि यदि दुनिया में स्थायी शांति स्थापित करनी है तो उसके लिए हथियारों से अधिक प्रभावी माध्यम मित्रता, संवाद और पारस्परिक सम्मान है। नयी सभ्यता और उपभोक्तावाद के इस दौर में हर रिश्ता लाभ और हानि की तुला पर तौला जाता है। यही कारण है कि वैचारिक मतभेदों से मनभेद, प्रतिस्पर्धा से विरक्ति, और स्वार्थ से संवेदनहीनता जन्म ले रही है। ऐसे समय में दोस्ती ही एकमात्र ऐसा रिश्ता है जो इन सभी दीवारों को गिरा सकता है। यह केवल 'रिश्ता' नहीं बल्कि एक मनःस्थिति, एक दृष्टिकोण, एक आध्यात्मिक अनुभव है। जहां यह पर्व दक्षिण अमेरिकी देशों में 20 और 30 जुलाई को मनाया जाता है, वहीं भारत, मलेशिया, बांग्लादेश जैसे देशों में यह अगस्त के पहले रविवार को धूमधाम से मनाया जाता है। युवाओं के लिए यह केवल गिफ्ट, सेल्फी और चॉकलेट तक सीमित रह गया है, जबकि इसकी मूल आत्मा है एक-दूसरे की भावनाओं को समझना, स्वीकार करना और निभाना। भारतीय संस्कृति ने तो हजारों वर्षों पूर्व ही इस सत्य को स्वीकार कर लिया था। हमारे यहां 'मित्रस्य चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्' अर्थात समस्त प्राणियों को मित्र-दृष्टि से देखने की कामना की गई है। जैन दर्शन का मैत्री भाव, बौद्ध धर्म की मैत्री भावना, उपनिषदों का वसुधैव कुटुम्बकम् तथा संत परम्परा का प्रेम-दर्शन इसी वैश्विक मित्रता की आधारशिला हैं। मित्रता संसार का सबसे स्वाभाविक और सबसे स्वतंत्र संबंध है।

## आज का इतिहास

- इंडोनेशिया में नीदरलैंड का राजनैतिक एंव साम्राज्यवादी प्रभाव 1602 में आरम्भ हुआ।
- मैरीलैंड में बाल्टीमोर शहर की स्थापना 1729 में हुई।
- माल्दन द्वीप की खोज 1825 को हुई।
- अमेरिका के हवाई में अंग्रेजी भाषा का पहला अखबार 1836 में प्रकाशित हुआ।
- राइट भाईयों ने 1909 में सेना के लिए पहला विमान बनाया था।
- एनबीसी रेडियो पर देथ वैली डेज का पहला प्रसारण 1930 को हुआ।
- अमेरिका के लास एंजिल्स में दसवें आधुनिक ओलंपिक खेल की शुरुआत 1932 में हुई।
- जर्मन की सेना ने 1942 में बेलारूस के मिंस्क में 25000 यहूदियों की हत्या की।
- एक्सपोर्ट रिस्क इंस्योरेंस कोपोर्रेशन आफ इंडिया (प्राइवेट) लिमिटेड की स्थापना 1957 में हुई।
- फुटबॉल का विश्वकप 1930 में शुरू हुआ था और इंग्लैंड ने इसे 1966 में पहली बार जीता।
- वनूआटो देश को 1980 में स्वतंत्रता मिली।
- सोवियत संघ ने 1982 में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- चिली ने 1989 को अपने संविधान में संशोधन किया।
- तीन बार लगातार फ्रांस का भ्रमण करने वाले लांस अर्मस्ट्रांग 2000 में पहले अमेरिकी बनें।
- संयुक्त राष्ट्र ने 2000 में इस्रायल द्वारा खाली किये क्षेत्रों में शांति सेना की तैनाती प्रारम्भ की।
- श्रीलंका सरकार ने 2001 में मुक्ति चीतों पर से प्रतिबंध हटाने से इनकार किया।
- कनाडा ने 2002 में अलकायदा सहित सात संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया।
- पाकिस्तानी प्रधानमंत्री (मनोनीत) शौकत अजीत 2004 में हुए आत्मघाती हमले में बाल-बाल बचे।

## सुविचार

स्वतंत्र वही हो सकता है, जो अपना काम अपने आप कर लेता है।
**विनोबा भावे**

समय और बुद्धि बड़े से बड़े शोक को भी कम कर देते हैं।
**कहावत**




## भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य

**भगवान** भौतिक जगत के पालन व निर्वाह के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी नहीं हैं। हम एटलस (एक रोमन देवता) को कंधों पर गोला उठाये देखते हैं। वह अत्यन्त थका लगता है और इस विशाल पृथ्वीलोक को धारण किये रहता है। हमें किसी ऐसे चित्र को मन में नहीं लाना चाहिए, जिसमें कृष्ण इस सृजित ब्रह्मांड को धारण किये हों। उनका कहना है कि यद्यपि सारी वस्तुएं उन पर टिकी हैं, सारे लोक अन्तरिक्ष में तैर रहे हैं और यह अन्तरिक्ष परमेश्वर की शक्ति है किन्तु वे अन्तरिक्ष से पृथक स्थित हैं। भगवान कहते हैं, यद्यपि सब रचित पदार्थ मेरी अचिंत्य शक्ति पर टिके हैं, किन्तु भगवान रूप में मैं उनसे पृथक रहता हूं। यह भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य है। वैदिककोश निरुक्ति में कहा गया है- परमेश्वर शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अचिंत्य आश्चर्यजनक लीलाएं कर रहे हैं। उनका व्यक्तित्व विभिन्न शक्तियों से पूर्ण है और संकल्प स्वयं एक तथ्य है। भगवान को इसी रूप में समझना चाहिए। हम कोई काम करना चाहते हैं, तो अनेक विघ्न आते हैं और कभी-कभी जो चाहते हैं वह नहीं कर पाते। किन्तु जब कृष्ण कोई कार्य करना चाहते हैं, तो सब इतनी पूर्णता से सम्पन्न हो जाता है कि कोई सोच नहीं पाता कि यह सब कैसे हुआ! भगवान समझाते हैं-यद्यपि वे समस्त सृष्टि के पालक तथा धारणकर्ता हैं, किन्तु वे इस सृष्टि का स्पर्श नहीं करते।

# 2047 तक भारत अमीर बनेगा या सिर्फ अमीरों का भारत ?



**प्रो. आरके जैन**

**2047** में जब भारत अपनी आजादी का शताब्दी वर्ष मनाएगा, तब दुनिया केवल हमारी अर्थव्यवस्था का आकार नहीं, बल्कि यह भी परखेगी कि उस समृद्धि में कितने भारतीय सहभागी बने। प्रश्न यह नहीं होगा कि भारत 25 या 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गया, बल्कि यह होगा कि आर्थिक शक्ति अंतिम व्यक्ति तक पहुंची या नहीं। क्या विकसित भारत का सपना हर नागरिक की वास्तविकता बनेगा, या केवल संपन्न वर्ग की उपलब्धि रह जाएगा? आज भारत जिस विकास पथ पर बढ़ रहा है, उसकी रफ्तार प्रभावशाली है, लेकिन दिशा पर गंभीर मंथन आवश्यक है। विकास तब तक अधूरा है, जब तक उसका लाभ सीमित वर्ग से निकलकर पूरे राष्ट्र तक नहीं पहुंचता। अन्यथा वह प्रगति नहीं, असमानता का विस्तार बन जाती है। इसलिए 2047 का सबसे बड़ा प्रश्न केवल आर्थिक नहीं, सामाजिक और नैतिक भी है।

आज के आर्थिक संकेतक उम्मीद जगाते हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आकलनों के अनुसार, यदि भारत अगले दो दशकों तक 7.5-8% की वृद्धि बनाए रखता है, तो 2047 तक उसकी अर्थव्यवस्था 25-35 ट्रिलियन डॉलर (ईवाई, पीएचडीसीसीआई सहित विभिन्न आकलनों के अनुसार) तक पहुंच सकती है। प्रति व्यक्ति आय 15,000-22,000 डॉलर रहने का अनुमान है। करोड़ों लोगों का गरीबी रेखा से बाहर निकलना बड़ी उपलब्धि है। लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू चिंताजनक है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2026 के अनुसार राष्ट्रीय आय का 58% शीर्ष 10% आबादी के पास है, जबकि निचली 50% आबादी को केवल 15% आय मिलती है। कुल संपत्ति का 65% शीर्ष 10% के पास केंद्रित है, जबकि आधी आबादी के हिस्से में महज 6% संपत्ति है। यह केवल आंकड़ों का अंतर नहीं, बल्कि विकास मॉडल का प्रतिबिंब है। असल चुनौती विकास की रफ्तार नहीं, उसकी प्रकृति है। भारत की आर्थिक वृद्धि मुख्यतः पूंजी-गहन उद्योगों, प्रौद्योगिकी और सेवा क्षेत्र पर आधारित रही है। इन क्षेत्रों ने राष्ट्रीय आय बढ़ाई, लेकिन व्यापक रोजगार नहीं दिए। श्रम-गहन विनिर्माण अपेक्षित गति नहीं पकड़ सका। नतीजतन हर वर्ष लाखों युवा रोजगार बाजार में उतरते हैं, पर गुणवत्तापूर्ण अवसर नहीं मिलते। मध्यम वर्ग पर दबाव बढ़ रहा है और सामाजिक गतिशीलता धीमी पड़ रही है। पीएलएफएस 2025-26 के अनुसार महिला श्रम बल भागीदारी बढ़कर लगभग 32-40% (शहरी क्षेत्रों में करीब 25%) हुई है, फिर भी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए यह पर्याप्त नहीं है। कृषि से उद्योग और सेवाओं की ओर श्रमिकों का संक्रमण भी सुस्त है, जिससे करोड़ों लोग कम उत्पादकता वाले कार्यों में अटके हैं। यही वजह है कि विकास के आंकड़े चमकते हैं, लेकिन उनकी रोशनी समाज के बड़े हिस्से तक नहीं पहुंचती।

यह असमानता केवल आय की नहीं, अवसरों की भी है। देश का एक छोटा वर्ग विश्वस्तरीय अस्पतालों, निजी विश्वविद्यालयों, आधुनिक कौशल संस्थानों और वैश्विक सुविधाओं तक पहुंच रखता है, जबकि करोड़ों लोग आज भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास से वंचित हैं। क्षेत्रीय विषमता भी गहरा रही है। कुछ राज्य निवेश, उद्योग और अधोसंरचना के दम पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जबकि अनेक राज्य विकास की दौड़ में पीछे छूट रहे हैं। यदि यही तस्वीर बनी रही, तो 2047 में भारत 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था होने का दावा करेगा, लेकिन उसके भीतर दो भारत बसेंगे–एक समृद्ध, आधुनिक और अवसरों से परिपूर्ण; दूसरा अभाव, सीमित संभावनाओं और संघर्ष से घिरा।

# कॉकरोच आंदोलन : गांधीवाद की छाया या डिजिटल युग का नया प्रतिरोध?

गौरतलब | डॉ. प्रियंका सौरभ



> गांधीवादी राजनीति की सबसे बड़ी शक्ति उसका नैतिक अनुशासन था। सत्य, अहिंसा, आत्मसंयम, जनसेवा और रचनात्मक कार्यक्रम—ये केवल राजनीतिक नारे नहीं थे, बल्कि आंदोलन की आत्मा थे। गांधी के लिए संघर्ष का उद्देश्य केवल सत्ता परिवर्तन नहीं था, बल्कि व्यक्ति और समाज के नैतिक रूपांतरण की प्रक्रिया भी था। इसी कारण उनके आंदोलन में साधन और साध्य के बीच गहरा सामंजस्य दिखाई देता है।

**भारत** में जब भी कोई नया जन-आंदोलन उभरता है, उसे पुराने वैचारिक फ्रेमों में समझने की कोशिश होती है। कॉकरोच आंदोलन के साथ भी यही हुआ है। कुछ लोग इसे युवाओं के असंतोष की नई अभिव्यक्ति मानते हैं, तो कुछ इसे गांधीवादी परंपरा की छाया में पढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। किंतु प्रश्न यह है कि क्या वास्तव में इस आंदोलन को महात्मा गांधी की प्रसंगिकता से जोड़ा जा सकता है, या यह केवल एक आकर्षक किंतु सतही तुलना है?

इस प्रश्न का उत्तर न तो पूर्णतः 'हां' है और न ही 'नहीं'। कॉकरोच आंदोलन में गांधीवादी राजनीति के कुछ तत्व अवश्य दिखाई देते हैं, किंतु उसका स्वभाव, भाषा, माध्यम और वैचारिक संरचना गांधीवाद से स्पष्ट रूप से भिन्न है। इसलिए इसे गांधीजी की परंपरा का सीधा विस्तार मानने से पहले उसकी प्रकृति और सीमाओं को समझना आवश्यक है। गांधीवादी राजनीति की सबसे बड़ी शक्ति उसका नैतिक अनुशासन था। सत्य, अहिंसा, आत्मसंयम, जनसेवा और रचनात्मक कार्यक्रम—ये केवल राजनीतिक नारे नहीं थे, बल्कि आंदोलन की आत्मा थे। गांधी के लिए संघर्ष का उद्देश्य केवल सत्ता परिवर्तन नहीं था, बल्कि व्यक्ति और समाज के नैतिक रूपांतरण की प्रक्रिया भी था। इसी कारण उनके आंदोलन में साधन और साध्य के बीच गहरा सामंजस्य दिखाई देता है।

इसके विपरीत, कॉकरोच आंदोलन की शक्ति उसकी व्यंग्यात्मकता, प्रतीकात्मकता और डिजिटल सक्रियता में निहित है। यह ऐसे दौर में सामने आया है, जब नई पीढ़ी पारंपरिक राजनीतिक भाषाओं से दूरी बना रही है और सोशल मीडिया, मीम, डिजिटल अभियानों तथा सार्वजनिक प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी असहमति दर्ज करा रही है। यह आंदोलन दर्शाता है कि आज का युवा अपने असंतोष को पुराने राजनीतिक ढाँचों के बजाय नए सांस्कृतिक प्रतीकों और संचार माध्यमों के जरिए व्यक्त करना चाहता है। इस दृष्टि से यह समकालीन प्रतिरोध की नई शैली है, पारंपरिक सत्याग्रह का पुनरावर्तन नहीं।

फिर भी गांधीवादी प्रसंग से इसका संबंध पूरी तरह अस्वीकार नहीं किया जा सकता। गांधीजी ने राजनीति के केंद्र में सामान्य नागरिक को स्थापित किया था। उन्होंने यह विश्वास जगाया कि किसी भी परिवर्तन की वास्तविक शक्ति जनता की चेतना, उसके श्रम और उसके नैतिक साहस में निहित होती है। कॉकरोच आंदोलन भी इस अर्थ में महत्त्वपूर्ण है कि उसने युवाओं की बेरोजगारी, परीक्षा-प्रणाली की विश्वसनीयता, संस्थागत जवाबदेही और शासन के प्रति बढ़ते अविश्वास जैसे प्रश्नों को सार्वजनिक विमर्श के केंद्र में ला दिया। इस स्तर पर यह जन-भागीदारी की वही ऊर्जा उत्पन्न करता है, जिसे गांधीवादी राजनीति का मूल तत्व माना जाता है। किन्तु यहीं सबसे महत्वपूर्ण अंतर भी सामने आता है। गांधी के लिए साधनों की पवित्रता सर्वोपरि थी। उनका विश्वास था कि अनुचित साधनों से उचित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। | **तुला** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। |
| **वृष** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। | **वृश्चिक** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। |
| **मिथुन** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। | **धनु** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। |
| **कर्क** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। | **मकर** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। |
| **सिंह** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। | **कुंभ** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। |
| **कन्या** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। | **मीन** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। |

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### आधारभूत परियोजनाओं की प्रगति पर उपायुक्त ने की समीक्षा

# लम्बित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले में चल रही आधारभूत संरचना से जुड़ी बड़ी परियोजनाओं को गति देने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति का आकलन किया गया और लंबित प्रशासनिक एवं भूमि संबंधी मामलों के शीघ्र समाधान पर जोर दिया गया। समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-75 (39) के चौड़ीकरण, बनहर्दी, रजवार, नॉर्थ धाधू एवं तुबेद कोल माइंस, रेलवे आरओबी निर्माण, पीवीयूएनएल और चकला कोल ब्लॉक सहित अन्य परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने एफआरए, एनओसी, भूमि अधिग्रहण और अन्य लंबित प्रक्रियाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में भूमि अधिग्रहण के बाद लंबित मुआवजा भुगतान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि पात्र लोगों को मुआवजा भुगतान में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए और सभी लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाए।उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित परियोजनाओं की स्थिति की जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि भूमि और राजस्व से जुड़े मामलों का नियमित अनुश्रवण कर विकास कार्यों में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय समन्वय और समय पर निर्णय से परियोजनाओं का कार्य तेजी से आगे बढ़ेगा। बैठक में अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी, एलआरडीसी प्रभात कुमार, लातेहार एसडीओ दिनेश कुमार, महुआडांड़ एसडीओ सुलेमान मुण्डरी, सभी अंचल अधिकारी, विभिन्न कोल कंपनियों के अधिकारी एवं परियोजना प्रतिनिधि उपस्थित थे।



### उपायुक्त ने राजस्व व भूमि मामलों की समीक्षा की, लम्बित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे के निर्देश



**लातेहार** : समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण और राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों और अंचलों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वित्तीय वर्ष के लिए तय राजस्व लक्ष्य हर हाल में समय पर पूरा किया जाए और इसके लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाया जाए। समीक्षा के दौरान नगर पंचायत क्षेत्रों और सभी अंचलों में अब तक हुए राजस्व संग्रहण की स्थिति पर चर्चा हुई। जिन स्थानों पर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं हुई है, वहां तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि आंतरिक संसाधनों का बेहतर उपयोग और पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाकर राजस्व संग्रह में वृद्धि सुनिश्चित की जाए। बैठक में भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारिज, सक्सेशन म्यूटेशन, पार्टिशन म्यूटेशन तथा भूमि सीमांकन से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई। लंबे समय से लंबित पार्टिशन म्यूटेशन मामलों पर विशेष चिंता जताते हुए संबंधित अंचल अधिकारियों को सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी कार्यों में किसी भी स्तर की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि दायित्वों के निर्वहन में कोताही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने आम लोगों से जुड़े मामलों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## ओपन डे में अभिभावकों ने देखा बच्चों का शैक्षणिक प्रदर्शन, शिक्षकों से किया संवाद

**लातेहार** : सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ, लातेहार में विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास के मूल्यांकन के लिए बुधवार को ओपन डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लेकर अपने बच्चों की पढ़ाई, परीक्षा परिणाम, व्यवहार और विद्यालयीन गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। ओपन डे के दौरान विद्यालय की ओर से प्रत्येक विद्यार्थी का उपाख्यानात्मक विवरण अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। साथ ही परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं भी दिखाई गईं, जिससे अभिभावकों को बच्चों की तैयारी और प्रदर्शन का प्रत्यक्ष आकलन करने का अवसर मिला। शिक्षकों ने विषयवार उपलब्धियों, अध्ययन स्तर, अनुशासन, उपस्थिति, सहशैक्षिक गतिविधियों तथा जिन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है, उन पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान अभिभावकों ने भी बच्चों की शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर शिक्षकों से संवाद किया।प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के निर्माण में विद्यालय और परिवार की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित पढ़ाई पर ध्यान देने, घर में सकारात्मक वातावरण बनाने, समयबद्ध दिनचर्या अपनाने और अच्छे संस्कार विकसित करने में सहयोग की अपील की। अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ओपन डे के माध्यम से उन्हें अपने बच्चों की वास्तविक शैक्षणिक स्थिति को समझने और शिक्षकों से सीधे चर्चा करने का अवसर मिला।

## एक झलक

### घोड़ा पहाड़ के नीचे मिले शव की हुई पहचान

**गुमला** : सुरसांग थाना क्षेत्र के बिरकेरा टांगराटोली स्थित घोड़ा पहाड़ के नीचे 28 जुलाई को मिले अज्ञात शव की पहचान पालकोट थाना क्षेत्र के टेंगरिया निवासी लुकेश उरांव (50) के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी सुमन्ती देवी ने सदर अस्पताल में शव की पहचान की। उन्होंने बताया कि लुकेश उरांव मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और 21 जुलाई से लापता थे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेन पकड़ने की कोशिश में यात्री गिर कर घायल

**लातेहार** : बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश एक यात्री के लिए भारी पड़ गई। ट्रेन पकड़ने के प्रयास में संतुलन बिगड़ने से वह प्लेटफॉर्म पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) रेफर कर दिया।घायल की पहचान पलामू जिले के चैनपुर (डालटनगंज) निवासी 39 वर्षीय मिथिलेश कुमार, पिता अशोक राम, के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह बीडीएम सवारी ट्रेन से डालटनगंज से धनबाद जा रहा था । बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के निर्धारित ठहराव के दौरान वह प्लेटफॉर्म पर समोसा खरीदने के लिए उतर गए। इसी बीच ट्रेन खुल गई। ट्रेन को छूटता देख उन्होंने दौड़कर चलती बोगी में चढ़ने का प्रयास किया, लेकिन पैर फिसलने से वह प्लेटफॉर्म पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद स्टेशन पर मौजूद यात्रियों, रेलवे कर्मचारियों और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरवाडीह पहुंचाया गया। वहां चिकित्सा प्रभारी डॉ. अनुपमा एक्का और ड्रेसर राजेश चंद्र उर्फ बबलू की निगरानी में उनका प्राथमिक उपचार किया गया। सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें मिलने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया।रेलवे प्रशासन ने घटना के बाद यात्रियों से अपील की है कि ट्रेन चलने के बाद उसमें चढ़ने या उतरने का प्रयास कभी न करें। थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है।

### जर्जर सड़क की मरम्मत को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**चतरा** : टंडवा से केरेडारी आम्रपाली रोड स्थित लकराही मोड़ से चुंदरु मंदिर फोरलेन तक खस्ताहाल सड़क की त्वरित मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता सुभाष दास की अगुवाई में आक्रोशित ग्रामीणों ने कोल ट्रांसपोर्टिंग कोयला ढुलाई को पूरी तरह से ठप कर दिया। आंदोलन की खबर मिलते ही जीएम संजीव कुमार के निर्देश पर चंद्रगुप्त परियोजना अधिकारी भूषण कुमार मौके पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से बातचीत की। पीओ भूषण कुमार ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि सीसीएल जल्द सड़क की मरम्मत कराएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क के पक्के कालीकरण के लिए संबंधित विभाग से एनओसी मिलते ही काम आगे बढ़ाया जाएगा।

## ड्राइविंग लाइसेंस के लिए नामुदाग पंचायत में लगे कैम्प में उमड़ी लोगों की भीड़



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मनिका (लातेहार)** : झारखंड सरकार के निर्देश पर लातेहार परिवहन विभाग ने मनिका प्रखंड के नामुदाग पंचायत सचिवालय में बुधवार को ड्राइविंग लाइसेंस के लिए विशेष कैंप लगाया। इस कैंप का मकसद ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को उनके घर के पास ही ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी सेवा देना था। आयोजन कैंप में नामुदाग, रांकिकला, कोपे, बड़काडीह, सिन्जो पंचायत से बड़ी संख्या में ग्रामीण इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए पहुंचे। कैंप के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के इच्छुक लोगों ने अपने आवेदन जमा किए परिवहन विभाग के कर्मियों ने तय नियमों के अनुसार दस्तावेजों की जांच की और जरूरी औपचारिकताएं पूरी की। जांच के बाद योग्य आवेदकों को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए। कैंप में डेढ़ सौ आवेदकों को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए। वहीं जिला परिवहन विभाग के डीटीओ कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार सिंह ने बताया कि नामुदाग पंचायत सचिवालय में लगाए गए शिविर में मनिका प्रखंड के पांच पंचायत से डेढ़ सौ से अधिक लोगों ने आवेदन जमा किए हैं और उनके सारे दस्तावेजों की जांच के बाद टेस्ट लिया गया और हाथों-हाथ लर्निंग लाइसेंस दिया गया।

### गुरु पूर्णिमा पर सरस्वती विद्या मंदिर में गुरु-शिष्य परम्परा की झलक

## विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ, लातेहार में गुरु पूर्णिमा का पर्व महर्षि वेदव्यास जयंती के रूप में श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, महर्षि वेदव्यास के चित्र पर पुष्पांजलि और सामूहिक गुरु स्तुति से हुई। पूरे कार्यक्रम में गुरु के प्रति सम्मान और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव राजीव रंजन पांडे ने कहा कि गुरु व्यक्ति के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पथप्रदर्शक होते हैं। उनके सान्निध्य में ही ज्ञान, संस्कार और व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों के प्रति सम्मान बनाए रखने और उनके आदर्शों का पालन करने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने संस्कृत झांकी के माध्यम से महर्षि वेदव्यास के जीवन और उनके योगदान को मंच पर जीवंत किया। चारों वेदों के संकलन तथा महाभारत लेखन से जुड़े प्रसंगों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। भगवान श्रीगणेश द्वारा महाभारत लिखे जाने का दृश्य दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, गीत, नाटक, कहानी और समूहगान की प्रस्तुतियों से गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व बताया। छोटे बच्चों की गुरु वंदना और सामूहिक गीत ने कार्यक्रम में अलग ही रंग भर दिया। उनकी प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने तालियों से उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि अपने गुरु के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि गुरु के मार्गदर्शन से ही व्यक्ति सही दिशा में आगे बढ़ता है और जीवन में सफलता प्राप्त करता है।कार्यक्रम के अंत में सभी ने महर्षि वेदव्यास को श्रद्धांजलि अर्पित की और भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।



## देर रात पुलिस की सघन जांच, संदिग्धों और नशा कारोबारियों पर रखी गयी कड़ी नजर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार** : जिले में कानून-व्यवस्था मजबूत करने और अपराध पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से लातेहार पुलिस ने देर रात व्यापक सर्च एवं चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) संदीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान में लातेहार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा समेत बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल रहे।पुलिस टीम ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील इलाकों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंचकर सघन जांच की। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की गई, वाहनों की तलाशी ली गई और देर रात तक खुले रहने वाले प्रतिष्ठानों की भी जांच की गई। एसडीपीओ संदीप कुमार गुप्ता ने अभियान के दौरान दुकानदारों से बातचीत करते हुए निर्धारित समय तक ही दुकानें संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने साफ कहा कि तय समय के बाद यदि कोई दुकान खुली पाई जाती है तो संबंधित संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण, चोरी की घटनाओं पर रोकथाम और नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ इस तरह के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि आम लोगों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जा सके।

## डंडई प्रखंड के 19 विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा)** : निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रखंड क्षेत्र में विद्यालय प्रबंधन समिति (वीएमसी) के गठन की चुनाव प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई। पहले दिन प्रखंड के 19 सरकारी विद्यालयों में चुनाव शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया। चुनाव प्रक्रिया को लेकर सभी संबंधित विद्यालयों के पर्यवेक्षक एवं सचिव निर्धारित समय पर विद्यालय पहुंचे। अभिभावकों तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नई शिक्षा नीति के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयोजिका एवं उप-संयोजिका का चयन किया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय डंडई, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पश्चिम टोला, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय उत्तर हरिजन टोला तथा नव प्राथमिक विद्यालय बहेरवावा टोला सहित अन्य विद्यालयों में चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मध्य विद्यालय डंडई में पर्यवेक्षक याकूब अंसारी, उमेश शर्मा एवं दरोगा राम ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई। वहीं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पश्चिम टोला में संतोष तिवारी, उत्तर हरिजन टोला में नीतीश कुमार एवं राजू रंजन तथा बहेरवावा टोला में वीरेंद्र राम एवं विजय ठाकुर ने विद्यालय प्रबंधन समिति के चारों पदों का सर्वसम्मति से चुनाव कराया। इस दौरान संबंधित विद्यालयों के सचिव आदित्य लाल, हरिशंकर ठाकुर, राम प्रवेश राम एवं आकाश राम भी अपने-अपने विद्यालयों में उपस्थित रहे। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय उत्तर हरिजन टोला में उदय राम को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष, कविता देवी को उपाध्यक्ष, सुषमा देवी को संयोजिका तथा सुनीता देवी को उप-संयोजिका चुना गया। पर्यवेक्षक नीतीश कुमार ने बताया कि विभागीय निदेशों एवं नई शिक्षा नीति के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर चुनाव संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक हाट होने के कारण अभिभावकों के विद्यालय पहुंचने में कुछ विलंब हुआ, लेकिन बाद में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित हुए। सभी की सहमति एवं राय-मशविरा के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति के चारों पदों पर सर्वसम्मति से निर्वाचन संपन्न कराया गया।

### दामोदर मास महोत्सव पर श्रीमद्भागवत कथा की तैयारी शुरू



**कुंडहित (जामताड़ा)** : दामोदर मास महोत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा को लेकर बजरंगबली मंदिर कमेटी की बैठक आनंद दास की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों और सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि 7 से 10 नवंबर तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कथावाचक बालक कौस्तुभ बल्लभ शास्त्री महाराज द्वारा किया जाएगा। आयोजन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए मंदिर परिसर की साफ-सफाई, भव्य पंडाल निर्माण, तोरण द्वार लगाने और रोशनी की व्यवस्था करने पर सहमति बनी। 7 नवंबर को राजबांध से 151 कुमारी कन्याओं द्वारा गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में जयदेव मंडल को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष चुना गया। मौके पर कमेटी के कई सदस्य उपस्थित थे।

## नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को संघ लोक सेवा आयोग की तरह संवैधानिक दर्जा और स्वायत्तता प्रदान करे केन्द्र सरकार : अमित पांडे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**मेदिनीनगर** : पलामू जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के अध्यक्ष अमित पांडे (अधिवक्ता) ने पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) अमेंडमेंट बिल, 2026 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लाया गया संशोधन विधेयक पेपर लीक की समस्या को जड़ से समाप्त करेगा ऐसी संभावना कम दिखाई पड़ती है। यद्यपि इस विधेयक में पेपर लीक से जुड़े मामलों के समयबद्ध निस्तारण, दोषियों के लिए कठोर दंड तथा जुमार्ने में वृद्धि एवं मामलों के निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का प्रावधान किया गया है। किंतु केवल दंड बढ़ाने,समय-सीमा निर्धारित कर देने एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन मात्र से पेपर लीक जैसी गंभीर समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा ऐसा प्रतीत नहीं होता क्योंकि न्यायपालिका की सीमाएं हैं , न्यायपालिका एविडेंस के मौलिक नियमों के आधार पर काम करती हैं अगर तमाम प्रावधानों के बावजूद भी न्यायालय में पर्याप्त एविडेंस किसी कारण से नहीं आता है तो वैसी स्थिति में पेपर लीक के अभियुक्त को सजा दिला पाना संभव नहीं होगा। यदि केंद्र सरकार वास्तव में प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना चाहती है, तो उसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को संवैधानिक अथवा कम-से-कम वैधानिक दर्जा प्रदान करने हेतु संसद के इसी मानसून सत्र में कानून लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनटीए की स्थापना की सिफारिश सर्वप्रथम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के कुछ निदेशकों की जीस समिति ने सरकार को वर्ष 2010 में किया था, उसने इसे एक स्वतंत्र वैधानिक निकाय के रूप में स्थापित करने की सिफारिश की थी, ताकि यह राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होकर निष्पक्ष रूप से राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं का संचालन कर सके परंतु वर्ष 2017 में केंद्र सरकार ने समिति की इस सिफारिश को नजरअंदाज करते हुए सरकार ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को संवैधानिक अथवा वैधानिक दर्जा प्रदान करने के बजाय बजट भाषण के माध्यम से एक कार्यकारी प्रस्ताव के द्वारा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना की घोषणा की गई। वर्तमान में यह एजेंसी शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के अधीन कार्य करती है और देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाओं का संचालन करती है परंतु इसकी संस्थागत स्वतंत्रता पर कई सवाल खड़े किए जाते रहे। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि यदि सरकार भविष्य में पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी वास्तविक रोक लगाना चाहती है और देश के करोड़ों विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित करना चाहती है, तो उसे एनटीए को संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर पूर्ण स्वायत्तता एवं संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करने वाला कानून संसद के इसी मानसून सत्र में लाना चाहिए।

## लातेहार पहुंचेगी संत रविदास की पवित्र कलश यात्रा, स्वागत की तैयारियां पूरी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही पवित्र कलश यात्रा गुरुवार को लातेहार पहुंचेगी। इसके स्वागत और आयोजन को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस संबंध में स्थानीय परिषदन भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी नेताओं ने यात्रा की रूपरेखा और उद्देश्य की जानकारी दी। पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने बताया कि काशी (वाराणसी) से शुरू हुई यह यात्रा संत रविदास के समता, सामाजिक सद्भाव और मानव सेवा के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि संत रविदास के विचार आज भी समाज को समानता और भाईचारे की राह दिखाते हैं तथा नयी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष बंशी यादव ने कहा कि यात्रा के स्वागत को यादगार बनाने के लिए कार्यकर्ता कई दिनों से तैयारियों में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर व्यवस्थाएं की गई हैं। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष पिंटू रजक ने कहा कि संत रविदास के बताए मार्ग पर चलकर ही समरस और समान अवसर वाला समाज बनाया जा सकता है।

### पंचायतों तक पहुंच रहीं परिवहन विभाग की सेवाएं

## अब घर के नजदीक बन रहा ड्राइविंग लाइसेंस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : आम नागरिकों को ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित सेवाएं उनके घर के नजदीक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परिवहन विभाग, झारखंड के निदेशानुसार बुधवार को पंडवा प्रखंड के पतरा पंचायत क्लस्टर में पंचायत स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में पतरा, छेछौरी, मझीगांवा एवं मुरमा पंचायत के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंप में परिवहन विभाग की टीम सभी आवश्यक तकनीकी उपकरणों एवं संसाधनों के साथ पंचायत पहुंची, जिससे ग्रामीणों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं पड़ी। इससे समय, धन और श्रम–तीनों की बचत हुई तथा दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही सुविधा उपलब्ध कराई गई। प्रेस विज्ञप्ति तैयार किए जाने तक कुल 106 लर्निंग लाइसेंस आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 62 युवाओं को ऑन-द-स्पॉट लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया।इस अवसर पर मोटरयान निरीक्षक एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधक ने लाभुकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस केवल वाहन चलाने की अनुमति नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी से हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने तथा यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करने की अपील की। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान जाना अत्यंत चिंताजनक विषय है।



पंडवा प्रखंड में आयोजित पंचायत स्तरीय कैम्प में 62 युवाओं को ऑन-द-स्पॉट लर्निंग लाइसेंस प्रदान, सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

## लायंस क्लब गुमला ने 500 जरूरतमंदों के बीच वितरित किया भोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : लायंस क्लब गुमला द्वारा सामाजिक सेवा के तहत ₹फूड फॉर हंगर₹ कार्यक्रम का आयोजन मेन रोड स्थित हिंदुस्तान एजेंसी के सामने किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी शांति दीदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को भोजन कराना मानवता की सच्ची सेवा है। क्लब अध्यक्ष लायन पदम साबू ने कहा कि संस्था समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग पहुंचाने के लिए निरंतर सेवा कार्य करती रहेगी। सचिव डॉ. शंकर लाल जाजोदिया ने जरूरतमंदों की सम्मानपूर्वक सेवा को सामाजिक जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम के दौरान करीब 500 जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

### सड़क निर्माण कार्य का विधायक डॉ. नीरा यादव ने किया शिलान्यास, कहा

## विकास की रोशनी गांव-गांव तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत डोमचांच प्रखंड के भेलवाटांड़ गांव में सड़क निर्माण कार्य का बुधवार को विधिवत शिलान्यास किया गया। कोडरमा की विधायक डॉ. नीरा यादव ने राजू यादव के घर से देवी मंडप एवं श्मशान घाट होते हुए उत्क्रमित विद्यालय घरबरियाबर तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सहूलियत होगी तथा देवी मंडप और श्मशान घाट तक पहुंच भी आसान होगी। उन्होंने कहा कि उनकी सोच है– ₹विकास आप तक, विकास सब तक₹, और इसी उद्देश्य के साथ विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मजबूत सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। बेहतर सड़क संपर्क से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार सहित हर क्षेत्र को गति मिलती है। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। शिलान्यास कार्यक्रम में दिनेश सिंह, रामजी यादव, सिकंदर यादव, महेश यादव, पवन सिंह, अर्जुन यादव, सुनील यादव, शंभू सिंह, राजेश पासवान, अजय यादव, महेंद्र साव समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए विधायक डॉ. नीरा यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या का समाधान होगा और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।



## जिला स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन



**चतरा** : राज्य परियोजना निदेशक झारखंड शिक्षा परियोजना रांची के तत्वाधान में जिला स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता 2026- 27 का आयोजन बुधवार को चतरा जिले के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चतरा के मैदान में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन अध्यक्ष जिला परिषद चतरा,जिला शिक्षा अधीक्षक चतरा एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चतरा के प्राचार्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गय । इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक श्री रामजी कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में व- 15 बालक व-17 बालक व-17 बालिका आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं प्रतियोगिता में तीनों आयु वर्ग में कुल 20 टीमो ने भाग लिया। जिसमें 17 बालक आयु वर्ग में विजेता - उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय लेपो सिमरिया, उपविजेता - उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिंडराकौन (गिद्धौर), तृतीया स्थान - गंगा स्मारक प्लस टू हाई स्कूल गिद्धौर रहा । वही 15 बालक आयु वर्ग में विजेता - उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय लेपो सिमरिया, उपविजेता - उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिंडराकौन (गिद्धौर), तृतीय स्थान - उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोकी, मयूरहंड एवं अंडर 17 बालिका विजेता उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय लेपो सिमरिया, उपविजेता सीएम एसओई चतरा एवं तृतीय स्थान पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टंडवा रहा।

## जन समाधान दिवस में पेंशन से जुड़े कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट हुआ समाधान

# भूमि विवादों का करें त्वरित निष्पादन : डीसी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रत्येक बुधवार की भांति समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में जन समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जन समाधान दिवस के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुड़े कई मामले सामने आए। लाभुकों ने पेंशन भुगतान में तकनीकी त्रुटि, आधार सीडिंग, बैंक खाते से संबंधित समस्याओं सहित अन्य शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके बाद कई मामलों का मौके पर ही सत्यापन कर तकनीकी त्रुटियों का ऑन-द-स्पॉट निराकरण किया गया, जिससे संबंधित लाभुकों की पेंशन भुगतान की प्रक्रिया पुनः सुचारू हो सकी।बैठक के दौरान भूमि विवाद एवं राजस्व से संबंधित कई आवेदन भी प्राप्त हुए। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित अंचलाधिकारियों से दूरभाष पर बात कर प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए तथा आमजनों को समय पर न्याय मिलना चाहिए।इसके अलावा जन समाधान दिवस में राजस्व, आपूर्ति, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य विभागों से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को जन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



## बीएसएल की 'पीटर थंगराज मेमोरियल' फुटबॉल चैम्पियनशिप का शुभारम्भ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के तत्वावधान में 29 जुलाई को 'पीटर थंगराज मेमोरियल' ग्रामीण युवा फुटबॉल चैंपियनशिप 2026-27 का शुभारंभ हुआ। बोकारो के परिधीय ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने, सामुदायिक सहभागिता को सदृढ़ करने तथा उभरते फुटबॉल प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन 29 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बीएसएल के निदेशक प्रभारी ने सयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया।इस टूनार्मेंट का आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र के भूतपूर्व कर्मचारी (1976-1997), अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित, पूर्व ओलंपियन फुटबॉलर तथा वर्ष 1958 में 'एशिया के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर' रहे स्वर्गीय पीटर थंगराज की स्मृति में किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में बोकारो ग्रामीण फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 की क्वार्टर फाइनलिस्ट 8 ग्रामीण एवं अकादमिक टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें भर्रा क, तुपकाडीह, परटांड, झोपड़ो, नरकरा, राधानगर, शिबुटांड़ और सेल फुटबॉल अकादमी की टीम शामिल हैं।प्रतियोगिता का आगाज 29 जुलाई को राउंड ऑफ ऐट के रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। इस चरण में खेले गए मैचों में भर्रा ने नरकरा को 2-1 से पराजित किया, सेल फुटबॉल अकादमी ने तुपकाडीह को 9 -0 से पराजित किया, परटांड़ ने झोपड़ो को 2-0 से मात दिया जबकि राधानगर की टीम शिबुटांड़ के खिलाफ 2-1 से विजयी रही।




## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग।

### दर आमंत्रण सूचना

हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत Urban Ayushman Arogya Mandir (UAAM) पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक फर्म/ एजेन्सी/स्थानीय दुकानदार दिनांक 17.08.2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक निगम कार्यालय में कोटेशन सभी करो के साथ जमा करना होगा। कोटेशन उसी दिन अपराह्न 4.00 बजे खोला जायेगा। समय अवधि के पश्चात् प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। दर आमंत्रण सूचना बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

नोट :– नियम, शर्तें एवं सामग्री सूची कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग

PR 386220 (Urban Development and Housing) 26-27 (D)


## विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर बीजीएच में नि:शुल्क फाइब्रोस्कैन शिविर आयोजित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बोकारो :** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर बोकारो जनरल अस्पताल के मेडिसिन विभाग द्वारा निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच शिविर का आयोजन किया गया।दिनभर चले इस शिविर का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) ने मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, वरिष्ठ चिकित्सकों तथा अस्पताल के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में किया। फाइब्रोस्कैन जांच के माध्यम से लीवर की स्टिफनेस का आकलन किया जाता है।यह जांच विशेष रूप से मधुमेह, मोटापा, लंबे समय तक शराब के सेवन, क्रोनिक हेपेटाइटिस-बी तथा क्रोनिक हेपेटाइटिस-सी संक्रमण से संबंधित फैटी लिवर के मरीजों के लिए उपयोगी मानी जाती है। यह एक त्वरित, दर्दरहित और बिना किसी चीरे-टांके वाली (नॉन-इनवेसिव) जांच है। चिकित्सकों के अनुसार, यह क्रोनिक लिवर रोगों की पहचान के लिए अल्ट्रासोनोग्राफी की तुलना में अधिक उन्नत तकनीक है, जिससे गंभीर लिवर रोगों का प्रारंभिक चरण में पता लगाकर समय पर उपचार संभव हो पाता है।शिविर के दौरान उपस्थित वरिष्ठ चिकित्सकों ने कहा कि लिवर रोगों की समय पर पहचान से उनका प्रभावी उपचार किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से बीजीएच में आयोजित निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में गुरु पूर्णिमा का भव्य आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कोडरमा :** राज इंटरनेशनल स्कूल, कोडरमा में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल घोष द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही जीवन में ज्ञान, संस्कार एवं सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए स्वयं के हाथों से बनाए गए आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड भेंट किए तथा उपहार देकर अपने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों के इस स्नेहपूर्ण भाव से विद्यालय का वातावरण भावुक एवं उल्लासपूर्ण हो उठा।गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालय में अनेक सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, भजन, समूह गीत, कविता पाठ, प्रेरणादायक भाषण, नृत्य, लघु नाटिका (स्किट) तथा गुरु महिमा पर आधारित प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा कार्ड निर्माण गतिविधि, धन्यवाद संदेश लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य राहुल घोष ने सभी विद्यार्थियों को गुरुजनों का सदैव सम्मान करने, उनके आदर्शों का अनुसरण करने तथा अनुशासित एवं संस्कारित जीवन जीने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन सभी गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाओं के साथ हुआ। विद्यालय परिसर पूरे समय श्रद्धा, उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा।





## कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता
## विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉंची

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 24/26–27 .

15 अगस्त 2026 (स्वतंत्रता दिवस) के अवसर पर मोराबादी मैदान, रॉंची, राजभवन, रॉंची, झारखण्ड विधान सभा, मान्नीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, धुर्वा, रॉंची, पुराना उच्च न्यायालय (धरोहर) भवन, डोरण्डा, रॉंची, झालसा भवन, डोरण्डा, रॉंची, एवं अन्य में अस्थायी विद्युतीकरण एवं विद्युत साज–सज्जा कार्य हेतु अनुभवी, विभाग में निबंधित विद्युत अनुज्ञापत्रधारी सम्वेदक से मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित तिथि एवं शर्तो के साथ निविदा आमंत्रित किया जाता है:–

1. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि:– 07.08.26 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची, विद्युत कार्य अंचल, रॉंची एवं विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
3. निविदा प्राप्ति का समय, तिथि एवं स्थान:–2.00 बजे अपराहृण तक दिनांक – 08.08.26 को नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची एवं विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची में।
4. निविदा खोलने की समय, तिथि एवं सीान:– 3:00 बजे अपराहण तक दिनांक– 08.08.26 को विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची में।
5. परिमाण विपत्र का मूल्य :– नियमानुसार
6. अग्रधन राशि :– प्राक्कलित राशि का दो प्रतिशत।

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

PR.NO.386223 Energy(26-27):D


## सड़क हादसे में पांच घायल

**कोडरमा :** जिले के कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रांचीझपटना मुख्य मार्ग पर चाराडीह के समीप मंगलवार देर रात एक स्कॉर्पियो का चक्का चलते-चलते खुल जाने से बड़ा सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, फुलवरिया निवासी फुलिया बिरहोर का परिवार पुत्री के विवाह संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने चतरा गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद देर रात सभी स्कॉर्पियो से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान चाराडीह के समीप अचानक वाहन का चक्का निकल गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और स्कॉर्पियो डिवाइडर से जा टकराई।

## कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में वेद व्यास जयंती पर आचार्यों को किया गया सम्मानित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में बुधवार को वेदव्यास जयंती के अवसर पर आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति द्वारा विद्यालय में कार्यरत आचार्य एवं दीदी जी को सम्मानित किया गया। विद्या भारती के द्वारा प्रत्येक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आचार्य के सम्मान की परंपरा निभाई जाती है। उसी कड़ी में इस विद्यालय में भी इस पवित्र परंपरा का निर्वहन किया गया। समारोह की शुरूआत समिति के माननीय अध्यक्ष नारायण सिंह के नेतृत्व में की गयी। उन्होंने अपने सम्बोधन में गुरु की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही जीवन में मार्गदर्शन का दीपक होते हैं। जिनके ज्ञान से ही समाज का विकास संभव है। विद्यालय के प्राचार्य आनंद मोहन ने इस सम्मान के लिए समिति के सभी माननीय पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह सम्मान हमें अपने कर्तव्य के प्रति और अधिक निष्ठावान बनायेगा। मुख्य वक्ता के रूप में आचार्य विजय कुमार मिश्र तथा प्रदीप कुमार ने उपस्थित भैया बहनों को गुरु पूर्णिमा एवं महर्षि वेदव्यास की जीवनी से अवगत कराते हुए गुरु शिष्य परंपरा के महत्व को बताया। मंच संचालन बहन श्वेता द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

## चैनपुर के हाथी प्रभावित बुकमा गांव में जंगली हाथी का तांडव

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत अति संवेदनशील हाथी प्रभावित क्षेत्र बुकमा में एक बार फिर जंगली हाथी ने भारी उत्पात मचाकर ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। तड़के लगभग 3:30 बजे एक जंगली हाथी ने गांव में धावा बोलकर महिपाल लोहरा के मकान को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखा अनाज चट कर गया। घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।पीड़ित परिवार की महिला कलिस्ता कुजूर ने बताया कि तड़के करीब 3:30 बजे अचानक हाथी उनके घर के पास आ गया। जब तक वे कुछ समझ पाते, हाथी ने घर की दीवारें ढहाना शुरू कर दिया। आहट मिलते ही परिवार के सभी लोग जान बचाकर घर से बाहर की ओर भागे। देखते ही देखते हाथी ने पूरे कमरे को मिट्टी और मलबे में तब्दील कर दिया। घर में रखे बर्तन, कपड़े और लगभग दो बोरी चावल-दाल को हाथी ने खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया।

### उपायुक्त ने समाहरणालय के विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

**बोकारो :** बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने पूर्वाह्न समाहरणालय स्थित विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन कर समयबद्ध उपस्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण क्रम में उपायुक्त ने विकास शाखा, योजना शाखा, ग्रामीण विकास शाखा, गोपनीय कार्यालय, एनडीसी कार्यालय तथा एडीडीएस कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयों में संचालित कार्यों की जानकारी लेते हुए कार्य संस्कृति एवं अनुशासन बनाए रखने का निर्देश दिया।


## उपायुक्त का कार्यालय (जिला विकास शाखा), सिमडेगा
(सिमडेगा जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट)

### भाव-पत्र आमंत्रण

प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजनान्तर्गत, सिमडेगा जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के कार्यो के निष्पादन हेतु इच्छुक वाहन मालिकों से छोटी वाहन किराये पर उपलब्ध कराने हेतु भावपत्र आमंत्रित किया जाता है जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

| सेवाओं की विवरणी | वाहन का प्रकार | वाहन की आयु | वाहन किराया प्रति माह चालक सहित | वाहन किराया प्रति माह चालक रहित |
|---|---|---|---|---|
| छोटी वाहन मासिक किराये के आधार पर उपलब्ध कराना | Innova | 10 अगस्त 2026 को 06(छः) माह से अधिक नहीं। | | |

इच्छुक सेवा प्रदाता को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.08.2026 को अपराह्न 01.00 बजे तक सिलबन्द लिफाफा में अपना भाव पत्र, जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, सिमडेगा के नाम से जिला विकास शाखा, सिमडेगा में समर्पित कर सकते है, निर्धारित तिथि के पश्चात् भावपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। भावपत्र स्वीकृत/रद्द करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**भावपत्र निस्तार से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें :–**

1. भावपत्र समर्पित करने के स्थान– उप विकास आयुक्त का कार्यालय, (जिला विकास शाखा) सिमडेगा।
2. भावपत्र समर्पित करने की अंतिम तिथि–10.08.2026 को अपराह्न 01.00 बजे तक।
3. भावपत्र खोलने की तिथि–10.08.2026 अपराह्न 04.00 बजे तक।
4. भावपत्र खोलने का स्थान –समाहरणालय सभागार, सिमडेगा।

**शर्तें –**

1. सेवा प्रदाता को वाहन के साथ चालक सहित/रहित मासिक किराया का दर अंकित करना होगा जो परिवहन विभाग, झारखण्ड द्वारा निर्धारित दर/निर्वाचन कार्य हेतु अनुमोदित दर से अधिक नहीं होना चाहिए।
2. वाहन का निबंधन होना आवश्यक है तथा R.C. book संलग्न करें।
3. वाहन का अद्यतन टैक्स भुगतान किये जाने संबंधित कागजात समर्पित करना आवश्यक है।
4. वाहन का अद्यतन बीमा संबंधित कागजात समर्पित करना आवश्यक है।
5. वाहन का वैद्य रोड Tax संबंधित कागजात समर्पित करना आवश्यक है।

उप विकास आयुक्त,
सिमडेगा

PR 386129 Simdega (26-27)_D


## पर्यावरण संरक्षण के लिए केन्द्र सरकार करे ऐतिहासिक पहल

**आदर्श फाउंडेशन ने पीएम मोदी को पत्र लिख कर जतायी चिंता**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कोडरमा :** बढ़ते वैश्विक पर्यावरण संकट और जल संकट को देखते हुए गैर-सरकारी संस्था 'आदर्श फाउंडेशन' ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है। फाउंडेशन ने पत्र भेजकर केंद्र सरकार से पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर विशेष व ऐतिहासिक पहल करने की अपील की है। फाउंडेशन के सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने देश के मौजूदा हालात पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, हम सभी भारतीयों के लिए पर्यावरण संरक्षण पर मिलकर काम करने का यह सबसे सही समय है। विकास जरूरी है, लेकिन विकास के नाम पर हर साल लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं और प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हो रहा है। हम जंगलों को उजाड़कर आखिर कब तक कंक्रीट के महल बनाते रहेंगे 'उन्होंने यह भी कहा कि कई जनप्रतिनिधि भी इस गंभीर मुद्दे को लेकर पर्याप्त संवेदनशील नजर नहीं आते। प्रकृति रूठी तो स्थिति होगी बेकाबूः फाउंडेशन ने जताई ये चिंताएं,जल स्रोत लगातार सूख रहे हैं। जंगलों में पानी खत्म होने की वजह से जंगली जानवर भोजन और पानी की तलाश में ग्रामीण बस्तियों का रुख कर रहे हैं।

## गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में इंटरेक्ट क्लब का गठन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चास :** रोटरी क्लब चास की ओर से समाज सेवा एवं युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में इंटरेक्ट क्लब का गठन किया गया। इस अवसर पर आयोजित एक सादे एवं गरिमामय समारोह में नवगठित इंटरेक्ट क्लब के अध्यक्ष यशिका एवं सचिव शीतल कुमारी को आधिकारिक चार्टर सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जोनल यूथ चेयर श्वेता रस्तोगी ने विद्यार्थियों को इंटरेक्ट क्लब के उद्देश्यों, सेवा कार्यों, नेतृत्व विकास तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इंटरेक्ट क्लब विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। विद्यालय प्रबंधन ने रोटरी क्लब चास का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि इंटरेक्ट क्लब के माध्यम से छात्र-छात्राएं समाजोपयोगी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे तथा अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करेंगे। समारोह में रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, सचिव विनोद चोपड़ा, विद्यालय की प्राचार्य सुमन नांगिया, सहायक मंडल अध्यक्ष पूजा बैद, ललिता चोपड़ा, संजय बैद, नरेंद्र सिंह,कुमारअमरदीप,उषा कुमार तथा अनूप दमीयान, पुष्पा सिंह,पूनम सिंह, एस सी माहथा, कुमार गौरव, जयदीप कुमार, दीपक कुमार सिंह, रंजीत कुमार, आकृति, ज्योति झा, अरविंद कुमार आदि शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।


## AFFIDAVIT

I, Pinki Tiu, aged about 28 years, daughter of Bijay Singh Tiu, permanent resident of village- Diliamarcha, P.O. Chaibasa, P.S. Muffasil (Chaibasa), District- West Singhbhum, Jharkhand, presently residing at H. No. 2, Cross Road No. 9, Green Valley, P.O. and P.S. Azadnagar, District- East Singhbhum, Jharkhand-832110 do hereby solemnly affirm and state as follows:

**1.** That I hereby acknowledge and declare that I have changed my name to 'Khadija Imam' from 'Pinki Tiu'

**2.** That the reason for the change in my name is because I have publicly accepted Islam as my religion and faith and I am presently practising Islam as my religion and faith.

**3.** That the above-mentioned change in my religion as well as my name has done by me on my own free will and I am under no threat, influence or compulsion of anyone.

**4.** That accordingly in view of the above, it is hereby declared that 'Khadija Imam' and 'Pinki Tiu' are one and the same person.

5. That from here on for all official and non-official purposes and on every official and non-official document, 'Khadija Imam' and 'Pinki Tiu' are one and the same person.

6. That the present affidavit is being sworn bona fide in the interest of justice.

Sworn and signed this affidavit vide affidavit no.- 200 Dated-27.07.27 at Ranchi.

Advocate


## सेक्रेड हार्ट स्कूल में आईटी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** सेक्रेड हार्ट स्कूल, झुमरी तिलैया में कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस आईटी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि, तार्किक सोच एवं डिजिटल जागरूकता का विकास करना था। प्रतियोगिता में चारों हाउस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार (मुख्य अतिथि), सीएम स्कूल, डोमचांच के प्राचार्य विनोद मिश्रा (विशिष्ट अतिथि) तथा विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कंप्यूटर के 'एंटर' की को दबाकर किया, जो डिजिटल युग की ओर बढ़ते कदम का प्रतीक बना। रोमांचक मुकाबले के बाद आकाश हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पानी हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। धरती हाउस एवं पवन हाउस ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में सूचना प्रौद्योगिकी का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है तथा ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की योग्यता का विकास करती हैं। विशिष्ट अतिथि विनोद मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को तकनीक के साथ निरंतर सीखते रहने की आदत विकसित करनी चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीक-आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।




## झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रॉंची पूर्व, रॉंची।

### अति अल्पकालिन निविदा सूचना –30/2026–27

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉंची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉंची पूर्व रॉंची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 5.8.2026 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 6.8.2026 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 6.8.2026 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, रॉंची अंचल, रॉंची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Replacement of filter media of 2000 LPH Iron and turbidity removal filtration plant and installation of Iron turbidity removal plant with multiple valve & necessary water supply pipe line and its allied work at Officers qtr. No.- A5 Mascote maidan Doranda and other officers qtr. Doranda Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi | 1083772.00 | 21700.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 2 | Replacement of filter media of 2000 LPH Iron and turbidity removal filtration plant with multiple valve & necessary water supply pipe line and its allied work and installation of 1no. Iron turbidity removal plant at High court staff qtr. No.- 17 Doranda Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi | 841006.00 | 16900.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 3 | Supplying fitting and fixing of iron and turbidity removal filtration plant with multiple valve & necessary water supply pipe line and its allied work at officers qtr. No.- A6 & A7 Mascote maidan Doranda Ranchi under D.W.& S. Division, Ranchi East Ranchi | 1189446.00 | 23800.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 4 | Construction of RCC Staging and other allied work at staff quarter no. 14/19 and other high court pool quarters under D.W.&S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 736264.00 | 14800.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 5 | Replacement old and damage stnitory fitting at New Judges Bungalow No. 4& 2 and other high court judges bungalow under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1219100.00 | 24400.00 | 2500.00 | 15 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- ccdwsd.ranchicast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉंची पूर्व रॉंची ।

PR 386199 Drinking Water and Sanitation(26-27)D

## एक झलक

### बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था के लिए एसएसपी ने की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

**धनबाद:** शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बुधवार देर शाम को पुलिस केंद्र में ट्रैफिक पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले की वर्तमान ट्रैफिक व्यवस्था का आकलन करते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। एसएसपी ने कहा कि यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा आम नागरिकों के साथ शालीन एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क पर अनुशासन बनाए रखने के साथ लोगों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिकता है। बैठक में गोविंदपुर में निर्माण कार्य के कारण उत्पन्न जाम की समस्या पर विशेष चर्चा हुई। एसएसपी ने अधिकारियों को प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन, अतिक्रमण हटाने और यातायात बाधित करने वाले कारणों को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया। वहीं बैंक मोड़ क्षेत्र में लगातार लगने वाले जाम को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती तथा ट्रैफिक संचालन को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए, ताकि लोगों को निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सके। बरसात के मौसम में ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक जवानों की सुविधा एवं सुरक्षा के मद्देनजर 200 रेनकोट का वितरण भी किया गया। एसएसपी ने कहा कि प्रतिकूल मौसम में भी जवान पूरी क्षमता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं, इसके लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। बैठक में सिटी एसपी रितिक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब, ट्रैफिक डीएसपी रोहित कुमार साव, ट्रैफिक थाना प्रभारी जय प्रकाश सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं ट्रैफिक जवान मौजूद थे।


### धनबाद में चला एंटी क्राइम चेकिंग अभियान, 1219 वाहनों की जांच

**धनबाद:** जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मंगलवार देर शाम तक वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों तथा मुख्य सड़कों पर वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की। पुलिस ने अभियान के दौरान कुल 1,219 वाहनों की जांच की। वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, बीमा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। जिन वाहनों के कागजात अधूरे या नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए, उनके विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन की हिदायत दी गई। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेकर उनकी पहचान का सत्यापन किया गया। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ कर उनकी गतिविधियों की भी जांच की, ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि पर समय रहते अंकुश लगाया जा सके। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि इस तरह के अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों पर नजर रखना, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नियंत्रण करना तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने लोगों से पुलिस जांच में सहयोग करने और वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की।

### शहीद शक्तिनाथ महतो की जयंती पर 02 अगस्त को श्रद्धांजलि सभा, तैयारियों को लेकर बैठक

**बाघमारा (धनबाद):** झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता एवं क्रांति दूत शहीद शक्तिनाथ महतो की जयंती 2 अगस्त को श्रद्धापूर्वक मनायी जायेगी। इस अवसर पर आजाद सिजुआ (टाटा सिजुआ 12 नंबर) स्थित उनके समाधि स्थल पर सुबह 10:30 बजे श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार को टाटा सिजुआ स्थित टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के आवासीय कार्यालय में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी तथा छात्र-छात्राएं शहीद शक्तिनाथ महतो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इस दौरान उनके झारखंड आंदोलन में योगदान और शहादत को याद करते हुए उनके आदर्शों को बताए मार्ग पर चलने का सामूहिक संकल्प भी लिया जाएगा। बैठक में शहीद शक्तिनाथ महतो के पुत्र मनोज कुमार महतो सहित बाबूलाल महतो, बसंत कुमार महतो, सुमित कुमार भारद्वाज, गोविंददेव महतो, रमेश प्रसाद, राजेंद्र पासी, राजीव कुमार, बीरू सिंह, राजेश कुमार महतो, पंकज कुमार महतो समेत कई लोग उपस्थित रहे। बैठक में कार्यक्रम को गरिमामय एवं सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियों पर चर्चा की गयी।

# मिड डे मील की गुणवत्ता पर सख्त हुए डीसी, अब सप्ताह में दो दिन मिलेगा रागी लड्डू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद:** जिले के सरकारी विद्यालयों में संचालित प्रधानमंत्री पोषण (मिड डे मील) योजना को अधिक पौष्टिक, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने नई पहल शुरू की है। बुधवार को समाहरणालय में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय स्टेयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में मिड डे मील की गुणवत्ता, स्वच्छता और निगरानी व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सप्ताह में दो दिन बच्चों को रागी लड्डू देने का प्रस्ताव रखा, ताकि उन्हें अतिरिक्त पोषण और ऊर्जा मिल सके। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि विद्यालयों में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भोजन हमेशा ताजा, पौष्टिक और सरकार द्वारा निर्धारित साप्ताहिक मेन्यू के अनुरूप ही परोसा जाये। साथ ही रसोईघर, भोजन पकाने के स्थान और उपयोग में आने वाले बर्तनों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा रसोइयों की व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक को प्रतिदिन जिला एवं प्रखंड स्तर पर मिड डे मील की निगरानी कराने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत पोषण वाटिका विकसित करने और जिले से उपलब्ध कराए गए फलदार पौधों का अनिवार्य रूप से रोपण कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में एक जिम्मेदार व्यक्ति को पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी जाए। बैठक में बच्चों के बीच प्लेट-थाली वितरण, विद्यालयों के ऑडिट तथा पीएम पोषण योजना से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक शालिनी डुंगडुंग सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## बाघमारा बना पहला विधानसभा क्षेत्र, मतदाता डिजिटाइजेशन में हासिल की 100% सफलता

**धनबाद:** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत धनबाद जिले के बाघमारा विधानसभा क्षेत्र ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अपने सभी मतदाताओं का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया है। 43-बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के सभी 355 मतदान केंद्रों पर पंजीकृत 3,03,288 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन सफलतापूर्वक पूरा होने पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने पूरी टीम को बधाई दी है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में कुल 2,372 मतदान केंद्रों के 21,15,997 मतदाताओं में से 21,02,656 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है, जो कुल लक्ष्य का 99.37 प्रतिशत है। उन्होंने विश्वास जताया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर जिले के सभी मतदाताओं का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया जाएगा। अन्य विधानसभा क्षेत्रों की प्रगति भी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। टुंडी विधानसभा में 99.95 प्रतिशत, निरसा में 99.91 प्रतिशत, झरिया में 99.53 प्रतिशत, सिंदरी में 99.46 प्रतिशत तथा धनबाद विधानसभा में 98.02 प्रतिशत मतदाताओं का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। निर्वाचन विभाग के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन और पारदर्शी बनाना है। बाघमारा की उपलब्धि को जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रेरणादायी माना जा रहा है। जिला प्रशासन का कहना है कि अभियान की सतत निगरानी और बूथ स्तर के कर्मियों के समन्वित प्रयास से शेष कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

## खरखरी कब्रिस्तान की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की मांग तेज, मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**बाघमारा (धनबाद):** बाघमारा प्रखंड की खरखरी पंचायत स्थित कब्रिस्तान में चारदीवारी और शेड निर्माण की वर्षों पुरानी मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। इस्लाहिया कमेटी शेख बिरादरी के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को झारखंड के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात कर संयुक्त ज्ञापन सौंपा और जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित भी किया। ज्ञापन में बताया गया कि खरखरी पंचायत के कब्रिस्तान की लगभग 3000 फीट परिधि होने के बावजूद अब तक इसकी चारदीवारी नहीं बन सकी है। इससे कब्रिस्तान अतिक्रमण की आशंका से घिरा रहता है और धार्मिक स्थल की सुरक्षा एवं गरिमा प्रभावित होती है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों के समक्ष यह मांग उठाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। कमेटी ने यह भी कहा कि अंतिम संस्कार और अन्य धार्मिक अवसरों पर आने वाले लोगों को धूप, बारिश और खराब मौसम में काफी परेशानी होती है। इसलिए कब्रिस्तान परिसर में लगभग 150200 फीट का स्थायी शेड बनाना भी आवश्यक है, जिससे लोगों को सुविधा मिल सके। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से चारदीवारी और शेड निर्माण के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शीघ्र प्रदान करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में शेख जैनुल, शेख डब्लू, मौलाना समीम फैजी, शेख लाल, शेख गियासुद्दीन, शेख कल्लू, शेख आलम सहित इस्लाहिया कमेटी के पदाधिकारी एवं खरखरी पंचायत के कई ग्रामीण मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री बच्चा सिंह की पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब

# श्रमिक हितों के लिए उनके संघर्ष को किया याद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद:** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं जनता मजदूर संघ (जमसं) के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय बच्चा सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर बुधवार को सूर्यदेव नगर स्थित उनके आवास पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, जमसं पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समर्थक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने स्वर्गीय बच्चा सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके संघर्षपूर्ण जीवन तथा श्रमिक हितों के लिए किए गए योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में झरिया की पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, अभिषेक सिंह, एकलव्य सिंह एवं परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि स्वर्गीय बच्चा सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन कोयलांचल के मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और जनसेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने झरिया से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की और मजदूरों की मजबूत आवाज बनकर पूरे क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित की। उन्होंने कहा कि बच्चा सिंह का व्यक्तित्व संघर्ष, सादगी और जनसेवा का प्रतीक था। वे झरिया से विधायक रहने के साथ झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के मंत्रिमंडल में नगर विकास मंत्री के रूप में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। उनके कार्यकाल में जनहित से जुड़े कई निर्णय लिए गए, जिन्हें आज भी लोग याद करते हैं। सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय बच्चा सिंह के आदर्श, ईमानदार राजनीति और श्रमिकों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने तथा समाज और मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा का समापन दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना के साथ हुआ।

## जलजमाव से राहत के लिए नगर निगम का अभियान तेज, वार्ड-3 में नालियों से हटाया अतिक्रमण

**बाघमारा (धनबाद):** कतरास नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या-3 में जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए धनबाद नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। नगर निगम के इंस्पेक्टर अनिल कुमार के नेतृत्व में कतरास थाना चौक से जैन मंदिर के समीप तक नालियों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। अभियान के दौरान नालियों पर बने अवैध स्लैब, सीढ़ियां तथा अन्य अस्थायी निर्माणों को जेसीबी की मदद से हटाया गया। नगर निगम की जांच में सामने आया कि कई स्थानों पर नालियां पूरी तरह संकरी हो गई थीं और कुछ जगहों पर उनका अस्तित्व ही लगभग समाप्त हो गया था। इसके कारण बारिश के दौरान पानी की निकासी बाधित हो रही थी और वार्ड के विभिन्न इलाकों में जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही थी। कार्रवाई के बाद नालियों का रास्ता साफ होने से पानी का बहाव तेज हुआ और लोगों को तत्काल राहत मिलती नजर आई। स्थानीय लोगों ने नगर निगम की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यदि अभियान लगातार जारी रहा तो वर्षों से चली आ रही जलजमाव की समस्या से स्थायी समाधान मिल सकता है। नगर निगम के इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि यह अभियान चरणबद्ध तरीके से आगे भी जारी रहेगा। सभी प्रमुख नालियों को अतिक्रमण मुक्त कर जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा, ताकि बारिश के मौसम में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# भटमुरना भूमि विवाद में पीड़ित के वंशजों ने लगाया अनियमितता का आरोप, जांच की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद:** भटमुरना मौजा की 24 डिसमिल विवादित भूमि को लेकर जारी विवाद ने अब नया मोड़ लिया है। बुधवार को रामेश्वर हजारी के वंशजों ने प्रेस वार्ता कर दूसरे पक्ष पर उनके हिस्से की भूमि पर कब्जे का प्रयास करने तथा कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया। साथ ही सड़क चौड़ीकरण के दौरान कथित रूप से मुआवजा राशि के भुगतान में अनियमितता का भी मुद्दा उठाते हुए जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

प्रेस वार्ता में रामेश्वर हजारी के वंशजों ने बताया कि मौजा भटमुरना के पुराना खाता संख्या-12, नया खाता संख्या-23 तथा प्लॉट संख्या-11 एवं 12 की कुल 24 डिसमिल भूमि रामेश्वर हजारी और मुरलीधर हजारी की संयुक्त संपत्ति थी, जिसमें दोनों का 12-12 डिसमिल हिस्सा है। उनका दावा है कि वे अपने हिस्से की भूमि पर राजस्व अभिलेखों, नापी और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर जेसीबी से कार्य करा रहे थे। इसी दौरान मुरलीधर हजारी के वंशजों ने भूमि पर दावा करते हुए काम रुकवा दिया और कतरास थाना में आवेदन दिया। वंशजों का कहना है कि यदि भूमि स्वामित्व को लेकर किसी पक्ष को आपत्ति है तो उसका समाधान न्यायालय और राजस्व विभाग के माध्यम से होना चाहिए, न कि वैध कार्य में बाधा डालकर। उन्होंने पत्रकारों के समक्ष भूमि से संबंधित दस्तावेज भी प्रस्तुत किए और दावा किया कि उनके हिस्से की भूमि को लेकर अनावश्यक विवाद उत्पन्न किया जा रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान सड़क चौड़ीकरण के समय कथित रूप से दूसरे की भूमि को अपनी बताकर मुआवजा लेने का भी आरोप लगाया गया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उपायुक्त को पूर्व में शिकायत दी गई थी और शिकायत के बाद मुआवजा राशि का एक हिस्सा भू-अर्जन विभाग में वापस जमा कराए जाने की प्रक्रिया चल रही है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। रामेश्वर हजारी के वंशजों ने जिला प्रशासन से भूमि की वास्तविक हिस्सेदारी का राजस्व अभिलेखों के आधार पर सत्यापन कराने, कथित कब्जे के प्रयास और मुआवजा भुगतान से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले पक्ष के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई केवल अपने वैध अधिकार और न्याय के लिए है तथा वे कानूनी प्रक्रिया के तहत अपनी बात आगे भी उठाते रहेंगे।

## सिन्दरी सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्य सम्मान समारोह आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद):** सरस्वती विद्या मंदिर, सिंदरी में बुधवार को आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के आचार्यों को उनके शैक्षणिक योगदान एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में निभाई जा रही भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विद्या विकास समिति के विभाग प्रमुख नीरज कुमार लाल ने कहा कि बच्चों को कोचिंग संस्कृति से दूर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोचिंग पर अत्यधिक निर्भरता से बच्चों की मौलिक सोच, रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता प्रभावित होती है। विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय की मुख्य धुरी शिक्षक और विद्यार्थी हैं। विद्यालय की सभी योजनाओं और गतिविधियों का केंद्र इन्हीं दोनों को होना चाहिए। विद्यालय के सचिव शशि भूषण कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में संस्कारयुक्त एवं मूल्यपरक शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## 12 घंटे में फिर ठप हुई झमाडा जलापूर्ति, तकनीकी खराबी से झरिया में पेयजल संकट गहराया

**जोड़ापोखर (धनबाद):** झमाडा जल संयंत्र में लगातार आ रही तकनीकी गड़बड़ियों से झरिया और आसपास के क्षेत्रों में पेयजल संकट गहरा गया है। तीन दिनों तक चले मैराथन मरम्मत कार्य के बाद मंगलवार शाम बहाल हुई जलापूर्ति बुधवार सुबह फिर ठप हो गई। मरम्मत के महज 12 घंटे बाद 1 एमवीए सब-स्टेशन में तकनीकी खराबी आने से जलापूर्ति बाधित हो गई, जिससे बुधवार को कई इलाकों में केवल आंशिक पानी की आपूर्ति हो सकी और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, प्लांट परिसर में पिछले तीन दिनों से इंटरलॉकिंग और नए मोटर पंप लगाने का कार्य चल रहा था। इसी कारण झरिया क्षेत्र में पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद रही। मंगलवार शाम कार्य पूरा होने के बाद विभाग ने जलापूर्ति शुरू की, लेकिन बुधवार सुबह करीब आठ बजे सब-स्टेशन में तकनीकी फॉल्ट आने से आपूर्ति फिर बाधित हो गई।

# गुरु पूर्णिमा पर धार्मिक आयोजनों में शामिल हुईं विधायक, क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद:** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर झरिया विधायक रागिनी सिंह ने बुधवार को कोयला नगर स्थित श्री साईं मंदिर एवं श्री वेद माता गायत्री मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की कामना की। सबसे पहले विधायक रागिनी सिंह ने श्री साईं मंदिर में आयोजित वार्षिक उत्सव सह अखंड हरि कीर्तन के समापन समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने श्री साईं बाबा के श्रीचरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साईं बाबा का प्रेम, सेवा और मानवता का संदेश समाज को एकजुट कर आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इसके बाद विधायक श्री वेद माता गायत्री मंदिर में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में पहुंचीं। यहां उन्होंने पूज्य गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु ही व्यक्ति के जीवन को सही दिशा देने के साथ समाज में संस्कार, ज्ञान और नैतिक मूल्यों का संचार करते हैं। गुरु के आदर्शों को अपनाकर ही सशक्त, संस्कारित और समरस समाज का निर्माण संभव है। रागिनी सिंह ने कहा कि वे जनसेवा, सामाजिक समरसता और क्षेत्र के विकास के संकल्प के साथ जनता के विश्वास पर सदैव खरा उतरने का प्रयास करती रहेंगी। उन्होंने गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का संदेश देता है।

## सनातन संस्कृति हमारी पहचान है : रागिनी सिंह



**झरिया (धनबाद):** जामाडोबा डुमरी नंबर-4 स्थित श्री सर्वेश्वरनाथ शिव मंदिर में आयोजित शिव चर्चा एवं भक्ति कार्यक्रम में बुधवार को झरिया विधायक रागिनी सिंह शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर झरिया विधानसभा क्षेत्र के लोगों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। विधायक रागिनी सिंह ने श्रद्धालुओं के साथ शिव चर्चा एवं भक्ति कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा कि भगवान शिव की आराधना से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, शांति और लोककल्याण की भावना का संचार होता है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति हमारी पहचान है और इसकी परंपराएं समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन सामाजिक समरसता, भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कार्यक्रम के अंत में मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने विधायक का स्वागत किया। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने उपस्थित लोगों का अभिवादन करते हुए सभी के मंगलमय जीवन की कामना की।

# खूंटी पूजन के साथ जीएनएम हाई स्कूल मैदान में दुर्गा पूजा महोत्सव 2026 की तैयारियों का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद):** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर जीएनएम हाई स्कूल मैदान स्थित श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा वर्ष 2026 के दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों का शुभारंभ विधि-विधान से खूंटी पूजन के साथ किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। खूंटी पूजन का अनुष्ठान पंडित हारा ठाकुर ने वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मां दुर्गा से आगामी पूजा महोत्सव के सफल, शांतिपूर्ण और भव्य आयोजन की प्रार्थना की। इस अवसर पर संरक्षक विनय वर्मा, अध्यक्ष शंकर जायसवाल, सचिव मुकेश भट्ट, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र चौरसिया, निगरानी समिति अध्यक्ष सरोज विश्वकर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज सिन्हा सहित बिनोद रजक, अशोक शर्मा, मनोज राय, शैलेंद्र सिन्हा, दिलीप तर्वे, गोपाल बोस, कुलदीप सिंह, ईश्वर लाल, प्रदीप लाला, बी.के. रजक, गणेश मोदक, राहुल रजक, शिवम दसोंधी, अप्पू साहू, राजेंद्र ठाकुर, जीत कुमार, प्रभाकर दत्ता, प्रीतम रवानी, अभिषेक शरण, कौशल सिन्हा, शंकर केवट, पीयूष प्रमाणिक, अरुण राणा, शेखर प्रमाणिक समेत बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित रहे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी जीएनएम हाई स्कूल मैदान में दुर्गा पूजा महोत्सव को भव्य, आकर्षक और सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया जायेगा। पूजा पंडाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जल्द ही विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। खूंटी पूजन के साथ ही दुर्गा पूजा की तैयारियां औपचारिक रूप से शुरू हो गई हैं।

## डीएवी पब्लिक स्कूल सिन्दरी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**सिन्दरी (धनबाद)** डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में लीगल लिटरेसी क्लब के तत्वावधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों तथा बुनियादी कानूनों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में धनबाद जिला न्यायालय से आए विधि विभाग के प्रतिनिधियों ने छात्रों को कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में जिला न्यायालय के अजय भट्ट, डिप्टी चीफ नीरज गोयल, असिस्टेंट हेमराज चौहान तथा आनंद चक्रवर्ती उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य द्विवेंदु त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक हैं। इससे छात्रों में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ती है और वे जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम के संचालन में संदीप कुमार, अभिजीत दत्ता एवं कालीचरण बनर्जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में अलिशा वर्मा एवं संजय कुमार महतो ने प्रथम, प्रियेश चौधरी ने द्वितीय तथा गौरव प्रसाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया।

## 75 संस्थापक सदस्यों के साथ बीएनआई धनबाद के पहले चैप्टर 'ब्लैक डायमंड्स' का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद:** शहर के व्यापारिक परिदृश्य में बुधवार को एक नया अध्याय जुड़ गया। विश्व के सबसे बड़े बिजनेस नेटवर्किंग एवं रेफरल संगठन बीएनआई (बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल) ने धनबाद के पहले चैप्टर 'बीएनआई ब्लैक डायमंड्स' का रेडिसन ब्लू द ग्रैंड मिरेज में भव्य शुभारंभ किया। महज कुछ महीनों की तैयारी के बाद 75 संस्थापक सदस्यों के साथ शुरू हुआ यह चैप्टर धनबाद के कारोबारियों के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलेगा। कार्यक्रम में शहर के प्रमुख उद्योगपति, व्यवसायी, चिकित्सक, चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्ता, आर्किटेक्ट, वित्तीय सलाहकार और विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमियों ने भाग लिया। बीएनआई इंडिया के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में संगठन की वैश्विक अवधारणा 'गिवर्स गेन' को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। बीएनआई धनबाद के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अतुल डोकानिया ने कहा कि यह मंच प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सहयोग, विश्वास और गुणवत्तापूर्ण रेफरल के माध्यम से व्यापार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि अब धनबाद के सदस्य 76 देशों में फैले लगभग 3.5 लाख व्यवसायियों तथा भारत के 145 शहरों में सक्रिय 76 हजार से अधिक उद्यमियों के नेटवर्क से सीधे जुड़ सकेंगे। इससे स्थानीय उद्योगों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच बनाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी संस्थापक सदस्यों ने धनबाद को देश के अग्रणी बिजनेस नेटवर्किंग शहरों में स्थापित करने का संकल्प लिया।

# गुरु पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला में पंचकुंडीय यज्ञ, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया भाग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया/धनबाद:** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला में पंचकुंडीय गुरु पूर्णिमा महायज्ञ एवं विविध आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः प्रभात फेरी से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद उपस्थित परिजनों ने परम पूज्य गुरुदेव एवं वंदनीया माताजी के प्रखर प्रज्ञा एवं सजल श्रद्धा स्वरूपों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। यज्ञ की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं गायत्री मंत्र के साथ हुई। श्रीमती लता जायसवाल और राजकुमारी शर्मा ने सामूहिक हवन संपन्न कराया तथा गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 'गु' का अर्थ अंधकार और 'रु' का अर्थ उसका नाश करने वाला होता है। गुरु ही मनुष्य को अज्ञान से ज्ञान और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। इस अवसर पर गुरु दीक्षा एवं विभिन्न संस्कार निःशुल्क संपन्न कराए गए तथा सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का समापन आरती एवं शांति पाठ के साथ हुआ।

## गुरुपूर्णिमा पर श्री श्री महारानी मंदिर में महाभंडारा, श्रद्धालुओं की उमड़ी आस्था



**बाघमारा/धनबाद:** गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को नदी किनारे स्थित श्री श्री महारानी मंदिर परिसर में श्री श्री महारानी मंदिर सेवा समिति की ओर से भव्य महाभंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया तथा गुरु परंपरा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। पूरे मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तिमय वातावरण बना रहा। पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों के बाद महाभंडारे का शुभारंभ हुआ, जिसमें दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के सदस्यों ने व्यवस्थित ढंग से प्रसाद वितरण कराया और सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि गुरुपूर्णिमा भारतीय संस्कृति में गुरु के सम्मान और ज्ञान की परंपरा का प्रतीक पर्व है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, सेवा भावना और सामाजिक एकता को मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी मंदिर परिसर में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। महाभंडारे को सफल बनाने में बबलू विश्वकर्मा, संतोष सोनी, शशि सर, बाशु शर्मा, पिंटर शर्मा, लालजी जायसवाल, चंद्रशेखर साव, पुनीत तिवारी, अमन साव सहित समिति के अन्य सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने सक्रिय योगदान दिया।

## गुरु पूर्णिमा पर कोयला नगर श्री साईं मंदिर से निकली भव्य पालकी यात्रा, जयकारों से गूंजा शहर



**धनबाद:** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर कोयला नगर स्थित श्री साईं मंदिर में बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर पहुंची, जहां साईं बाबा के दर्शन-पूजन के साथ छप्पन भोग अर्पित किया गया। दोपहर में आयोजित महाभंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर पालकी का स्वागत किया। तीन दिवसीय पूजा-अर्चना कार्यक्रम के समापन अवसर पर धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। मंदिर के पुजारी तूफानी बाबा ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। यजमान उदय प्रताप सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी रेनू सिंह ने विधिवत पूजा कर सभी के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर साईं भजनों, आरती और भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा।

## गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने राष्ट्र सेवा का लिया संकल्प



**सिन्दरी (धनबाद):** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विवेकानंद शाखा की ओर से सरस्वती विद्या मंदिर, सिंदरी में बुधवार को गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज के समक्ष श्रद्धापूर्वक गुरु दक्षिणा अर्पित कर राष्ट्र सेवा के प्रति अपने समर्पण का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवा ध्वज को प्रणाम के साथ हुआ। मुख्य वक्ता धनबाद विभाग प्रमुख एवं विद्या विकास समिति के नीरज कुमार ने गुरु दक्षिणा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किसी व्यक्ति विशेष का संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र को समर्पित एक सांस्कृतिक संगठन है। उन्होंने कहा कि संघ स्वयंसेवकों से केवल आर्थिक सहयोग की अपेक्षा नहीं करता, बल्कि राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा और चरित्र निर्माण के कार्यों में समय, समर्पण और सक्रिय सहभागिता को अधिक महत्व देता है।

# हरजिंदर कौर ने भारोत्तोलन में जीता रजत पदक

■ लगातार दूसरे राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने का किया कारनामा



एजेंसी

**ग्लासगो :** भारतीय भारोत्तोलक हरजिंदर कौर ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को महिलाओं के 69 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। हरजिंदर ने स्नैच और क्लीन एंड जर्क के सभी छह प्रयास सफलतापूर्वक पूरे किए और कुल 227 किलोग्राम वजन उठाकर दूसरे स्थान पर रहीं। स्नैच स्पर्धा में हरजिंदर ने 96 किलोग्राम से शुरूआत की और इसके बाद 99 किलोग्राम तथा 101 किलोग्राम वजन भी सफलतापूर्वक उठाया। स्नैच में 101 किलोग्राम के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ वह कनाडा की शार्लोट सिमोनो के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। सिमोनो ने 108 किलोग्राम वजन उठाकर बढ़त बनाई थी। क्लीन एंड जर्क में भी हरजिंदर ने अपनी शानदार लय बरकरार रखी। उन्होंने पहले प्रयास में 120 किलोग्राम, दूसरे में 123 किलोग्राम और अंतिम प्रयास में 126 किलोग्राम वजन सफलतापूर्वक उठाया। इस तरह उन्होंने स्नैच में 101 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 126 किलोग्राम सहित कुल 227 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक पर कब्जा जमाया। कनाडा की शार्लोट सिमोनो ने 240 किलोग्राम (108 किलोग्राम स्नैच और 132 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क) के राष्ट्रमंडल खेल रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। ऑस्ट्रेलिया की न्या फीबी हेमैन ने कुल 218 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। यह हरजिंदर कौर का लगातार दूसरे राष्ट्रमंडल खेलों में पदक है। इससे पहले उन्होंने बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं के 71 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था। ग्लासगो 2026 में उन्होंने 69 किलोग्राम भार वर्ग में उतरकर एक बार फिर भारत को पदक दिलाया।

## गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में जीता रजत पदक



**ग्लासगो :** भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में इतिहास रचते हुए मंगलवार को पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही वह इस स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष एथलीट बन गए। उन्होंने 27 मिनट 49.78 सेकंड का समय निकालकर यह उपलब्धि हासिल की। यह राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष 10,000 मीटर स्पर्धा में भारत का पहला पदक है। वहीं, पुरुष और महिला दोनों वर्गों को मिलाकर इस स्पर्धा में भारत को 16 वर्षों बाद पदक मिला है। इससे पहले दिल्ली 2010 राष्ट्रमंडल खेलों में कविता राउत ने महिला 10,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता था। दौड़ की शुरुआत में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह शीर्ष धावकों के साथ बने रहे। 4,000 मीटर तक वह तीसरे स्थान पर थे, लेकिन आधी दूरी पूरी होने तक छठे स्थान पर खिसक गए। इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 6,000 और 7,000 मीटर तक पांचवां स्थान हासिल किया। 8,000 मीटर पर वह फिर छठे स्थान पर पहुंचे, लेकिन अंतिम एक किलोमीटर बाकी रहते चौथे स्थान पर आ गए। आखिरी चरण में गुलवीर सिंह ने जबरदस्त तेजी दिखाई। उन्होंने अंतिम एक किलोमीटर की दूरी 2 मिनट 29.2 सेकंड में पूरी करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया और रजत पदक पर कब्जा जमाया। ऑस्ट्रेलिया के काइ रॉबिन्सन ने 27 मिनट 48.93 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि आइल ऑफ मैन के डेविड मुलार्की ने 27 मिनट 50.28 सेकंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

### भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच वर्ल्ड कप 2026 के लिए रवाना

## टीम फ्रैंकफर्ट में जर्मनी के खिलाफ दो प्रैक्टिस मैच खेलेगी



एजेंसी

**बेंगलुरु :** भारतीय महिला हॉकी टीम बुधवार सुबह यूरोप के लिए रवाना हुई। एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 की मेजबानी में 15 से 30 अगस्त तक खेला जाएगा। टीम ने बेंगलुरु से मुंबई की यात्रा की और फिर फ्रैंकफर्ट, जर्मनी के लिए उड़ान भरी, जहाँ वह इस बड़े इवेंट से पहले अपनी तैयारियों के आखिरी चरण को पूरा करेगी। फ्रैंकफर्ट में रहने के दौरान, भारतीय टीम 31 जुलाई और 1 अगस्त को जर्मनी के खिलाफ दो प्रैक्टिस मैच खेलेगी ताकि टीम के तालमेल को बेहतर बनाया जा सके और यूरोपीय परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाला जा सके। ट्रेनिंग कैंप के बाद, टीम 2 अगस्त को एम्स्टर्डम के लिए रवाना होगी ताकि नीदरलैंड में वर्ल्ड कप की अपनी तैयारियों को जारी रख सके। भारत 16 अगस्त को चीन के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा, जिसके बाद पूल ऊमें दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ मैच खेलेगा। टीम के रवाना होने से पहले, कप्तान सलीमा टेटे ने टीम की तैयारियों पर भरोसा जताते हुए कहा, पूरी टीम आने वाली चुनौती के लिए उत्साहित है। हमारी ट्रेनिंग अच्छी रही है, और अब उस लय को प्रैक्टिस मैचों और फिर वर्ल्ड कप में भी बनाए रखना है। अपने पहले मैच में चीन का सामना करना एक अहम परीक्षा होगी, और हम टूर्नामेंट की शुरुआत सकारात्मक तरीके से करना चाहते हैं। एक टीम के तौर पर, हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जर्मनी में महीनों की तैयारी और अहम ट्रेनिंग (जिसमें मेजबान टीम के खिलाफ दो प्रैक्टिस मैच भी शामिल हैं) के साथ, टीम अच्छी शुरुआत करने के लिए उत्सुक है।

## सुभादीप बने भारतीय क्रिकेट टीम के नये फील्डिंग कोच

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट में कई खिलाड़ी ऐसे रहे हैं जिनका अंतरराष्ट्रीय करियर का सपना पूरा नहीं हो सका। उन्हीं में से एक सुभादीप घोष भी हैं। असम और रेलवे के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले सुभादीप अभी भी भारतीय टीम ने नहीं खेल पाये पर अब वह टीम के नये फील्डिंग कोच के तौर पर टीम के साथ रहेंगे। सुभादीप को 21 साल बाद ये भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में जगह बनाने का अवसर मिला है। यह वही सुभादीप घोष हैं जिन्हें एक लिस्ट-ए मैच में महान विकेटकीपर-बल्लेबाज एमएस धोनी ने स्टंप आउट किया था। अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से वह फील्डिंग कोच की नई जिम्मेदारी संभालेंगे। घोष को, टी दिलीप की जगह कोच बनाया गया है। दिलीप जो 2021 से भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा थे उन्होंने अपनी जिम्मेदारी छोड़ दी है। हाल के महीनों में भारतीय टीम की फील्डिंग पर लगातार सवाल उठे हैं। आसान कैच छोड़ने और मैदान पर ढीले प्रदर्शन की आलोचना के बाद बीसीसीआई ने इस पूरे सिस्टम की समीक्षा की थी। इसी के परिणामस्वरूप, बोर्ड ने फील्डिंग में सुधार लाने के उद्देश्य से सुभादीप को अब यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। 57 वर्षीय सुभादीप घोष, जिन्हें घरेलू क्रिकेट में जॉय के नाम से जाना जाता है, असम के डिगबोई से आते हैं। उन्होंने 1994-95 से 2004-05 के बीच असम और रेलवे के लिए 17 फर्स्ट क्लास और 17 लिस्ट-ए मैच खेले। साल 2005 में असम और झारखंड के बीच एक लिस्ट-ए मुकाबले में धोनी ने उन्हें स्टंप आउट कर पवेलियन भेजा था। दाएं हाथ के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज और ऑफ स्पिनर रहे घोष अपनी फुर्ती और शानदार फील्डिंग के लिए ज्यादा जाने जाते थे, और यही खूबी अब उन्हें एक सफल फील्डिंग कोच के रूप में पहचान दिला रही है।

### एशियाई खेल 2026 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित

## हरमनप्रीत सिंह के हाथों में कमान



**भारतीय टीम**

**गोलकीपर :** मोहित एचएस, सूरज करकेरा
**डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, यशदीप सिवाच।
**मिडफील्डर :** राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, नीलकांत शर्मा, विवेक सागर प्रसाद।
**फॉरवर्ड :** दिलप्रीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सुखजीत सिंह, मनदीप सिंह, अभिषेक।

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** हॉकी इंडिया ने बुधवार को जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले 20वें एशियाई खेल 2026 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कप्तानी स्टार डिफेंडर और ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ हरमनप्रीत सिंह करेंगे, जबकि अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह टीम के उपकप्तान होंगे। भारत मौजूदा एशियाई खेल चैंपियन के रूप में टूर्नामेंट में उतरेगा। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2023 के हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल किया था। इस बार भी टीम का लक्ष्य खिताब बचाने के साथ-साथ लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक का सीधा कोटा हासिल करना होगा। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी मोहित एचएस और सूरज करकेरा संभालेंगे। रक्षापंक्ति में जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और यशदीप सिवाच शामिल हैं। मिडफील्ड में राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, नीलकांत शर्मा और विवेक सागर

झारखंड

### लम्बित मामलों के त्वरित निष्पादन पर आईजी का जोर, बोले

## समय पर जांच करे, किसी का भविष्य न हो प्रभावित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा :** उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, बोकारो के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) शैलेंद्र कुमार बुधवार को चतरा पहुंचे। एसपी कार्यालय पहुंचने पर पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। इसके बाद आईजी ने एसपी कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में रामगढ़ और चतरा जिले की पुलिस टीमों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में चतरा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) समेत दोनों जिलों के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य दोनों जिलों में लंबे समय से लंबित आपराधिक मामलों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निष्पादन को सुनिश्चित करना था। इस दौरान आईजी शैलेंद्र कुमार ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिन मामलों में प्राथमिकी दर्ज है, उनकी निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर जल्द से जल्द निष्पादन किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का समय पर निपटारा होना आवश्यक है, ताकि किसी भी व्यक्ति का भविष्य अनावश्यक रूप से मुकदमों के बोझ तले प्रभावित न हो। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने और लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## जलाभिषेक के लिए यूनियन का जत्था हुआ बाबा नगरी रवाना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** गुरु पूर्णिमा के दिन (बुधवार को) टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का जत्था प्रातः 07 बजे यूनियन कार्यालय परिसर से कोच बस से बाबा नगरी के लिए रवाना हुआ। सैकड़ों की संख्या में कांवरिये यूनियन के अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद और महामंत्री आरके सिंह की अगुवाई में बोल-बम का जयकारा लगाते हुए यहां से विदा लिये। उल्लेखनीय है कि यह जत्था सुल्तानगंज से जल उठाकर बाबा नगरी के लिए पैदल जाएगा। जहां सभी श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे। इस धर्म यात्रा में यूनियन के तमाम पदाधिकारी, कमेटी मेंबर, आरके सिंह फैंस क्लब के तमाम सदस्य गेरुआ और सफेद वस्त्र धारण कर जयकारे लगाते हुए यहां से रवाना हुये। महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि भगवान भोलेनाथ को सावन के महीने में जलाभिषेक करने का अलग ही महत्व है। हम-सब प्रत्येक वर्ष सावन के महीने में अपने मजदूर भाईयों और कंपनी के उन्नति की कामना को लेकर पैदल यात्रा पूरी कर भगवान भोले शंकर को जलाभिषेक करते हैं। बाबा ही उचित मार्गदर्शन कर सही राह दिखाते हैं। सभी श्रद्धालु स्वर्गीय जेएन टाटा साहब के प्रतिमा को नमन कर यहां से यात्रा प्रारंभ किये।

## संसाधन के अभाव में जान हथेली पर रख कर विद्यालय जाने को मजबूर हैं पोटम गांव के बच्चे



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा :** झारखंड के चतरा जिले के लावालौंग प्रखंड अंतर्गत हेडूम पंचायत का पोटम गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। यहां के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों की जिंदगी हर बरसात में खतरे के साए में गुजरती है। गांव तक पहुंचने के लिए न पक्की सड़क है और न ही बरसाती नाले पर पुल का निर्माण कराया गया है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोटम में पढ़ने वाले बच्चे रोजाना उफनते नाले को पार कर स्कूल जाने को मजबूर हैं। सामने आई तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि मासूम बच्चे पानी से भरे नाले के किनारे खड़े होकर जान जोखिम में डालकर उसे पार कर रहे हैं। बरसात के मौसम में यह रास्ता और भी खतरनाक हो जाता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से सड़क और पुल निर्माण की मांग जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के समक्ष उठाई जाती रही है, लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। विकास के दावों के बीच पोटम गांव की यह तस्वीर सरकारी योजनाओं और जनप्रतिनिधियों की संवेदनहीनता पर सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों ने सरकार, जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अविलंब सड़क एवं पुल निर्माण कराने की मांग की है, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और ग्रामीणों को आवागमन की परेशानी से निजात मिल सके।

## बोकारो इस्पात संयंत्र के परियोजना विभाग में सुरक्षा सम्मान पुरस्कार समारोह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र के परियोजना विभाग की ओर से 'सुरक्षा सम्मान समारोह' का आयोजन अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सुरक्षित कार्यप्रणाली को प्रोत्साहित करना तथा सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मियों का उत्साहवर्धन करना था।कार्यक्रम का शुभारम्भ अधिशासी निदेशक (परियोजना) ने किया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यस्थल पर निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं प्रक्रियाओं के सतत अनुपालन पर विशेष बल दिया गया।साथ ही, उपस्थित कर्मियों को सुरक्षा संबंधी सुझाव देकर दैनिक कार्यों में सजगता, सतर्कता एवं सुरक्षित कार्य व्यवहार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया गया। समारोह में परियोजना विभाग के अंतर्गत पांच जोन के नौ श्रमिक बंधुओं को सुरक्षित कार्यप्रणाली एवं सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, परियोजना सुरक्षा विभाग के दो कर्मियों को भी सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने में उनके योगदान के लिए प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया।यह आयोजन कार्यस्थल पर सुरक्षा सर्वोपरि की भावना को और सुदृढ़ करने तथा प्रत्येक स्तर पर सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की संस्कृति विकसित करने की दिशा में एक पहल है।

## पांकी थाना के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

**पलामू :** जिले के पांकी थाना परिसर में बने नवनिर्मित भवन का बुधवार को उद्घाटन किया गया। मौके पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता, पलामू पुलिस उपमहानिरीक्षक किशोर कौशल, पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी, एसडीपीओ प्रशांत कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर जितराम महली और थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इसके बाद अतिथियों ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया और नव निर्मित भवन की व्यवस्थाओं की सराहना की। मौके पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि नए भवन के शुरू होने से पांकी और आसपास के क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

## बोकारो में एसआईआर-2026 का प्रथम चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बोकारो :** सेक्टर- टू स्थित जायका हैपनिंग्स में बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के तहत आम मतदाताओं एवं बीएलओ की सहभागिता वाला चरण बुधवार रात 12 बजे के साथ संपन्न हो जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रांति रखने की आवश्यकता नहीं है। यह प्रक्रिया मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से संचालित की गई है।उन्होंने कहा कि जिन पात्र नागरिकों की किसी कारणवश एसआईआर प्रक्रिया में भागीदारी नहीं हो सकी है, वे 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रपत्र-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में नाम शामिल करा सकेंगे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन एवं स्थानांतरण की प्रक्रिया निरंतर जारी रहने वाली व्यवस्था है। डीईओ सह डीसी ने कहा कि वर्ष 2003 के बाद पहली बार इस स्तर पर विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया है। इसका उद्देश्य स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत अथवा अन्य आवश्यक संशोधनों का सत्यापन कर मतदाता सूची को अधिक सटीक एवं विश्वसनीय बनाना है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से किसी भी पात्र मतदाता का मतदान का अधिकार समाप्त नहीं होता, बल्कि भविष्य में भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत नाम जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि बोकारो जैसे भौगोलिक एवं सामाजिक रूप से विविध जिले में एसआईआर अभियान चुनौतीपूर्ण था। गोमिया के दुर्गम क्षेत्रों से लेकर शहरी बोकारो तक बीएलओ एवं प्रशासनिक टीम ने पूरी निष्ठा से कार्य किया। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहयोग किया, वहीं शहरी क्षेत्रों के शिक्षित एवं जागरूक नागरिकों से उन्होंने लोकतांत्रिक दायित्वों के प्रति अधिक संवेदनशील एवं सक्रिय रहने की अपील की। डीईओ सह डीसी ने बताया कि जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर-2026 के तहत डिजिटाइजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। 34-गोमिया विधानसभा क्षेत्र में 3,19,737, 35-बेरमो विधानसभा क्षेत्र में 3,31,728, 36-बोकारो विधानसभा क्षेत्र में 5,97,439 तथा 37-चंदनकियारी (अजा.) विधानसभा क्षेत्र में 2,86,363 गणना प्रपत्रों का शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया गया। इस प्रकार जिले के कुल 15,35,267 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूर्ण कर जिला ने निर्धारित लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल कर लिया।

### गुरु पूर्णिमा पर मुनि श्री सुयश सागर महाराज के चातुर्मास का मंगल कलश स्थापित

## विश्व शांति की कामना के साथ हुआ भव्य अनुष्ठान



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्थानीय जैन मंदिर में आचार्य शिरोमणि विशुद्ध सागर जी महाराज के परम तपस्वी शिष्य 108 मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज ससंघ के वषायोग (चातुर्मास) का मंगल कलश स्थापना समारोह श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। वैदिक एवं जैन परंपरा के अनुसार विश्व शांति मंत्रों के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर चातुर्मास का मंगल कलश स्थापित किया गया। जैन समाज के पदाधिकारियों एवं विरागोदय चातुर्मास समिति-2026 के संयोजकों ने मुनि श्री को श्रीफल अर्पित कर झुमरीतिलैया में चातुर्मास करने का विनम्र आग्रह किया। इस अवसर पर रायपुर, भिलाई, दुर्ग, रायगढ़, राउरकेला, रांची, गया, हजारीबाग, तमसा सहित देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे सैकड़ों जैन श्रद्धालुओं ने समारोह में भाग लिया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि जैन परंपरा के अनुसार वर्षा ऋतु में जीव हिंसा से बचने के उद्देश्य से जैन संत पैदल विहार नहीं करते, बल्कि एक ही स्थान पर लगभग चार माह तक निवास कर धर्म, ध्यान, स्वाध्याय एवं प्रवचन के माध्यम से समाज का मार्गदर्शन करते हैं। मुनि श्री सुयश सागर जी के झुमरीतिलैया में चातुर्मास करने से जैन समाज में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। कार्यक्रम का संचालन समाज के पंडित अभिषेक शास्त्री, संजय छाबड़ा (लड्डू भैया) एवं अक्षय जैन ने किया। प्रतिष्ठाचार्य संजय भैया तथा ब्रह्मचारी मुक्तगिरि ने धार्मिक अनुष्ठानों का सफल संचालन कराया। समारोह के दौरान समाज के उपमंत्री नरेंद्र झांझरी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र काला, सह मंत्री राज छाबड़ा तथा विरागोदय चातुर्मास समिति-2026 के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मंडप उद्घाटन कोलकाता के दिनेश, सर्वेश एवं अखिलेश पाटनी परिवार द्वारा किया गया। बाहर से आए अतिथियों का अंगवस्त्र एवं तिलक लगाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। समाज के प्रसिद्ध भजन गायक नवीन पांड्या एवं सुबोध गंगवाल ने गुरु भक्ति से ओत-प्रोत भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। चातुर्मास के प्रथम कलश का सौभाग्य हजारीबाग के सौरभ, सुधा एवं हर्ष पटौदी परिवार को प्राप्त हुआ। द्वितीय कलश गौरव जैन (भाटापारा, छत्तीसगढ़), तृतीय कलश आतिश जैन काला परिवार (तमसा), चतुर्थ कलश सुयश भक्त परिवार (तमसा) तथा पंचम कलश अमित जैन (हजारीबाग) सहित अनेक धार्मिक परिवारों ने ग्रहण किया। समारोह को सफल बनाने में विरागोदय चातुर्मास समिति-2026 के संयोजक रौनक कासलीवाल, राहुल छाबड़ा, सौरभ लोहारिया, सिद्धांत सेठी, संजय छाबड़ा (लड्डू), शैलेश छाबड़ा, लोकेश पटौदी, विकास शेट्टी, मनीष गंगवाल एवं जोंटी काला का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर समाज के मार्गदर्शक ललित सेठी, सुरेश झांझरी, सुशील छाबड़ा, सुनील छाबड़ा, महिला समाज की अध्यक्ष नीलम सेठी, आशा गंगवाल, मोना छाबड़ा, वार्ड पार्षद पिंकी जैन तथा जैन युवक समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों की सराहना करते हुए चातुर्मास को समाज के लिए आध्यात्मिक जागरण का पर्व बताया।

## गुरु पूर्णिमा पर गायत्री परिवार ने किया हवन-पूजन, गुरु महिमा पर हुआ प्रवचन



**लातेहार :** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गायत्री परिवार की ओर से प्रज्ञाकुंज, चंदनडीह में श्रद्धा और भक्ति के साथ हवन-पूजन एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं और विश्व कल्याण तथा समाज में सुख-शांति की कामना की। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सामूहिक हवन से हुई। इसके बाद वक्ताओं ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा भी दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है और गुरु के मार्गदर्शन से ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास संभव है। उपस्थित लोगों से गुरु के बताए आदर्शों को जीवन में अपनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया गया।इस अवसर पर गायत्री परिवार के सदस्यों ने नियमित साधना, संस्कार और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का माहौल बना रहा।कार्यक्रम को सफल बनाने में लव तिवारी, उर्मिला देवी, अनिता देवी, सुधा देवी, भोला प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद सहित गायत्री परिवार के अन्य परिजनों की सक्रिय भागीदारी रही। अंत में सामूहिक प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरु के बताए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

## गुरु पूर्णिमा पर धूमधाम से मनायी गयी महर्षि वेदव्यास जयंती



**गुमला :** बिंदेश्वरी लाल साहू सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भलमंडा रायडीह में बुधवार को महर्षि वेदव्यास जयंती के पावन अवसर पर गुरु पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुरातन छात्र एवं वर्तमान में लद्दाख में अग्निवीर के रूप में सेवारत कमलेश सिंह, उनकी माताजी सुवर्णा देवी, विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर प्रसाद सिंह तथा विद्यालय परिवार के आचार्य-आचायाओं द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद लघु नाटिका एवं आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। छात्रा अंजू एवं छात्र वैभव ने गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए गुरु के प्रति श्रद्धा और समर्पण का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के पुरातन छात्र एवं अग्निवीर कमलेश सिंह को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मन लगाकर अध्ययन करने, माता-पिता एवं गुरुजनों की आज्ञा का पालन करने तथा अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि गुरु के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से ही व्यक्ति जीवन में सफलता के शिखर तक पहुंच सकता है।

## एक झलक

### एलआईसी ने वित्त मंत्री को 12,207 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक सौंपा

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बुधवार को केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 12,207 करोड़ रुपये का डिविडेंड चेक (लाभांश चेक) सौंपा। एलआईसी ने एक बयान में बताया कि भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और एमडी आर. दोराईस्वामी ने आज वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री सीतारमण को 12,207.25 करोड़ रुपये का लाभांश का चेक सौंपा। यह सरकार का डिविडेंड हिस्सा है, जिसे 27 जुलाई 2026 को हुई सालाना आम बैठक में शेयरधारकों ने मंजूरी दी थी। बीमा कंपनी ने कहा कि इस मौके पर केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव संजय लोहिया के साथ एलआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों में प्रबंध निदेशक (एमडी) रत्नाकर पटनायक और एमडी आर. चंदर तथा उत्तरी जोन के जोनल मैनेजर (प्रभारी) एनएस राघवा भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि एलआईसी अपनी स्थापना के 70 शानदार साल पूरे कर रही है और 31 मार्च 2026 तक इसका एसेट बेस 59.03 लाख करोड़ है। यह भारतीय जीवन बीमा बाजार में मार्केट लीडर बनी हुई है।

### गोयल ने पुरबी आइसक्रीम के भूटान निर्यात को भारत के लिए शानदार उपलब्धि बताया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने असम से भूटान को पुरबी आइसक्रीम की पहली खेप के निर्यात को भारत के लिए शानदार उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से आय के नए मौके बनेंगे, इंटरनेशनल मार्केट तक पहुंच बढ़ेगी और पूर्वोत्तर में हमारे डेयरी किसानों की आजीविका मजबूत होगी। पीयूष गोयल ने बुधवार को एक्स पोस्ट में कहा कि असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने 'वेस्ट असम मिल्क प्रोड्यूसर्स को-ऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड' द्वारा भूटान को 'पुरबी आइसक्रीम' के निर्यात की शुरूआत की है, जो भारत के लिए एक शानदार उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि एपीडा दस्तावेज के सहयोग से मिली यह कामयाबी भारत के डेयरी सेक्टर की बढ़ती ताकत और ग्लोबल स्तर पर मुकाबले की क्षमता को दिखाती है। साथ ही हमारे डेयरी किसानों के लिए नए रास्ते भी खोलती है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने भूटान के लिए 'पुरबी' आइसक्रीम की पहली निर्यात खेप को 28 जुलाई को गुवाहाटी में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नॉर्थ ईस्ट डेयरी एंड फूड्स लिमिटेड (एनईडीएफएल) द्वारा एक्सपोर्ट की जा रही इस निर्यात खेप से भूटान के प्रमुख बाजारों, जैसे थिम्पू, पारो, फुएंटशोलिंग और वांगड्यू में 'पुराबी आइसक्रीम' की सप्लाई की जायेगी। मंत्रालय ने बताया कि इससे पड़ोसी अंतरराष्ट्रीय बाजारों में असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र के डेयरी उत्पादों की मौजूदगी और मजबूत होगी। यह असम के डेयरी सेक्टर और नॉर्थ-ईस्ट रीजन से प्रोसेस्ड फूड के एक्सपोर्ट के लिए एक अहम पड़ाव के तौर पर, असम से भूटान को 'पुराबी आइसक्रीम' की 5,627 लीटर की पहली इंटरनेशनल खेप निर्यात की गई।

# जोरदार तेजी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार



**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में पूरे दिन उत्साह का माहौल बना रहा। इंट्रा-डे में सेंसेक्स लगभग 1,000 अंक उछल गया इसी तरह निफ्टी भी लगभग 300 अंक तक की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। बाजार की इस तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों को आज एक ही दिन में 4.27 लाख करोड़ रुपये का जबरदस्त मुनाफा हो गया। कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद कुछ देर के लिए बिकवाली का दबाव भी बना लेकिन इसके बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया। पूरे दिन के कारोबार में बाजार पर तेजड़िये छाए रहे। हालांकि मंदड़ियों ने कई बार बिकवाली का दबाव बनाने की कोशिश भी की लेकिन खरीदारी के जोश के आगे उनकी कोई भी कोशिश सफल नहीं हो सकी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.16 प्रतिशत और निफ्टी 1.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 675.85 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की मजबूती के साथ 77,423.77 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिससे यह सूचकांक 77,333.24 अंक के स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स की चाल में दोबारा तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से शाम तीन बजे के थोड़ी देर पहले सेंसेक्स 999.57 अंक यानी 1.30 प्रतिशत उछल कर 77,765.49 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में मामूली बिकवाली भी हुई, जिसके कारण सेंसेक्स दिन के ऊपरी स्तर से 110 अंक से अधिक फिसल कर 888.68 अंक की बढ़त के साथ 77,654.60 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 191.30 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की छलांग लगा कर 24,176.65 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद कुछ देर के लिए बिकवाली का दबाव भी बना, जिसकी वजह से यह सूचकांक गिर कर 24,136.75 अंक के स्तर पर आ गया। इसके बाद बाजार पर पूरी तरह से खरीदार हावी हो गए, जिससे निफ्टी की चाल में भी तेजी आ गई।

# सैमसंग ने पेश किये एआई स्मार्ट ग्लासेज, चश्मे से मिलेगा गैलेक्सी इकोसिस्टम का अनुभव




**रांची :** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने लंदन में आयोजित गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में अपने नए एआई-संचालित स्मार्ट ग्लासेज पेश किए। जेंटल मॉन्स्टर और वार्बी पार्कर के सहयोग से विकसित ये इंटेलिजेंट आईवियर गैलेक्सी इकोसिस्टम को स्मार्टफोन से आगे बढ़ाकर रोजमर्रा की जिंदगी, यात्रा और कार्यस्थल तक ले जाने का लक्ष्य रखते हैं। स्मार्ट ग्लासेज हल्के डिजाइन, लगभग नौ घंटे की बैटरी लाइफ और स्नैपड्रैगन एआर1 जेन1 प्लेटफॉर्म से लैस हैं। इनमें इन-बिल्ट कैमरा, टच कंट्रोल, बेहतर कनेक्टिविटी और रियल-टाइम एआई प्रोसेसिंग की सुविधा दी गई है। ये ग्लासेज लंबे संदेशों को सार तैयार करने, लाइव ट्रांसलेशन, नोट्स बनाने, व्हाइटबोर्ड या मीटिंग की जानकारी रिकॉर्ड करने और लोकेशन आधारित नेविगेशन जैसी सुविधाएं प्रदान करेंगे। यूजर आवाज और जेस्चर के माध्यम से बिना हाथों का उपयोग किए इन्हें नियंत्रित कर सकेंगे। इसके अलावा, कॉल के दौरान लाइव विजुअल शेयरिंग और फर्स्ट-पर्सन वीडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। सैमसंग के अनुसार, ये स्मार्ट ग्लासेज यूजर के संदर्भ और जरूरत को समझकर एआई आधारित व्यक्तिगत सहायता प्रदान करेंगे, जिससे अधूरे कार्यों को आसानी से आगे बढ़ाना और दैनिक कामकाज अधिक सहज बन सकेगा।

### प्राइमरी मार्केट में लॉन्च हुआ मणिपाल हॉस्पिटल का आईपीओ

**नयी दिल्ली :** मणिपाल हॉस्पिटल के नाम से देश के कई शहरों में हेल्थकेयर सुविधा देने वाली कंपनी मणिपाल हेल्थ इंटरप्राइजेज का 9,275.22 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 31 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद तीन अगस्त को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि चार अगस्त को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर पांच अगस्त को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 560 रुपये से लेकर 590 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 25 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम एक लॉट यानी 25 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,750 रुपये का निवेश करना होगा।

# संथाल परगना में जियो 182.22 एमबीपीएस औसत डाउनलोड स्पीड के साथ अव्वल

- ट्राई के इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट में देवघर, गोड्डा और दुमका में जियो नेटवर्क खराब सिग्नल और कॉल-साइलेंस के मानक पर सबसे बेहतर
- नेटवर्क ने परीक्षण किये गये नमूनों में से 64.42% पर 100 एमबीपीएस और उससे अधिक की डाउनलोड गति प्रदान की

**रांची :** रिलायंस जियो ने झारखंड के गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट (IDT) में आंका गया सभी ऑपरेटरों के बीच उच्चतम औसत मोबाइल डाउनलोड थ्रूपुट दर्ज किया, जिसमें 182.22 एमबीपीएस की औसत डाउनलोड गति दर्ज की गयी। 16 से 20 जून 2026 के बीच ट्राई के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय की देखरेख में आयोजित इस आईडीटी में देवघर, गोड्डा और दुमका जिलों के कुछ हिस्सों और बिहार एलएसए के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 486.7 किमी का सिटी ड्राइव, 17 हॉटस्पॉट स्थान और 2.1 किमी का वॉक टेस्ट कवर किया गया। परीक्षण में सभी ऑपरेटरों के सिम कार्ड का उपयोग करके 2जी, 3जी, 4जी और 5जी नेटवर्क पर लाइव वॉयस और डेटा सत्रों का आकलन किया गया। सिटी ड्राइव में देवघर, मधुपुर, सारठ, घोरमारा, हंसडीहा, नोनीहाट, गोड्डा, पत्थरगामा और बसंतराय आदि क्षेत्र शामिल थे। हॉटस्पॉट स्थानों में एम्स देवघर, श्री बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर, गोड्डा बस स्टैंड और सदर अस्पताल देवघर शामिल थे, जबकि वॉक टेस्ट में जसीडीह और मधुपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन शामिल थे। डेटा प्रदर्शन पर जियो की औसत डाउनलोड गति 182.22 एमबीपीएस दर्ज की गयी, जबकि घोषित सामान्य थ्रूपुट 15 एमबीपीएस था। जियो ने परीक्षण किए गए नमूनों में से 64.42% पर 100 एमबीपीएस या उससे अधिक की डाउनलोड गति प्रदान की, जो ऑपरेटरों के बीच सबसे अधिक है। कवरेज पर, जियो ने एकत्र किये गये 67,940 नमूनों में से 1,643 खराब-सिग्नल वाले नमूने दर्ज किये, जो ऑपरेटरों में सबसे कम है, और सीमित सेवा (कोई कवरेज नहीं) का कोई नमूना दर्ज नहीं किया गया। वॉयस क्वालिटी पर, जियो ने कॉल-साइलेंस की सबसे कम घटनाएं दर्ज कीं। 486 स्थापित कॉलों में 04 साइलेंस कॉल और 3 सेकंड से अधिक की कुल 04 साइलेंस घटनाएं सामने आयीं। कॉल रिटेंशन पर जियो ने 505 सफल कॉलों के साथ सबसे अधिक सफल कॉल स्थापित कीं, जिसमें 01 कॉल ड्रॉप हुई, जबकि एयरटेल ने 498 स्थापित कॉलों में शून्य कॉल ड्रॉप दर्ज कीं। अपलोड थ्रूपुट पर, जियो की औसत मापी गयी गति 20.51 एमबीपीएस थी, और जियो का डाउनलोड प्रदर्शन परीक्षण में सबसे अधिक दर्ज किया गया।

# स्टेफ्री ने स्टेफ्री सिक्योर एक्सएल किया पेश

**रांची :** पीरियड्स के दौरान लीकेज का डर हर पल महिलाओं को सताता रहता है, जिसके कारण उन्हें बार-बार अपने पैड चेक करने पड़ते हैं। महिलाओं की इस परेशानी को दूर करने के लिए भारत के अग्रणी मैंस्ट्रुअल हाईजीन ब्रांड, स्टेफ्री ने स्टेफ्री सिक्योर एक्सएल पेश किया है। बेहतर स्टेफ्री सिक्योर एक्सएल अपनी डबल लीक टेक्नोलॉजी के साथ 12 घंटे तक डबल प्रोटेक्शन प्रदान करता है। इसका आउटर बैरियर पैड चेंज अलर्ट के रूप में काम करता है, जो पैड्स की श्रेणी में एक नया इनोवेशन है। अपग्रेडेड स्टेफ्री सिक्योर एक्सएल महिलाओं को अपने पीरियड्स को ज्यादा आत्मविश्वास के साथ संभालने में समर्थ बनाता है और पीरियड्स के दौरान उनकी सुविधा बढ़ाता है। स्टेफ्री इंडिया की मार्केटिंग डायरेक्टर, सुप्रिया श्रीनिवास ने कहा, पीरियड्स के दौरान महिलाओं को न केवल शारीरिक परेशानी होती है, बल्कि बार-बार टॉयलेट जाने, पर्याप्त संख्या में पैड लेकर चलने और दूसरे विकल्प तैयार रखने जैसे मानसिक तनाव भी झेलने पड़ते हैं। स्टेफ्री में हम उनकी इस वास्तविक परेशानी को समझते हैं और पीरियड्स के अनुभव को आसान बनाने के लिए निरंतर मेहनत करते हैं। इसीलिए हमने स्टेफ्री सिक्योर एक्सएल पेश किया है। यह महिलाओं की इस मुख्य चिंता को दूर करता है कि उन्हें पैड कब बदलना चाहिए। स्टेफ्री सिक्योर एक्सएल के पैड चेंज अलर्ट फीचर में 12 घंटे तक डबल प्रोटेक्शन देने के लिए ब्रांड की पेटेंटेड लीक लॉक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है, ताकि महिलाएं पैड बदलने की चिंता छोड़कर पूरा दिन अपने काम पर फोकस कर सकें।

### सोनी सब और नीला फिल्म प्रोडक्शन्स ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के साथ 18 वर्षों से खुशियां बांटने का जश्न मनाया



**मुंबई :** भारतीय टेलीविजन का सबसे लंबे समय तक चलने वाला सिटकॉम और देश का सबसे पसंदीदा फैमिली एंटरटेनर तारक मेहता का उल्टा चश्मा गर्व के साथ 18 शानदार साल पूरे कर रहा है, जिसमें उसने लाखों घरों में खुशियां, पॉज़िटिविटी और साथ रहने का संदेश पहुंचाया है। असित कुमार मोदी द्वारा नीला फिल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले क्रिएट और प्रोड्यूस किया गया यह आइकॉनिक शो, सोनी सब पर प्रस्तुत किया गया है। यह शो टेलीविजन से कहीं आगे बढ़कर एक सांस्कृतिक फेनोमेनन बन चुका है, जिसने अपनी टाइमलेस ह्यूमर, रिलेटेबल किरदारों और अर्थपूर्ण स्टोरीटेलिंग के जरिए पीढ़ियों को जोड़ा है। पिछले 18 सालों में तारक मेहता का उल्टा चश्मा लगातार बदलते एंटरटेनमेंट लैंडस्केप में अपनी मूल फिलॉसफी पर कायम रहा है, जिसमें फैमिली वैल्यूज का जश्न मनाना तथा विविधता में एकता और रोजमर्रा की ज़िंदगी में खुशियां ढूंढना शामिल है।

# गेल और आरसीएफ ने महाराष्ट्र में 1.27 एमएमटीपीए क्षमता वाले यूरिया प्लांट के लिए किया समझौता



**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न गेल (इंडिया) लिमिटेड और राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) ने महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में गैस आधारित उर्वरक संयंत्र स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना की नियोजित क्षमता 1.27 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) यूरिया उत्पादन की है। गेल ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि एक विशेष प्रयोजन इकाई (एसपीवी) के जरिए महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में संयुक्त रूप से गैस आधारित उर्वरक परियोजना स्थापित करने के लिए गेल इंडिया लिमिटेड और आरसीएफ ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के अंतर्गत 1.27 मिलियन मीट्रिक टन सालाना (एमएमटीपीए) की नियोजित क्षमता के साथ यूरिया उत्पादन सुविधा को गेल की मुंबई-नागपुर-झारसुगुड़ा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (एमएनजेपीएल) के साथ महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में स्थापित करने की परिकल्पना की गई है। इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर गेल के कार्यकारी निदेशक (व्यापार विकास और स्टार्ट-अप) संजय अग्रवाल और आरसीएफ की कार्यकारी निदेशक (परियोजना, कॉर्पोरेट और समन्वय) ज्योति पाटिल ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक दीपक गुप्ता और आरसीएफ के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एस. शिवकुमार भी उपस्थित थे। इस दौरान दोनों कंपनियों के वरिष्ठ प्रबंधन, गेल के निदेशक (बीडी) आर. के. सिंघल, आरसीएफ के निदेशक (वित्त) नझहत जे. शेख और निदेशक (तकनीकी) और रितु गोस्वामी उपस्थित थे।

गेल (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक दीपक गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा, ℨप्रस्तावित उर्वरक परियोजना प्राकृतिक गैस के उपयोग के जरिए दीर्घकालिक मूल्य सृजित करने और भारत के ऊर्जा सुरक्षा उद्देश्यों में योगदान देने की गेल की रणनीति के अनुरूप है। हम आरसीएफ के साथ साझेदारी करने में प्रसन्ता हो रही है, जो इस क्षेत्र में सिद्ध विशेषज्ञता वाली एक अग्रणी उर्वरक कंपनी है। आरसीएफ के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एस. शिवकुमार ने कहा कि आरसीएफ को महाराष्ट्र में इस महत्वपूर्ण गैस आधारित उर्वरक परियोजना के विकास के लिए गेल के साथ सहयोग करके प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित परियोजना से देश में बढ़ती उर्वरक मांग को पूरा करने, आयात की निर्भरता कम करने और महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान मिलने की उम्मीद है।

## पेज एक के शेष

**पेपर लीक रोकथाम के निमित्त संशोधन विधेयक पारित...**

बल्कि सदन की गरिमा और लोकतांत्रिक परम्पराओं के भी प्रतिकूल हैं।' उन्होंने कहा कि जनवरी 2024 में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम लागू किया गया था। हालांकि हाल की घटनाओं के बाद सरकार ने विशेषज्ञों की सलाह और अनुभव के आधार पर इसे और अधिक प्रभावी बनाने का निर्णय लिया। पहले भी यह अपराध संज्ञेय, गैर-जमानती और गैर-समझौतायोग्य था, लेकिन अब इसके प्रावधान और सख्त किये गये हैं।

उन्होंने बताया कि कदाचार में शामिल व्यक्तियों के लिए सजा तीन से पांच वर्ष के स्थान पर पांच से दस वर्ष कर दी गयी है तथा जुमार्ना बढ़ा कर 50 लाख रुपये तक किया गया है। सेवा प्रदाताओं पर अधिकतम जुर्माना एक करोड़ रुपये से बढ़ा कर पांच करोड़ रुपये कर दिया गया है और उन्हें आठ वर्षों तक परीक्षा संचालन से वंचित किया जा सकेगा। निदेशकों और प्रबंधन से जुड़े दोषियों के लिए भी सजा और जुमार्ने में वृद्धि की गयी है। संगठित अपराध के मामलों में न्यूनतम सजा बढ़ा कर सात वर्ष कर दी गयी है तथा जुमार्ना बढ़ा कर 10 करोड़ रुपये तक करने का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि 2024 में कानून बनने के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। पिछले दो वर्षों में इस कानून के तहत 52 एफआईआर दर्ज की गयी हैं। इनमें 29 मामले अनुचित साधनों की रोकथाम से जुड़े हैं, जबकि 23 मामले भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत दर्ज किये गये हैं।

**लोकसभा में पेश हुआ जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन विधेयक, रिकॉर्ड होंगे डिजिटल...**

वहीं, दो साल से अधिक की देरी होने पर मामला सीधे अदालत जायेगा और प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद ही प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेगा।

इस कानून के तहत अब पूरे देश के जन्म और मृत्यु के रिकॉर्ड को एक केन्द्रीय डिजिटल डेटाबेस से जोड़ा जाएगा। इससे देश के किसी भी हिस्से में होनेवाले जन्म या मृत्यु की जानकारी एक ही जगह ऑनलाइन उपलब्ध होगी। इस डेटाबेस को मतदाता सूची, राशन कार्ड, पासपोर्ट और अन्य राष्ट्रीय पहचान पत्रों से भी जोड़ा जायेगा। कोई नागरिक 18 वर्ष का होगा, उसका नाम स्वतः मतदाता सूची में जुड़ जायेगा। वहीं, किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर सरकारी रिकॉर्ड से उसका नाम आसानी से हटाया जा सकेगा। इससे सरकारी योजनाओं में होने वाली गड़बड़ियों और फर्जी लाभ उठाने की घटनाओं पर रोक लगेगी।

**राहुल गांधी के भाषण पर दो बार हंगामा...**

कुछ छात्राओं के साथ हुई बातचीत का जिक्र करते हुए की। उन्होंने कहा कि यह बातचीत एक दिलचस्प नजरिया देती है। एक युवा लड़की ने उनसे कहा कि विद्यार्थी वह होता है, जिसका मन और दिल खुला हो। उसने कहा कि दुनिया में ऐसे लोग भी होते हैं, जिन्हें लगता है कि वे सब कुछ जानते हैं, वे खुद को भगवान मानते हैं और दूसरों की सच्चाई का सम्मान नहीं करते। जब उन्होंने पूछा कि ऐसे लोगों को वह क्या कहती है, तो लड़की ने जवाब दिया 'मैं उन्हें इडियट कहती हूं।' इस बयान पर सत्ता पक्ष ने जोरदार हंगामा किया और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने इसे असंसदीय बताते हुए कार्यवाही से हटाने की मांग की। स्पीकर ओम बिरला ने यह शब्द सदन की कार्यवाही से हटाने के आदेश दिये।

**कांग्रेस शासनकाल में लगातार संकट में रहा छात्रों का भविष्य : अनुराग...**

इसके बावजूद तत्कालीन शिक्षा मंत्री को कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस छात्रों के हितों की बात करती है, जबकि उसके शासनकाल में युवाओं का भविष्य लगातार संकट में रहा।

**रांची में बनेंगे तीन नये स्मार्ट ग्रिड, विद्युत व्यवस्था होगी और अधिक सुदृढ़ : हेमन्त...**

ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए नयी तकनीक एवं संसाधनों का उपयोग करें। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को ऊर्जा क्षेत्र में आधुनिक एवं नवाचार आधारित तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि झारखंड में उपलब्ध जल संसाधनों, जलाशयों एवं जलप्रपातों की अपार संभावनाओं का वैज्ञानिक एवं तकनीकी आकलन कर जलविद्युत उत्पादन को नयी गति दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से हुंडरू, जोन्हा सहित राज्य के विभिन्न जलप्रपातों एवं जलाशयों की क्षमता का विस्तृत अध्ययन कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों और इंजीनियरिंग समाधानों का उपयोग करते हुए कम जल उपलब्धता में भी अधिकतम बिजली उत्पादन सुनिश्चित किया जाये, ताकि राज्य की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को मजबूत किया जा सके और भविष्य की बढ़ती विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति प्रभावी ढंग से हो सके।

**रांची में तीन नये स्मार्ट ग्रिड स्थापित होंगे**

**रांची,** राज्य में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को आधुनिक एवं सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल के तहत रांची में तीन नये स्मार्ट ग्रिड स्थापित किये जायेंगे। इस सम्बन्ध में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को विस्तृत जानकारी दी। नये स्मार्ट ग्रिड कुसई कॉलोनी, बरियातू और इटकी में स्थापित किये जायेंगे। इसके अलावा कई नये विद्युत उपकेन्द्रों का भी निर्माण किया जायेगा।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि स्मार्ट ग्रिड परियोजना के माध्यम से विद्युत वितरण प्रणाली को अत्याधुनिक तकनीक से लैस किया जायेगा, जिससे बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध और विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही बिजली आपूर्ति की निगरानी, लोड प्रबंधन एवं संभावित तकनीकी बाधाओं के त्वरित समाधान में भी सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि परियोजना के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए तथा कार्यान्वयन में गुणवत्ता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और ऊर्जा क्षेत्र के आधुनिकीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट ग्रिड स्थापित होने से बिजली वितरण नेटवर्क अधिक सक्षम होगा, ऊर्जा हानि में कमी आयेगी तथा उपभोक्ताओं को आधुनिक और बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी। यह परियोजना राज्य की ऊर्जा अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित होगी।

**सभी पात्र उपभोक्ताओं को 200 यूनिट निःशुल्क बिजली का लाभ सुनिश्चित करने के मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि राज्य के सभी पात्र उपभोक्ताओं को 200 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना का लाभ प्रभावी एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पात्र लाभुकों की पहचान, योजना के क्रियान्वयन तथा लाभ वितरण की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाया जाये, ताकि किसी भी पात्र उपभोक्ता को योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निगरानी करने तथा योजना से सम्बन्धित शिकायतों के त्वरित निष्पादन के भी निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निःशुल्क बिजली योजना से राज्य के लाखों परिवारों को आर्थिक राहत मिल रही है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि योजना का लाभ सभी पात्र उपभोक्ताओं तक समय पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को लाभुकों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिये, ताकि अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को योजना की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि पात्र उपभोक्ताओं को योजना का लाभ उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागीय अधिकारियों को सतत निगरानी और समन्वय बनाये रखने के निर्देश दिये।

**सिकिदिरी पावर प्लांट के आधुनिकीकरण एवं उत्पादन क्षमता विस्तार पर विशेष जोर**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने समीक्षा बैठक के दौरान सिकिदिरी जलविद्युत परियोजना की वर्तमान उत्पादन क्षमता, तकनीकी स्थिति एवं भविष्य की संभावनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्लांट में स्थापित पुरानी एवं नयी मशीनों की कार्यक्षमता का तुलनात्मक अध्ययन कर उनकी दक्षता का समग्र आकलन किया जाये, ताकि विद्युत उत्पादन को और अधिक प्रभावी एवं किफायती बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रही आधुनिक तकनीकों का लाभ उठाते हुए सिकिदिरी पावर प्लांट के आधुनिकीकरण की दिशा में ठोस पहल की जानी चाहिए। इससे कम जल उपयोग के साथ अधिकतम बिजली उत्पादन सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्लांट में आधुनिक एवं ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग की सम्भावनाओं का अध्ययन कर विस्तृत तकनीकी रिपोर्ट तैयार की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सिकिदिरी पावर प्लांट की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार की जाये। साथ ही, नवीन तकनीकों एवं बेहतर संसाधन प्रबंधन के माध्यम से उत्पादन लागत को कम करते हुए विद्युत उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित की जाये, ताकि राज्य ऊर्जा क्षेत्र में और अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सके।

**फ्लोटिंग एवं रूफटॉप सोलर परियोजनाओं को गति देने के निर्देश**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने समीक्षा बैठक के दौरान प्रस्तावित फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य में उपलब्ध जलाशयों में फ्लोटिंग सोलर पैनल स्थापित करने तथा सरकारी एवं निजी भवनों की छतों पर रूफटॉप सोलर प्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में प्रभावी कदम उठाये जायें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाओं का बेहतर उपयोग कर राज्य की ऊर्जा क्षमता को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार के लिए दीर्घकालिक एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार की जाये, ताकि स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा परियोजनाओं को प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। इससे न केवल बिजली उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी।

**बंजर भूमि पर सोलर फार्मिंग को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने की तैयारी**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने किसानों की आय में वृद्धि तथा स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बंजर भूमि पर सोलर फार्मिंग को प्रोत्साहित करने की योजना तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य में उपलब्ध अनुपयोगी एवं बंजर भूमि का उपयोग सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए किया जाये, जिससे किसानों को आय का एक अतिरिक्त और स्थायी स्रोत प्राप्त हो सके।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों को सोलर पैनल स्थापित करने के लिए आवश्यक सब्सिडी एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध करायी जाये। साथ ही, किसानों द्वारा उत्पादित सौर ऊर्जा की सरकारी खरीद के लिए प्रभावी एवं पारदर्शी व्यवस्था विकसित की जाये, ताकि उन्हें अपनी ऊर्जा का उचित लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि यह पहल किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ राज्य में नवीकरणीय एवं स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को भी नयी गति देगी। इससे ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य हासिल करने में भी महत्त्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

**आधुनिक ट्रांसमिशन नेटवर्क के विकास एवं ग्रिड परियोजनाओं की बाधाएं दूर करने के निर्देश**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के विद्युत ट्रांसमिशन नेटवर्क को अधिक आधुनिक, सुरक्षित एवं जनहितैषी बनाने पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पारम्परिक चार पोल आधारित संरचनाओं के स्थान पर मोनोपोल जैसी आधुनिक एवं कम स्थान घेरनेवाली तकनीकों को अपनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाये, ताकि ट्रांसमिशन नेटवर्क को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं तकनीकी रूप से उन्नत बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष रूप से शहरी एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों में ऐसी तकनीकों को प्राथमिकता दी जाये, जिनसे कम भूमि का उपयोग हो और आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बिजली पोलों के एलाइनमेंट, नियमित रखरखाव एवं सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम किया जा सके और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था अधिक विश्वसनीय बन सके।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बोकारो, धनबाद एवं हजारीबाग के उपायुक्तों तथा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद कर ट्रांसमिशन लाइन एवं ग्रिड निर्माण परियोजनाओं में आ रही भूमि सम्बन्धी बाधाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि वन स्वीकृति, भूमि हस्तांतरण एवं अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं से जुड़ीं समस्याओं का समन्वय स्थापित कर अगले 10 दिनों के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाये, ताकि सभी ट्रांसमिशन लाइन एवं ग्रिड निर्माण परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया जा सके और राज्य की विद्युत अवसंरचना को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

**एआई आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम एवं स्मार्ट मीटरिंग अभियान को गति देने के निर्देश**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ऊर्जा क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के अधिकतम उपयोग पर बल देते हुए विभागीय अधिकारियों को एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीकों के माध्यम से विद्युत आपूर्ति, शिकायत निवारण, परियोजनाओं की प्रगति तथा सेवा वितरण प्रणाली की निगरानी को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था से विद्युत सम्बन्धी समस्याओं की पहचान एवं समाधान में तेजी आयेगी तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करायी जा सकेंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऊर्जा क्षेत्र में डिजिटल नवाचारों को बढ़ावा देते हुए कार्य प्रणाली को और अधिक आधुनिक बनाया जाये।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राज्य में संचालित स्मार्ट मीटरिंग अभियान की समीक्षा करते हुए इसके क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयसीमा के भीतर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पूरा किया जाये, ताकि विद्युत उपभोग की सटीक निगरानी, ऊर्जा प्रबंधन में सुधार तथा उपभोक्ताओं को बेहतर एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध करायी जा सकें।

**ऊर्जा विभाग की रिक्तियों पर शीघ्र होगी नियुक्ति, प्रथम चरण में 35 प्रतिशत पदों को भरने के निर्देश**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ऊर्जा विभाग एवं उसके अधीनस्थ संस्थानों में रिक्त पदों की समीक्षा करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिय। उन्होंने कहा कि विभाग की कार्यक्षमता को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्याप्त मानव संसाधन किसी भी विभाग की कार्यकुशलता की आधारशिला होता है। इसलिए नियुक्ति प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए योग्य एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये, ताकि ऊर्जा विभाग की सेवाएं राज्य के अंतिम व्यक्ति तक और अधिक प्रभावी रूप से पहुंच सकें।

**अस्पतालों में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वास्थ्य सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य के सभी सरकारी एवं प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में बिजली की उपलब्धता सीधे तौर पर मरीजों के उपचार और जीवन सुरक्षा से जुड़ी हुई है, इसलिए किसी भी परिस्थिति में विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सभी अस्पतालों में दोहरी (ड्यूल) विद्युत लाइन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, ताकि किसी एक लाइन में तकनीकी खराबी आने की स्थिति में दूसरी लाइन के माध्यम से बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रह सके। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाओं, ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, नवजात शिशु देखभाल इकाइयों तथा अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा सुविधाओं के संचालन में बिजली की निरन्तर उपलब्धता अत्यन्त आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अस्पतालों की विद्युत व्यवस्था का नियमित निरीक्षण एवं तकनीकी मूल्यांकन किया जाए तथा आवश्यकतानुसार विद्युत अवसंरचना को और अधिक मजबूत बनाया जाये, ताकि राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को बेहतर एवं निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जा सकें।

**शिकायत निवारण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा विद्युत अवसंरचना को सुदृढ़ करने के निर्देश**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उपभोक्ता हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कहा कि बिजली संबंधी शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी एवं त्वरित होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि हेल्पलाइन, ऑनलाइन शिकायत प्रणाली एवं जन समस्या केन्द्रों को और अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनाया जाए, ताकि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए शिकायतों के त्वरित निष्पादन की मजबूत व्यवस्था विकसित की जाये।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को राज्य की वर्तमान विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, विद्युत उत्पादन, संचरण एवं वितरण प्रणाली, 200 यूनिट मुफ्त बिजली योजना, मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना, जन समस्या केन्द्रों की प्रगति तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इन सभी योजनाओं की समीक्षा करते हुए जनहित से जुड़ीं परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने तथा राज्यवासियों को बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, ऊर्जा विभाग के सचिव के. श्रीनिवासन, ऊर्जा संचरण निगम के एमडी के.के. वर्मा, तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड के एमडी अनिल वर्मा, अपर सचिव मुस्तकीम अंसारी, संयुक्त सचिव अनन्त कुमार, महाप्रबंधक (कार्मिक-सह-सामान्य प्रशासन) झारखंड ऊर्जा विकास निगम शैलेश कुमार सिंह सहित ऊर्जा विभाग एवं सहायक निगमों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। वहीं, क्षेत्रीय कार्यालयों के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता डिजिटल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

**'ऑपरेशन दौरा पहाड़' के तहत हुई 2.20 करोड़ के इनामी सहित पांच नक्सलियों की गिरफ्तारी...**

की बरामदगी से माओवादी संगठन की परिचालन क्षमता को गम्भीर झटका लगा है। डीजीपी तदाशा मिश्रा ने कहा कि 'ऑपरेशन दौरा पहाड़' झारखंड पुलिस के नक्सल विरोधी अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में पुलिस ने योजनाबद्ध रणनीति के तहत माओवादी संगठन के शीर्ष नेतृत्व को लगातार निशाना बनाया है। पहले बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, उसके बाद शीर्ष कमांडर रविंद्र गंझू और अजय महतो उर्फ टाइगर की गिरफ्तारी हुई। एरिया कमेटी सदस्य बबिता उर्फ अनिता किस्कू ने भी आत्मसमर्पण किया और अब मिसिर बेसरा की गिरफ्तारी से संगठन के शीर्ष नेतृत्व को सबसे बड़ा झटका लगा है।

**झारखंड शराब प्रकरण में (एसीबी) की जांच तेज...**

इसमें टेंडर की शर्तें, उनमें किये गये बदलाव, सम्बन्धित अधिकारियों/संस्थाओं की भूमिका और टेंडर में भाग लेने वाली कम्पनियों की प्रक्रिया शामिल है। बैंक गारंटी, भुगतान, राजस्व वसूली और अन्य वित्तीय दायित्वों से जुड़े रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

## एक झलक

### कुवैत ने पाकिस्तान से की रक्षा डील

**कुवैत सिटी :** मीडिल ईस्ट में ईरान से बढ़ते खतरे और क्षेत्रीय अस्थिरता के बीच, कुवैत ने अपनी सुरक्षा मजबूत करने के लिए पाकिस्तान के साथ महत्वपूर्ण रक्षा सहयोग समझौते को आधिकारिक मंजूरी दे दी है। यह कदम तब उठाया गया है जब मिडिल ईस्ट में यह आशंका जोर पकड़ रही है कि अगर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तब ईरान इराक के रास्ते कुवैत में घुसकर अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर कब्जा कर सकता है। कुवैत पर ईरान अतीत में भी कई बड़े और ताकतवर हमले कर चुका है। हालांकि समझौते पर 11 जून 2023 को ही दस्तखत हो गए थे, लेकिन कानूनी प्रक्रियाओं के चलते अब जाकर कुवैत सरकार ने शाही फरमान के जरिए लागू किया है। इस समझौते के तहत, दोनों देश सैन्य प्रशिक्षण, रक्षा शिक्षा, खुफिया जानकारी साझा करने, रसद व्यवस्था और रक्षा प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मिलकर काम करने वाले है।

### ईरान ने चीन से की 400 एयर डिफेंस मिसाइलों की डील

**तेहरान :** अमेरिका और इजरायल के साथ कई महीनों तक चले संघर्षों के बाद अपनी हवाई सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में ईरान ने बड़ा कदम उठाया है। रिपोर्टों के अनुसार, ईरान ने चीन से 300 से 400 मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने के लिए समझौता किया है। इस डील की अनुमानित कीमत 6 से 7 करोड़ डॉलर है, जो ईरान की वायु रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने की उसकी तात्कालिक आवश्यकता को दिखाती है। सूत्रों के हवाले से दी गई जानकारी के अनुसार, समझौते में चीन के क्यूडब्ल्यू-12 और एफएन-16 जैसे कंधे से दागे जाने वाले एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम शामिल हैं। यह सौदा हांगकांग स्थित कंपनी झोंगकिंग बाओशांग अंतर्राष्ट्रीय निवेश के माध्यम से किया गया है, जिसने चीनी आपूर्तिकर्ता और ईरानी पक्ष के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई।

### इराकी प्रधानमंत्री ने टाला सऊदी अरब दौरा

**बगदाद :** इराक के प्रधानमंत्री अली अल-जायदी ने हालिया सुरक्षा परिस्थितियों और क्षेत्रीय तनाव को देखते हुए अपना प्रस्तावित सऊदी अरब दौरा स्थगित कर दिया है। वह गुरुवार को आधिकारिक यात्रा पर सऊदी अरब जाने वाले थे, लेकिन इराकी सरकार ने मौजूदा हालात का हवाला देते हुए दौरा टालने का अनुरोध किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका और सऊदी अरब द्वारा इराक में कथित इराकी मिलिशिया ठिकानों पर किए गए हवाई हमलों के बाद क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया है। पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्स (पीएमएफ) का दावा है कि हमलों में उसके हथियार भंडार और लॉजिस्टिक ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें कम से कम 20 लोगों की मौत हुई और 32 अन्य घायल हुए। घटनाक्रम के बाद इराक में राजनीतिक और सुरक्षा चिंताएं बढ़ गई हैं। पूर्व इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने भी इन हवाई हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इन्हें इराक की संप्रभुता का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय सहयोग की भावना के विपरीत है।

# उल्लास पूर्वक मना गुरु पूर्णिमा पर्व, संतों ने कहा... गुरु ही जीवन का आधार, श्रद्धा से ही मिलती है मुक्ति

एजेंसी

**हरिद्वार :** आषाढ़ पूर्णिमा के पावन अवसर पर देवभूमि हरिद्वार में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। गंगा तट से लेकर प्रमुख अखाड़ों और आश्रमों तक दिनभर धार्मिक आयोजन हुए। हजारों श्रद्धालुओं ने संतों का पूजन कर आशीर्वाद लिया और गुरु दीक्षा ग्रहण की।

जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज के कनखल स्थित हरिहर आश्रम में विशेष सत्संग का आयोजन हुआ। देश विदेश से पधारे अपने अनुयायियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा आत्मविश्लेषण और आत्मशुद्धि का दिन है। गुरु अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला सेतु है। आज का युवा यदि गुरु के बताए मार्ग पर चले तो समाज में संस्कार, अनुशासन और सेवा की भावना स्वतः विकसित होगी।

पतंजलि योगपीठ में योग गुरु स्वामी रामदेव ने हजारों साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा हमें भारतीय संस्कृति और ऋषि परंपरा से जोड़ने का पर्व है। उन्होंने कहा कि योग, आयुर्वेद और स्वदेशी ही भारत को विश्वगुरु बनाएंगे। बाबा रामदेव ने सभी को रोजाना योग-प्राणायाम करने, स्वदेशी अपनाने और नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प दिलाया। इस अवसर आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण के सानिध्य में सामूहिक वैदिक हवन भी हुआ।



**निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर** स्वामी कैलाशानंद गिरी के दक्षिण काली मंदिर स्थित आश्रम मैं भी बड़ी संख्या में भक्तों का समागम हुआ स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति गुरु-शिष्य परंपरा के बल पर ही जीवित है। गुरु ही शिष्य के जीवन को दिशा देता है। मंदिर में सैकड़ों शिष्यों ने पाद्य पूजन कर गुरु दक्षिणा अर्पित की।

**प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम में महामंडलेश्वर** स्वामी रूपेंद्र प्रकाश महाराज के नेतृत्व में ध्यान शिविर लगा। स्वामी रूपेंद्र प्रकाश ने कहा कि तन की शुद्धि के बिना मन की शुद्धि संभव नहीं। साधना और ध्यान से ही साधक गुरु तत्व को आत्मसात कर सकता है।

कनखल स्थित रामेश्वरम आश्रम में भी गुरु पूर्णिमा पर्व पर वैदिक मंत्र गुंजायमान हुए। रामेश्वरम आश्रम के स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला है। श्रद्धा और समर्पण के बिना गुरु कृपा नहीं मिलती।

गरीबदासिय संप्रदायाचार्य स्वामी रवि देव शास्त्री ने कहा कि गुरु पूर्णिमा कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। आश्रम में 108 दीपों का महायज्ञ हुआ और गरीबों को वस्त्र-भोजन वितरित किया गया। गुरु पूर्णिमा पर्व पर हरिद्वार के विभिन्न आश्रमों तथा सभी 13 अखाड़े के प्रांगण में भी हर्ष, उत्साह और भक्ति के साथ गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया।

गुरु पूर्णिमा पर्व पर दूरस्थ स्थानों से हरिद्वार पधारे श्रद्धालुओं ने हर की पैड़ी सहित अन्य घाटों पर पवित्र गंगा में स्नान किया और सायंकाल हरकी पैड़ी पर ब्रह्मकुंड में दीपदान किया। तीर्थ पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सामूहिक गंगा आरती हुई। श्रद्धालुओं ने मां गंगा से विश्व शांति और गुरु कृपा की कामना की। प्रशासन की ओर से भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल, बैरिकेडिंग और सीसीटीवी-ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था की गई थी।

## रक्षा मंत्री ने देश के पहले सैन्य चिकित्सा विभाग का किया वर्चुअल उद्घाटन, कहा

# युद्धक्षेत्र की चुनौतियों से निपटना होगा आसान

- राजनाथ सिंह ने युद्ध की तैयारी बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी आधारित निवारक स्वास्थ्य देखभाल का आह्वान किया

एजेंसी

**लखनऊ :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लखनऊ के कमांड हॉस्पिटल (सेंट्रल कमांड) में देश के पहले समर्पित डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री मेडिसिन का वर्चुअल उद्घाटन किया। सेना की मेडिकल सेवाओं के महानिदेशालय (डीजीएमएस) के तहत स्थापित यह विभाग सैन्य चिकित्सा, शोध, प्रशिक्षण और भविष्य के युद्धक्षेत्रों में चिकित्सा तैयारियों को अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से बनाया गया है। यह विभाग सैनिकों को आधुनिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के साथ सैन्य चिकित्सा के क्षेत्र में शोध और विशेषज्ञता विकसित करने का केंद्र बनेगा। उद्घाटन अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सैनिक दुनिया के सबसे कठिन इलाकों और प्रतिकूल मौसम में तैनात रहते हैं। ऐसे में उनकी जरूरतों के अनुरूप विशेष चिकित्सा प्रोटोकॉल विकसित करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि यह विभाग भविष्य के युद्धों और बदलती सुरक्षा चुनौतियों के अनुरूप देश की चिकित्सा क्षमता को मजबूत करेगा और सैनिकों का मनोबल भी बढ़ाएगा।

उन्होंने कहा कि इस आधुनिक दौर में यह विभाग शोध एवं विकास के प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करेगा और नई तकनीकों से पैदा होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए देश को तैयार करेगा। उन्होंने इसे भविष्य की सुरक्षा जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। रक्षा मंत्री ने उम्मीद जताई कि यह विभाग आर्मी मेडिकल कॉर्प्स के युवा डॉक्टरों के लिए आधुनिक युद्धक्षेत्र चिकित्सा, बैटलफील्ड नर्सिंग और एडवांस ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण केंद्र बनेगा। साथ ही छात्रों को मिलिट्री मेडिसिन में सुपर स्पेशलाइजेशन करने का अवसर मिलेगा, जिससे सैन्य चिकित्सा के क्षेत्र में भारत की वैश्विक पहचान भी मजबूत होगी। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन का समापन करते हुए इस नए सैन्य चिकित्सा विभाग को राष्ट्र की सैन्य मानसिकता में क्रांतिकारी बदलाव का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर इस विभाग को विश्व के सर्वश्रेष्ठ 'युद्धक्षेत्र चिकित्सा अनुसंधान केंद्र में बदलना होगा।



### सीधे तौर पर युद्ध की तैयारी और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी है स्वास्थ्य सेवा

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने कहा कि इलाज से पहले बीमारी की रोकथाम पर ध्यान देना राष्ट्रीय सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने एआई, वियरेबल डिवाइस, प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स और एडवांस डायग्नोस्टिक्स जैसी तकनीकों के उपयोग से सैनिकों के स्वास्थ्य की रियल टाइम निगरानी और संभावित स्वास्थ्य जोखिमों की समय रहते पहचान करने पर जोर दिया। उनके अनुसार बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था सीधे तौर पर सैनिकों की युद्ध क्षमता और देश की सुरक्षा से जुड़ी है। उन्होंने निवारक स्वास्थ्य सेवा की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इसे वास्तविक उपचार से पहले रक्षा की पहली पंक्ति के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने एक ऐसी प्रणाली विकसित करने का आह्वान किया जो रोग निगरानी, टीकाकरण, स्वच्छता, पोषण, शारीरिक फिटनेस, व्यावसायिक स्वास्थ्य और नियमित स्वास्थ्य जांच के माध्यम से प्रारंभिक चरण में ही स्वास्थ्य जोखिम की पहचान कर उसे कम कर सके। उन्होंने कहा कि निवारक स्वास्थ्य सेवा सीधे तौर पर युद्ध की तैयारी और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी है। हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), पहनने योग्य उपकरणों, भविष्यसूचक विश्लेषण और उन्नत निदान जैसी तकनीकों का लाभ उठाकर सैनिकों के स्वास्थ्य की वास्तविक समय में निगरानी और संभावित स्वास्थ्य जोखिमों की शीघ्र पहचान कर सकते हैं।

## औद्योगिक क्षेत्रों में जलनिकासी व स्वच्छता को दें प्राथमिकता : डीसी

श्रीओम शर्मा

**बहादुरगढ़ :** बहादुरगढ़ स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में जलनिकासी, सीवरेज प्रणाली, प्रदूषण नियंत्रण, स्वच्छता एवं पेयजल व्यवस्था को लेकर डीसी वर्षा खांगवाल ने बुधवार को एसडीएम कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों व उद्यमियों की बैठक ली। डीसी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत सेवाएं प्रदान करने के साथ ही कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने दें तथा सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें।

डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में मानसून के दौरान जलनिकासी व्यवस्था सुचारू बनाए रखना सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्र में नालों एवं सीवरेज लाइन की नियमित सफाई कराई जाए तथा जलभराव की संभावित जगहों पर विशेष निगरानी रखी जाए ताकि उद्योगों के संचालन एवं आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने उक्त क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट दुरुस्त रखने के आदेश दिए ताकि रात के समय सड़कों पर अंधेरा न रहे।



डीसी ने प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े मामलों की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा पेयजल आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। डीसी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों एवं मानसून सीजन के लिए की गई तैयारियों की विस्तृत रिपोर्ट उनके कार्यालय में देने के निर्देश दिए।

## आठ इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में आठ नक्सलियों ने बुधवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहयोग से बीजापुर पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार गुप्ता के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में पांच महिला एवं तीन पुरुष कैडर शामिल हैं। इन पर कुल 49 लाख रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार दक्षिण जोनल कमेटी और सरांडा सब जोनल कमेटी से जुड़े डीवीसीएम कैडर के तीन पुरुष नक्सलियों 8-8 लाख के इनामी अश्विन उर्फ लच्छू, रंगा उर्फ सोहन एवं दोबा माड़वी उर्फ राहत शामिल हैं। इनके अलावा कोल्हान एरिया कमेटी की सदस्य 5-5 लाख की इनामी फगनी पोयाम उर्फ रजनी, सूरज मुन्नी चम्पिया उर्फ सुबनी, हिड़मे कड़ती उर्फ रीता, बुधरी कुंजाम उर्फ अनुषा तथा सलमी चम्पिया उर्फ जिलानी शामिल हैं।

## बांकीपुर, दतिया और मांजलपुर उपचुनाव

# कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान आज

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** बिहार की बांकीपुर, मध्य प्रदेश की दतिया और गुजरात की मांजलपुर विधानसभा सीट पर 30 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव आयोग और संबंधित राज्य प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। तीनों राज्यों में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती, अतिरिक्त पुलिस बल, वेबकास्टिंग, सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन, क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) तथा माइक्रो ऑब्जर्वर की व्यवस्था की गई है। तीनों सीटों के लिए मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा, जबकि मतगणना 3 अगस्त को होगी।




तीनों विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव अलग-अलग परिस्थितियों में हो रहे हैं, लेकिन राजनीतिक दृष्टि से सभी सीटें बेहद महत्वपूर्ण हैं। बिहार की बांकीपुर सीट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के विधानसभा सदस्य पद से इस्तीफा देकर राज्यसभा जाने के बाद रिक्त हुई है। मध्य प्रदेश की दतिया सीट कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती की सदस्यता समाप्त होने के कारण खाली हुई, जबकि गुजरात की मांजलपुर सीट भाजपा के वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व मंत्री योगेश पटेल के निधन के बाद रिक्त हुई है।

बिहार की 182-बांकीपुर विधानसभा सीट पर कुल 3,79,616 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें लगभग दो लाख पुरुष, 1,79,533 महिला तथा 23 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। मतदान के लिए 422 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 247 सरकारी और 175 निजी भवनों में स्थापित हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए 29 चलंत मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं।

## अतिक्रमण हटाने के लिए एनएचएआई का अभियान शुरू

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा बहाल करने और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देशभर में अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया है। उच्चतम न्यायालय के निदेशों पर चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य राजमार्गों पर अवैध निर्माण, वाणिज्यिक प्रतिष्ठान और अनधिकृत पहुंच को हटाकर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि एनएचएआई, पीआईयू राजकोट ने हाल ही में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया।

## भारत बाघ संरक्षण में दुनिया में नंबर-1, देश में 3,682 बाघ



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत ने बाघ संरक्षण के क्षेत्र में अपनी वैश्विक नेतृत्व की स्थिति को और मजबूत किया है। देश में अब दुनिया के लगभग 75 प्रतिशत बाघ मौजूद हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत में बाघों की संख्या 3,682 तक पहुंच गई है, जो देश के 58 टाइगर रिजर्व में फैले हुए हैं। यादव ने अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के मौके पर बुधवार को एक्स पोस्ट में कहा कि बाघों की बढ़ती संख्या भारत के जंगलों की बेहतर स्थिति और वन्यजीव संरक्षण के प्रति लगातार किए जा रहे प्रयासों का प्रमाण है। यह उपलब्धि दशार्ती है कि देश में संरक्षण संबंधी नीतियां और पहल प्रभावी रही हैं। उन्होंने कहा कि बाघों और उनके प्राकृतिक आवास की सुरक्षा के लिए उसकी प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहेगी। जंगलों से जुड़े स्थानीय समुदायों की आजीविका को सशक्त बनाने और उनके हितों की रक्षा के लिए भी निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

## ईशा रिखी की पोस्ट से मचा बवाल

एजेंसी

**मुम्बई :** मशहूर सिंगर और रैपर बादशाह अपने सुपरहिट गानों के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। पिछले कुछ महीनों से उनकी शादी चर्चा का विषय बनी हुई है। शादी के महज चार महीने बाद ही उनके रिश्ते को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इसकी वजह ईशा रिखी की हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट बनी है, जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया पर बादशाह और ईशा के रिश्ते में अनबन और तलाक की अटकलें तेज हो गई हैं। ईशा ने अपनी पोस्ट में लिखा,



कुछ लड़ाइयां ऐसी होती हैं जो शरीर पर कोई दिखाई देने वाला घाव नहीं छोड़तीं। लंबे समय तक मैं चुप रही क्योंकि मैं डरी हुई थी। मुझे लगता था कि मेरे पिता के पास इतना प्रभाव, ताकत और संसाधन हैं कि उनके सामने मैं कुछ नहीं कर सकती। मैंने खुद को यह समझा लिया था कि चुप रहना ही मेरे लिए अबसे सुरक्षित रास्ता है। लेकिन मेरी खामोशी कभी भी मेरी सहमति नहीं थी। वह सिर्फ मेरा जीवित रहने का तरीका था। आज मैंने डर के बजाय हिम्मत को चुना है।

# 2014 से जून 2026 तक भारतीय रेल में 5.56 लाख भर्तियां : रेल मंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि वर्ष 2014 से 30 जून 2026 तक भारतीय रेल में 5.56 लाख नियुक्तियां की गयी हैं। इनमें दक्षिण रेलवे में 50,485 नियुक्तियां शामिल हैं। इसके मुकाबले 2004-05 से 2013-14 के दौरान 4.11 लाख भर्तियां हुई थीं। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2024 और 2025 के भर्ती चक्र में लगभग 4.5 करोड़ अभ्यर्थियों ने कम्प्यूटर आधारित परीक्षाओं में भाग लिया। भर्ती परीक्षाएं 150 से अधिक शहरों में 15 भाषाओं में आयोजित की गयीं, जिससे देशभर के अभ्यर्थियों को सुविधा मिली। रेल मंत्रालय ने 2024 से ग्रुप 'सी' पदों के लिए वार्षिक भर्ती कैलेंडर लागू किया है। इसका उद्देश्य अभ्यर्थियों को नियमित अवसर उपलब्ध कराना, परीक्षाओं की निश्चितता बनाए रखना तथा भर्ती, प्रशिक्षण और नियुक्ति प्रक्रिया को तेज करना है। वर्तमान में 1,61,889 गैर-राजपत्रित पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है, जिनमें दक्षिण रेलवे के 11,387 पद भी शामिल हैं।



### 1.61 लाख से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी

**मुख्य बातें**

- वर्ष 2014 से जून 2026 तक भारतीय रेल में 5.56 लाख भर्तियां की गयीं।
- इनमें दक्षिण रेलवे में 50,485 नियुक्तियां शामिल हैं।
- वर्ष 2024 एवं 2025 की भर्ती प्रक्रिया में लगभग 4.5 करोड़ अभ्यर्थियों ने कम्प्यूटर आधारित परीक्षाओं में भाग लिया।
- भर्ती परीक्षाएं 150 से अधिक शहरों में 15 भाषाओं में आयोजित की गयीं।

**भर्ती कैलेंडर के अनुसार**

**2024 :** 92,116 रिक्तियों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गयी।

**2025 :** 51,970 पदों के लिए 9 केन्द्रीयकृत रोजगार अधिसूचनाएं जारी की गयीं।

**2026 :** अब तक 17,803 रिक्तियों के लिए 03 अधिसूचनाएं जारी की जा चुकी हैं।

रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय रेल में रिक्त पदों को परिचालन और तकनीकी आवश्यकताओं के अनुसार लगातार भरा जाता है तथा भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से संचालित की जाती है। वर्तमान में 1,61,889 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है।

### रेल सुरक्षा में बड़ा सुधार, चालू वित्त वर्ष में अब तक केवल दो बड़ी रेल दुर्घटनाएं

**भारतीय** रेलवे ने कहा है कि सुरक्षा उपायों, आधुनिक प्रौद्योगिकी, बेहतर बुनियादी ढांचे और उन्नत रखरखाव व्यवस्था के कारण रेल दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आयी है। वर्ष 2026-27 में जून तक केवल दो गंभीर रेल दुर्घटनाएं दर्ज की गयी हैं, जबकि 2014-15 में इनकी संख्या 135 थी। इसी अवधि में दुर्घटना सूचकांक भी घट कर 0.01 रह गया है। रेलवे ने दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा जैसे व्यस्त रेल मार्गों पर स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 को 2,569 रूट किलोमीटर पर सफलतापूर्वक लागू कर दिया है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि वर्ष 2025-26 में कांसिक्वेंशल रेल दुर्घटनाओं की संख्या घट कर 16 रह गई, जो 2014-15 की तुलना में 88 प्रतिशत कम है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 में जून तक केवल दो ऐसी दुर्घटनाएं हुई हैं। दुर्घटना सूचकांक भी 2014-15 के 0.11 से घटकर 2025-26 में 0.01 रह गया, जो 91 प्रतिशत की कमी दशार्ता है।

उन्होंने बताया कि रेलवे में सुरक्षा सम्बन्धी व्यय लगातार बढ़ाया गया है। वर्ष 2013-14 में यह 39,200 करोड़ रुपये था, जो 2026-27 के बजट में बढ़ कर 1.20 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। रेलवे ने 6,671 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और पूर्ण ट्रैक सर्किटिंग, 10,395 लेवल क्रॉसिंग पर इंटरलॉकिंग, आधुनिक रेल पटरियों, लम्बी रेल पैनलों, अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन, ट्रैक रिकॉर्डिंग प्रणाली तथा अन्य तकनीकों को अपनाकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है।

रेल मंत्री ने कहा कि जनवरी 2019 तक ब्रॉड गेज नेटवर्क से सभी मानव रहित रेलवे फाटकों को समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा एलएचबी कोचों का निर्माण, रेलवे पुलों का नियमित निरीक्षण, अग्नि सुरक्षा प्रणाली, आधुनिक सिग्नलिंग, ट्रैक मशीनों के उपयोग और कर्मचारियों के नियमित प्रशिक्षण जैसे कदम भी सुरक्षा बढ़ाने में सहायक रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कवच भारत में विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है, जो लोको पायलट द्वारा निर्धारित गति सीमा का पालन नहीं करने पर स्वतः ब्रेक लगाकर दुर्घटनाओं की सम्भावना कम करती है। जुलाई 2024 में स्वीकृत कवच संस्करण 4.0 में बेहतर लोकेशन सटीकता, बड़े यार्डों में सिग्नल की अधिक सटीक जानकारी और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली के साथ सीधा समन्वय जैसी नई सुविधाएं जोड़ी गयी हैं।

वैष्णव ने कहा कि इस वर्ष 20 जुलाई तक देश के सबसे व्यस्त रेल मार्ग दिल्ली-मुम्बई और दिल्ली-हावड़ा पर कुल 2,569 रूट किलोमीटर पर कवच 4.0 का सफलतापूर्वक संचालन शुरू हो चुका है। इसके अलावा 21,858 रूट किलोमीटर पर ट्रैक साइड कवच कार्य प्रगति पर है। अब तक 11,253 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई जा चुकी है, 1,668 दूरसंचार टावर स्थापित किये गये हैं, 988 स्टेशन डेटा सेंटर विकसित किये गये हैं तथा 6,153 इंजनों में कवच प्रणाली लगायी जा चुकी है। इसके अलावा 7,327 इंजनों और 1,200 ईएमयू/एमईएमयू रेक में भी कवच लगाने का कार्य जारी है।